हनुमानगढ़ जंक्शन
रविवार 16 जून 2024
ज्येष्ठ शुक्ल दशमी सम्वत् 2081
वर्ष 54 | अंक 162 | ₹ 4.00 | पृष्ठ 12
फोन : 269443, मो. 94140-95543, 99585-95529
Email: dainiktej@gmail.com
आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026

# तेज

संस्थापक स्व. डॉ. तेजनारायण शर्मा
राजस्थान, पंजाब, हरियाणा का लोकप्रिय दैनिक

**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 76,992.77 | +181.88 |
| निफ्टी | 23,465.60 | +66.70 |
| डॉलर | 83.55 | |

**हनुमानगढ़ का तापमान**

न्यूनतम 33° अधिकतम 44°

# गहलोत अपनी कुर्सी बचाने में लगे रहेः 5 साल तक अपनों से लड़ते रहे पूर्व सीएमः चौधरी

## » राजनीति के भेंट चढ़े कृषि कानून बिल

तेज | रिपोर्टर. जयपुर

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा- कांग्रेस सरकार को जल जीवन मिशन के तहत 30 हजार करोड़ रुपए दिए गए थे। ये अन्य राज्यों की तुलना में ज्यादा थे। लेकिन, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत विकास की दिशा में काम करने की जगह 5 साल अपनी कुर्सी बचाने में लगे रहे। चौधरी ने कहा- कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस दिशा में काम शुरू कर दिया है। 100 दिन का रोड मैप तैयार किया गया है। 2024 से लेकर 2029 तक विकास की दृष्टि से स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। दुनिया देखने के लिए आएगी। देश जो 11 नंबर पर था, उसे पांच नंबर पर लाकर खड़ा कर दिया। उन्होंने



दावा किया कि कृषि कानून किसानों के हित में थे लेकिन राजनीति की भेंट चढ़ गए। अजमेर सांसद और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी शनिवार सुबह 9.20 बजे दिल्ली जाते हुए बहरोड़ में रुके। यहां इंडस्ट्रीज एसोसिएशन और लघु भारती के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान वैश्य समाज के पूर्व अध्यक्ष किशनलाल ने केक खिलाकर मंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। मंत्री चौधरी ने मीडिया से बात करते हुए कहा- मैं 2019 से लेकर 2024 तक जल संसाधन समिति का सदस्य था। पूरे देश में जाने का मुझे अवसर मिला। जल शक्ति मंत्रालय का गठन किया। जल जीवन मिशन का अभियान भी चलाया। 31 मार्च 2024 तक राजस्थान के हर घर में नल हो और उसमें शुद्ध जल आए। इसके लिए 30 हजार करोड़ रुपए पूर्ववर्ती गहलोत सरकार को जल जीवन मिशन के लिए दिए। इतना कहीं भी दूसरे स्टेट को नहीं दिया गया था। लेकिन, राज्य के लिए दुर्भाग्य की बात है कि उन्होंने 5 साल कुर्सी बचाने में ध्यान रहा। आपसी झगड़ने में रहे। उन्होंने विकास की ओर कोई ध्यान नहीं दिया।

### कृषि कानून राजनीति की भेंट चढ़ गए

चौधरी ने कहा- विश्व महामारी कोरोना आई थी। हमारे देश के अन्नदान के बलबूते आज 80 करोड़ से ज्यादा जनता को फ्री अनाज दिया जा रहा है। मोदी चाह रहे हैं, उनका विकास हो। इसी को लेकर तीन कृषि बिल लाए गए थे। मैं खुद किसान का बेटा हूं। मेरे शरीर में किसान का रक्त दौड़ रहा है। मैं दावे के साथ कह सकता हूं, तीनों कृषि बिल लाए गए थे। वह किसान के हित में थे, लेकिन दुर्भाग्य था की राजनीति की भेंट चढ़ गए। अब हम किसानों के बीच में जाएंगे। उन्होंने जयपुर से बहरोड़ होते हुए दिल्ली तक जाने वाले नेशनल हाईवे-48 को लेकर विश्वास दिलाया कि जल्द ही यहां सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा काम कराया जाएगा।

### 50 साल तक पानी की व्यवस्था होगी

मंत्री ने कहा- जब हम चुनाव में वोट मांगने गए तो माता और बहनों ने पूछा- पानी की व्यवस्था करोगे या नहीं। अब राजस्थान में बीजेपी की सरकार बन गई है। डबल इंजन की सरकार बन गई है, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं, आने वाले 50 साल तक पीने के पानी की व्यवस्था होगी। इस पर काम चल रहा है। ईआरसीपी... शेष पेज 9 पर

# कलक्टर की चिकित्सकों के साथ बैठकः जिला चिकित्सालय में सुविधाओं के विस्तार पर लम्बी चर्चा



तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

टाउन स्थित महात्मा गांधी स्मृति राजकीय जिला चिकित्सालय में शनिवार को जिला कलेक्टर कानाराम ने चिकित्सकों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी विभागों के चिकित्सकों से विभाग में सुविधाएं बढ़ाने, उपकरण, दवाईयों एवं मैन पॉवर की आवश्यकताओं की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर संवेदनशील है। राज्य सरकार प्रत्येक चिकित्सालय की व्यवस्थाओं पर निगरानी रखे हुए है। ऐसे में चिकित्सक पूरे मनोयोग से मरीजों का उपचार करना सुनिश्चित करें। मरीजों को चिकित्सालयों में परेशानी नहीं आनी चाहिए। समस्याओं का समाधान आपसी समन्वय स्थापित कर करें। जिला कलक्टर ने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। पीएमओ योजना की प्रति सप्ताह समीक्षा बैठक ले। उन्होंने चिकित्सकों से चिकित्सालय के विस्तार और आवश्यकताओं को लेकर सुझाव प्राप्त किए। बैठक में थाईराईड जांच, एमटीसी, साइकेट्रिक, कॉटेज, बर्न वार्ड इत्यादि के पुनः संचालन में नर्सिंगकर्मियों की व्यवस्था पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय में नहरी जलापूर्ति व्यवस्था के लिए पीएचईडी को पत्र लिखा जाए। बैठक में जिला कलेक्टर ने क्रिटिकल केयर ब्लॉक के एकल बिल्डिग में निर्माण करवाने और निर्माण के... शेष पेज 9 पर

# निरीक्षण के दौरान सामने आई पेयजल समस्या

## » नालियों व लेवल सही न होने व सफाई व्यवस्था से भी असंतुष्ट नजर आए वार्डवासी

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

नगरपरिषद आपके द्वार अभियान के द्वितीय चरण के तहत सभापति सुमित रणवां ने शनिवार को टीम के साथ टाउन शहर के वार्ड 44 व 45 का निरीक्षण किया। निरीक्षण की शुरुआत फाटक गोशाला (गो सेवा संस्थान) में सभापति सुमित रणवां, पार्षद प्रतिनिधि मुकेश भार्गव, भैरु ठाकुर ने गोमाता को तिल व गुड़ के लड्डू खिलाकर की। इसके बाद फाटक गोशाला में गो सेवा का कार्य देखा। गोशाला में चल रहे दुर्घटनाग्रस्त, बीमार, अंधे, लंगड़े गोवंश के इलाज व सेवा कार्यों पर संतुष्टि जताई। सभापति सुमित रणवां ने गोवंश के इलाज के लिए और दवाइयों में



आर्थिक सहयोग व मनरेगा के अंतर्गत 5 कर्मियों की नियमित रूप से सेवाएं देने का आश्वासन दिया। इसके बाद किए गए वार्ड निरीक्षण के दौरान सभापति के समक्ष नालियों के लेवल व कच्ची गलियों और प्राइवेट कॉलोनियों में साफ-सफाई न होने की समस्या आई। प्राइवेट कॉलोनियों के वाशिंदों ने पीने के पानी की समस्या से भी सभापति को अवगत करवाया। सभापति सुमित रणवां ने वार्डवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि टाउन में अमृत योजना के तहत हिसारिया अस्पताल के... शेष पेज 9 पर

# एसबीआई की सभी शाखाओं में लॉकर उपलब्धः एजीएम

**तेज रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** भारतीय स्टेट बैंक की सभी शाखाओं में लॉकर उपलब्ध है। यह जानकारी एसबीआई के एजीएम सुनील कुमार एवं मुख्य प्रबंधक नीरव चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि एसबीआई की हनुमानगढ़ जिले की सभी शाखाओं में बैंक ग्राहकों के लिए लॉकर्स उपलब्ध हैं। लॉकर्स चाहने वाले ग्राहक बैंकों की सभी शाखाओं में संपर्क कर लॉकर जारी करवा सकते हैं। एजीएम सुनील कुमार ने बताया कि इसके अतिरिक्त एसबीआई द्वारा एफडी की नई आकर्षक ब्याज दरें अमृत कलश योजना के तहत लागू की गई हैं। ग्राहक एसबीआई में एफडी करवाकर ब्याज दरों का लाभ ले सकते हैं। मुख्य प्रबंधक नीरव चौधरी ने बताया कि एसबीआई द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत मुफ्त बिजली व ऊर्जा का उपहार भी दिया जा रहा है जिसपर केन्द्र सरकार द्वारा सबसिडी दी जा रही है। एसबीआई द्वारा रूफटॉप सॉलर सिस्टम के लिए कम ब्याज दरों पर ऋण दिया जा रहा है। मुख्य प्रबंधक नीरव चौधरी ने नागरिकों से अपील की है कि एसबीआई की इन योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेवें।

# अधिकारी व कर्मचारी संवर्ग के सेवा नियमों के प्रस्तावों को मंजूरी

तेज | रिपोर्टर जयपुर



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने शनिवार को राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (आरएसएसबी) के अधिकारियों और कर्मचारी संवर्ग के सेवा नियमों के प्रस्तावों को मंजूरी दे दी। इससे सुचारू, पारदर्शी और समयबद्ध भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। एक आधिकारिक बयान में मुख्यमंत्री के अधिकारी (सीएमओ) ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार युवाओं को बेहतर रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए सीएम ने आरएसएसबी (राजपत्रित) सेवा नियम, 2024 और आरएसएसबी (मंत्रालयिक एवं अधीनस्थ) सेवा नियम, 2024 तथा राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा (सामान्य पात्रता परीक्षा) नियम, 2022 में आवश्यक संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बयान में आगे कहा गया है कि यह निर्णय बोर्ड के सेवा नियमों को निर्धारित करने का मार्ग प्रशस्त करेगा और आरएसएसबी के कार्मिक संवर्ग की चयन प्रक्रिया को भी आसान बनाएगा। साथ ही एक मजबूत और स्वतंत्र कर्मचारी चयन बोर्ड पारदर्शी और समयबद्ध भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करेगा। गौरतलब है कि आरएसएसबी के गठन के बाद पिछले 10 साल में अधिकारियों और कर्मचारी संवर्ग के लिए सेवा नियम नहीं बनाए गए थे। सीएमओ ने कहा कि इससे पदों की मंजूरी, भर्ती, पदोन्नति, वरिष्ठता और वेतन भत्ते आदि के निर्धारण में देरी हुई। हालांकि, अब प्रक्रिया आसान और पारदर्शी होगी। राजस्थान... शेष पेज 9 पर

# आरएसएस की प्रेरणा से ही करते हैं कामः यादव

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से आए बयान पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि इसे कुछ लोग गलत तरीके से पेश कर रहे हैं। हम संघ की प्रेरणा से ही काम करते हैं। वहीं, केंद्रीय मंत्री बनने के बाद शनिवार को पहली बार भूपेंद्र यादव अलवर पहुंचे। यहां सबसे पहले उन्होंने भर्तृहरि व जगन्नाथ मंदिर में पूजा अर्चना की। मीडियाकर्मियों से रूबरू हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरिस्का को जल्द ही इको सेंसिटिव जोन फाइनल किया जाएगा। साथ ही राज्य के वन मंत्री संजय शर्मा के प्रयास से दिल्ली में दो बार बैठक हो चुकी है। यह बड़ा विषय है। ऐसे में जल्द ही इसे फाइनल कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के समय में वो कई बार इस मुद्दे पर पत्राचार भी किए, लेकिन परिणाम कुछ नहीं निकला। राज्य की पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने 700 दिनों तक सरिस्का के इको सेंसिटिव जोन के मसले को... शेष पेज 9 पर



# यूट्यूब पर लगाम लगाने की तैयारी डिजिटल इंडिया बिल लाएगी एनडीए सरकार

**नई दिल्ली।** 2024 लोकसभा चुनाव जीतकर सत्ता में आई मोदी सरकार आने वाले लोकसभा के सत्र में एआई से बनाए हुए डीपफेक विडियो और फोटोज पर नजर रखने के लिए डिजिटल इंडिया बिल लाने की तैयारी में हैं। जानकारी अनुसार सरकार की तरफ से लाए जाने वाले इस बिल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को और बेहतर तरीकों से उपयोग करने के पर भी ध्यान देने का प्रयास किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार इस बिल का नाम डिजीटल इंडिया होगा। सरकार इस बिल को सदन में पेश करने से पहले सभी पार्टियों के साथ इस पर सहमति बनाने का प्रयास करेगी। अगले लोकसभा चुनाव में डीपफेक के अलावा यूट्यूब, फेसबुक और दूसरे विडीयो प्लेटफार्मों को रेग्यूलेट करने के लिए कानून आ सकता है। लोकसभा का अगला सत्र जो कि 18वी लोकसभा का पहला सत्र होगा 24 जून से शुरू होगा और 3 जुलाई तक चलेगा, फिर उसके बाद 22 जुलाई से मानसून सत्र शुरू होगा जो कि 9 अगस्त तक चालू रहेगा। इस साल की शुरूआत में केंद्रीय राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने भी इस बिल के बारे में संकेत किया था। चंद्रशेखर ने तब कहा था कि हम इस बारे में सोच रहे हैं और इसको नई सरकार द्वारा लागू किया जाएगा। क्योंकि मुझे नहीं लगता कि हम चुनाव के पहले इस बिल को लेकर तैयार हो पाएंगे। यह बिल सदन में पेश करने से पहले हमें कई चीजों को देखना होगा, कई मुद्दों पर सलाह लेनी होगी तब जाकर हम इसे सदन में लाने के लिए तैयार हो पाएंगे।

# टेंपो ट्रैवलर अलकनंदा में गिरा, 14 की मौत

**देहरादून।** उत्तराखंड ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रुद्रप्रयाग के समीप रैंतोली में एक वाहन दुर्घनाग्रस्त होकर 250 मीटर गहरी खाई में अलकनंदा नदी किनारे जा गिरा। इस हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई। 10 की घटनास्थल में ही दम तोड़ दिया था। इसके अलावा दो की मौत जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग और दो की मौत एम्स ऋषिकेश में हुई है। हादसे में घायल 13 लोगों में सात का जिला चिकित्सालय में इलाज चल रहा है। जबकि 5 एम्स में भर्ती हैं। हादसे का कारण वाहन चालक को झपकी आना बताया जा रहा है। साथ ही वाहन में सवार 23 लोगों में अधिकांश भी नींद में थे। शुक्रवार देर रात्रि को नई दिल्ली से अलग-अलग जगह के 23 युवाओं का दल टेंपो-ट्रेवलर में चोपता-तुंगनाथ-चंद्रशिला ट्रेकिंग के लिए रवाना हुआ था।



### दस लोग मौके पर ही मृत मिले

शनिवार को ऋषिकेश-बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर पूर्वाह्न लगभग 11.30 बजे वाहन रुद्रप्रयाग के समीप रैंतोली में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने आरसी पैरापिट तोड़कर सीधे गहरी खाई में अलकनंदा नदी किनारे जा गिरा। हादसे की सूचना पर प्रशाशन, पुलिस, जिला आपदा प्रबंधन, एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंची और रेस्क्यू में जुट गईं। मौके पर 10 लोग मृत मिले। अन्य 16 घायलों को लगभग दो घन्टे में गहरी खाई से सड़क में लाकर जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। घायलों में सात को गंभीर हालत के चलते केदारनाथ यात्रा में संचालित हेलिकॉप्टर से... शेष पेज 9 पर

# इस्तीफे के सवाल पर किरोड़ी ने मुंह पर अंगुली रखी

## » लोकसभा चुनावों की समीक्षा बैठक में नहीं आए

**जयपुर।** कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने इस्तीफे के सवाल पर चुप्पी साध ली है। किरोड़ीलाल मीणा शनिवार को माउंट आबू दौरे पर रहे। इस दौरान उनसे इस्तीफे को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने मुंह पर अंगुली रख ली। लोकसभा चुनावों की बीजेपी प्रदेश मुख्यालय में हुई समीक्षा बैठक में किरोड़ीलाल मीणा शामिल नहीं हुए। मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने लोकसभा चुनावों की आचार संहिता हटने के बाद से ही सरकारी काम से दूरी बना रखी है। वे सचिवालय और कृषि भवन के अपने दफ्तर नहीं जा रहे हैं। साथ ही सरकारी गाड़ी भी छोड़ रखी है। लोकसभा चुनावों की आचार संहिता लगने के कारण सभी मंत्रियों ने सरकारी गाड़ी लौटा दी थी। आचार संहिता हटने के बाद भी किरोड़ीलाल मीणा ने सरकारी गाड़ी नहीं ली है। वे अब भी प्राइवेट गाड़ी से ही चल रहे हैं।

### लोकसभा चुनावों की समीक्षा बैठक से किरोड़ी नदारद

आज टोंक-सवाई माधोपुर सहित 6 सीटों पर... शेष पेज 9 पर

**किराये हेतू खाली**

हनुमानगढ़ जंक्शन के मुख्य चौराहे राजीव चौक पर किराए के लिए भवन उपलब्ध है।
साईज: 50×60 फुट जिसमें 10 कमरे, 2 हॉल एवं 10×25 की एक दुकान
इच्छुक सम्पर्क करें:
9414095085

# डेडिकेटेड तकनीकी टीम की आवश्यकता, मांग के बावजूद नहीं लगाया

## » संगरिया आरयूबी प्रकरणः पालिका ईओ ने न्यायालय में प्रस्तुत किया लिखित प्रतिवेदन

तेज | रिपोर्टर संगरिया

संगरिया के आरयूबी निर्माण के सम्बन्ध में स्थाई लोक अदालत हनुमानगढ़ की ओर से प्रकरण उपभोक्ता संरक्षण समिति बनाम राजस्थान राज्य व अन्य में दिए गए निर्णय 16 जून 2022 की पालना के लिए शनिवार को संगरिया नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी बृजेश की ओर से वरिष्ठ सिविल न्यायालय में लिखित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। ईओ की ओर से न्यायालय में प्रस्तुत लिखित प्रतिवेदन में न्यायालय को अवगत करवाया गया कि न्यायालय के निर्देशानुसार 13 जून को निविदा जारी कर दी गई है। इसमें ऑनलाइन निविदाएं 15 जुलाई तक मांगी गई हैं, जिन्हें 16 जुलाई को खोला जाएगा। अधिशाषी अधिकारी बृजेश ने न्यायालय में प्रस्तुत अपने प्रतिवेदन में आरयूबी के निर्माण में आ रही बाधाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्तमान में रेलवे विभाग से अन्य औपचारिकताएं पूर्ण की जा रही हैं। लेकिन नगरपालिका संगरिया में सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता के पद रिक्त हैं। कनिष्ठ अभियंता के दैनिक कार्यों के निष्पादन के लिए टिब्बी के कनिष्ठ अभियंता गोपाल कृष्ण को संगरिया नगर पालिका संगरिया का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। संगरिया के आरयूबी निर्माण कार्य के लिए तकनीकी अधिकारियों की नियुक्ति के लिए पालिका ने 8 मई 2024 को अधीक्षण अभियन्ता नगर निगम बीकानेर को आरयूबी निर्माण के लिए तकनीकी अधिकारियों की नियुक्ति के लिए निवेदन किया था। इस पर अधीक्षण अभियंता की ओर से 8 मई को आरयूबी निर्माण कार्य के लिए कनिष्ठ अभियंता विनोद पचार, सहायक अभियंता राकेश इंदलिया, अधिशाषी अभियंता अजय शर्मा की डेडिकेटेड तकनीकी टीम लगाने के लिए मुख्य अभियंता स्वायत शासन विभाग जयपुर को अभिशंषा की गई थी। लेकिन आज तक उक्त तकनीकी टीम को आरयूबी निर्माण के लिए नहीं लगाया गया है। नगर पालिका के विधिक सलाहकार ने अधिशाषी अधिकारी की ओर से प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करवाते हुए कहा कि नगरपालिका कार्य को संवेदनशीलता से कर रही है। लेकिन अभी और समय में शिथिलता दिए जाने की आवश्यकता है। न्यायालय वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश विजेन्द्र कुमार के अवकाश पर होने के कारण प्रकरण में सुनवाई नहीं हो सकी। लेकिन समिति के अध्यक्ष संजय आर्य ने कहा कि सरकार की ओर से अधिशाषी अधिकारी की मांग के अनुरूप अभी तक आरयूबी के निर्माण के लिए डेडिकेटेड टीम का नहीं लगाया जाना नगर पालिका एवं स्वायत्त शासन विभाग की आरयूबी निर्माण में संवेदनहीनता को प्रकट करता है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका जान-बूझकर आरयूबी निर्माण में विलम्ब कारित कर रही है। केवल न्यायालय की तारीख से पूर्व न्यायालय के समक्ष सद्भावी होने के लिए एक-दो दिन पूर्व की तारीख में कोई न कोई आदेश ले आती है। साथ में ही निर्माण में बाधा के सम्बन्ध में भी कारण का उल्लेख कर देती है। प्रकरण में सुनवाई के लिए अगली तारीख 20 जून निश्चित की गई है।

भावपूर्ण श्रद्धाजलि



आत्मा अजर अमर और शाश्वत है, यही जीवन है
आपको सूचित करते हुए अत्यधिक दुःख हो रहा है कि हमारी पूजनीय माता जी
श्रीमती विमला रानी
पत्नी स्व० श्री बलदेव राज त्रेहन
दिनांक 11 जून, 2024, मंगलवार को अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर स्वर्गलोक सिधार गई हैं। उनकी आत्मिक शांति के लिए
जिनकी आत्मिक शांति हेतु अंतिम अरदास (रस्म दहाका)
21 जून 2024, शुक्रवार को 12 बजे से 1 बजे तक
अरोड़वंश धर्मशाला, नजदीक (LIC) ऑफिस, रायसिंहनगर में होगा।
शोकाकुल : डॉ. रवि त्रेहन-श्रीमती नीलम त्रेहन (पुत्र-पुत्रवधू), विजय त्रेहन-श्रीमती पूनम त्रेहन (पुत्र-पुत्रवधू), संजीव त्रेहन-श्रीमती दिव्या त्रेहन (पुत्र-पुत्रवधू), हरीश खेर-श्रीमती सुमन खेर (दामाद-पुत्री)



# शराब ठेके पर सोए मजदूर की पत्थर से कुचल कर हत्या

## लाश रेलवे ट्रैक पर फैंकी, पुरानी रंजिश बना कारण, दो के खिलाफ नामजद मामला दर्ज, एक काबू

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी



श्रीगंगानगर जिले में सूरतगढ़ शहर थाना क्षेत्र में सूरतगढ़ पीलीबंगा-फोरलेन मार्ग पर स्थित गांव रामपुरा रंगमहल के समीप एक शराब ठेके के आगे रात को सोए हुए एक गरीब मजदूर की पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी गई। उसकी लाश को हत्यारे ने ठेके से कुछ ही फुट की दूरी पर रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया।सुबह सवेरे सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। कुछ ही देर में पुलिस ने हत्या करने वालों की पहचान कर ली। मृतक सुरेंद्र साहनी (40) के भाई केदार साहनी द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने प्रेम और दीपक नामक रामपुर रंगमहल के निवासी दो युवकों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। इनमें एक को काबू कर लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह सवेरे एक व्यक्ति शराब ठेके के पीछे रेलवे लाइन की तरफ शौच करने के लिए गया। तब उसे सुरेंद्र साहनी की खून से लथपथ लाश दिखाई दी। इस व्यक्ति द्वारा सूचना दिए जाने पर कुछ ही देर में सुरेंद्र के परिवारजन तथा गांव के काफी लोग इकट्ठे हो गए। मौके पर सूरतगढ़ के डीएसपी प्रतीक मील और कार्यवाहक थाना प्रभारी मानकलाल भी पहुंच गए।पुलिस ने लोगों को घटना स्थल से हटाया और गहन निरीक्षण व साक्ष्य जुटाने के लिए श्रीगंगानगर से विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल), एमओबी और डॉग स्क्वायड की टीमों को बुला लिया गया। इन टीमों द्वारा कार्यवाही मुकम्मल करने के पश्चात सुरेंद्र साहनी की लाश को दोपहर बाद सूरतगढ़ के सरकारी अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया गया। कार्यवाहक थाना प्रभारी मानकलाल में बताया कि पोस्टमार्टम करवाने के लिए तीन डॉक्टरों के मेडिकल बोर्ड का गठन करवाया गया है। पोस्टमार्टम की कार्यवाही जारी है। इस बीच एक आरोपी को राउंडअप कर लिया गया है।उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले सुरेंद्र साहनी का गांव में ताश खेलते समय दीपक और प्रेम के साथ झगड़ा हो गया था। तब गांव के लोगों ने बीच में पड़कर मामला शांत कर दिया था। सुरेंद्र साहनी की पत्नी का देहांत हो चुका है। उसके दो बच्चे हैं। वह खेतों में धान की फसल की रोपाई का काम करता था।रात को वह रंगमहल रेलवे स्टेशन अथवा शराब ठेके के पास हो जाया करता था।इन दोनों अत्यधिक गर्मी और उमस का वातावरण है। गरीब सुरेंद्र साहनी इसलिए खुली जगह पर सोता था कि गर्मी व उमस से राहत मिलेगी। कल रात शराब ठेके के बाहर चारपाई पर सोया था। रात्रि 1ः30 बजे तक गांव का एक व्यक्ति उसके साथ बातें कर रहा था। इस व्यक्ति के चले जाने के बाद सुरेंद्र सो गया। कार्यवाहक थाना प्रभारी ने बताया कि रात को शराब ठेके पर कोई कर्मचारी नहीं होता। फिर भी दीपक और प्रेम 1:30 बजे के बाद शराब लेने के इरादे से ठेके पर आए थे। उन्होंने जब सुरेंद्र को वहां सोए हुए देखा तो वहीं पड़े ईंट तथा पत्थर से उसकी हत्या कर दी। उसका चेहरा कुचल दिया।फिर लाश को लगभग 50 फीट दूर शराब ठेके के पीछे रेलवे लाइन पर ले जाकर डाल दिया। लाश को रेलवे लाइन पर इसलिए डाला गया कि किसी रेलगाड़ी या मालगाड़ी की चपेट में आने से यह दुर्घटना में हुई मौत का मामला लगे लेकिन लाश रेलवे ट्रैक पर डालने के बाद और सुबह देखे जाने से पहले यहां से कोई गाड़ी नहीं गुजरी थी। पुलिस ने बताया कि दूसरे आरोपी को भी जल्दी ही पकड़ लिया जाएगा।

# भारतीय किसान संघ नोहर का सम्मेलन सम्पन्न

## राजेन्द्र सिहाग पुनः तहसील अध्यक्ष चुने गये

तेज. रिपोर्टर | नोहर



भारतीय किसान संघ नोहर की तहसील शाखा का सम्मेलन यहां कृषक विश्रामगृह में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में राजेंद्र सिहाग को पुनः भारतीय किसान संघ का तहसील अध्यक्ष चुना गया। इससे पूर्व सम्मेलन की शुरुआत भारत माता और भगवान बलराम के चित्र पर माल्यार्पण कर विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। सम्मेलन में संगठन के जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह सोडा, जिला कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र स्वामी, विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष दिलीप सोनी , प्रंतीया उपाध्यक्ष किशोर सिंह , जिला परिषद सदस्य दीपचंद बैनीवाल, खुईयां अध्यक्ष बेगराज, राजेंद्र सिहाग सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। इस मौके पर संघ के जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह सोडा ने कहा कि भारतीय किसान संघ एक गैर राजनीतिक किसान संगठन है जो कि हमेशा किसानों के हितों के लिये संघर्ष करता रहा है। यह संगठन किसानों का किसानों के लिए और किसान हित में काम करता है। उन्होंने संघ के माध्यम से चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। सम्मेलन में दिलीप सोनी ने कहा कि यह संगठन राष्ट्रहित में काम करने वाला है। इस संगठन का मुख्य लक्ष्य किसान और राष्ट्र को अधिक से अधिक मजबूती प्रदान करना है। इस मौके पर सुरेंद्र स्वामी, किशोर सिंह, बेगराज शर्मा, दीपचंद बैनीवाल और अजय सिंह ने भी भारतीय किसान संघ के उद्देश्यों व रीति-नीति पर प्रकाश डाला। सम्मेलन में महामंत्री पृथ्वी सिंह सहू ने त्रि-वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए उपस्थित किसानों का आभार जताया। सम्मेलन में शेखू सिंह बरवाली, राजेंद्र भांभू रामगढ़, महेंद्र सिंह चारणवासी, दयाराम सहू, शंकर कड़वासरा, दयाराम, नरेश कड़वासरा ने किसानों की समस्याओं की समस्याओं को रखा और संगठन और अधिक मजबूत बनाने पर जौर दिया। सम्मेलन में सर्वसम्मति से राजेंद्र सिहाग को पुनःसंघ का नोहर तहसील अध्यक्ष, पृथ्वी सिंह सहू को महामंत्री और गुगन राम बैनीवाल को उपाध्यक्ष चुना व कार्यकारिणी गठन का अधिकार दिया गया। सम्मेलन में रामगढ़ ह्यव फेफाना उप तहसील की भी कार्यकारिणी का गठन किया गया। रामगढ़ कार्यकारिणी में शेखू सिंह बरवाली को अध्यक्ष, राजेंद्र भांभू रामगढ़ को महामंत्री व फेफाना उप तहसील में पूर्णमल को अध्यक्ष, दयाराम रतनपुरा को महामंत्री चुना गया। मंच संचालन बेगराज शर्मा ने किया। सम्मेलन के बाद अनाज मंडी में किसानों ने किसान एकता जिंदाबाद के नारों के साथ रैली भी निकाली। संगठन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष महामंत्री और उपाध्यक्षों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर संगठन के नवनियुक्त अध्यक्ष राजेंद्र सिहाग ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सोंपी गई है, उसका सभी को साथ लेकर पूर्व की भांति निष्ठा के साथ निर्वहन किया जाएगा। किसानों के समस्याओं के निराकरण के लिये वे सदैव तत्पर रहेगें। सम्मेलन में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया।

# अबोहर से श्रीगंगानगर में हैरोइन की सप्लाई करने आए गिरोह का एक सदस्य काबू, महिला सहित दो फरार

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी



श्रीगंगानगर में सदर थाना क्षेत्र में हिंदुमलकोट मार्ग पर चक 3-वाई के पास कल देर रात को एक कार में सवार होकर पंजाब के निकटवर्ती अबोहर शहर से आए हैरोइन तस्करों को पुलिस ने दबोचने का प्रयास किया। इस दौरान एक युवक पकड़ा गया जबकि एक महिला सहित दो तस्कर कार से फरार होने में कामयाब हो गए। पुलिस मुताबिक मौके पर पकड़ा गया व्यक्ति कुलविंदरसिंह मजहबी सिख (40) अबोहर शहर में पुलिस थाना प्रथम अंतर्गत पंजपीर मौहल्ले का निवासी है। उसके कब्जे से 28 ग्राम हैरोइन बरामद हुई। पूछताछ करने पर भागने वाले तस्कर की पहचान अबोहर में ही गांधी पेट्रोल पंप के पास रहने वाले बलविंदरसिंह उर्फ सोनू पोपली के रूप में हुई है। महिला की अभी पहचान नहीं हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सदर थाना में सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार की टीम को कल देर रात चक 3-वाई के समीप निर्माणाधीन भारतमाला प्रोजेक्ट मार्ग एक कार में महिला सहित तीन व्यक्तियों के संदिग्ध अवस्था में होने का पता चला। सब इंस्पेक्टर सुनील टीम सहित मौके पर पहुंचे तो एक पुरुष और एक महिला कार के पास बाहर खड़े थे जबकि एक अन्य व्यक्ति कुछ दूरी पर एक खेत के पास खड़ा था। पुलिस ने जैसे ही घेरा डाला,कार के पास खड़ा व्यक्ति और महिला तुरंत ही कार में बैठकर फरार हो गए जबकि खेत के पास खड़े व्यक्ति ने भी कार की तरफ दौड़ लगाई। पुलिस लगभग 500 मीटर पीछा कर उसे पकड़ लिया जो की कुलविंदरसिंह था। तलाशी लेने पर उसकी जेब में प्लास्टिक की थैली में 28 ग्राम हैरोइन मिली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इन तीनों व्यक्तियों के पास कुल 105 ग्राम हैरोइन थी, जिसे वे श्रीगंगानगर में किसी को सप्लाई करने आए थे। पुलिस का घेरा पडने देखकर कुलविंदरसिंह ने बाकी हैरोइन भागते हुए खेतों में बिखेर दी, जिसे ढूंढा नहीं जा सका। उसके पास बची 28 ग्राम हैरोइन मिली। पूछताछ करने पर कुलविंदरसिंह ने बताया कि वह और सोनू पोपली मिलकर हैरोइन बेचते हैं। दोनों आपस में मुनाफा बांट लेते हैं।सोनू को ही पता है कि वह हैरोइन कहां से लेकर आता है। उसके साथ महिला कौन थी उसे वह नहीं जानता। इस मामले की आगे जांच जवाहरनगर थाना में सब इंस्पेक्टर नरेश कुमार को दी गई है।

# आग लगने से रिटायर्ड बैंक मैनेजर और पत्नी की मौत

**जयपुर।** एसी में शॉर्ट सर्किट से लगी आग में दम घुटने से रिटायर्ड बैंक मैनेजर और उनकी इंटीरियर डिजाइनर पत्नी की मौत हो गई। घटना शनिवार शाम जयपुर के जवाहर नगर इलाके में राम गली नंबर 7 की है। एसएचओ जवाहर नगर दौलतराम ने बताया की हादसे में प्रवीण वर्मा (65) और उनकी पत्नी रेणु (60) की मौत हो गई। शाम करीब 4:40 बजे पति-पत्नी कमरे में सो रहे थे। मकान के एसी शॉर्ट सर्किट के चलते अचानक आग लग गई। खिड़की और दरवाजे बंद होने के कारण आग के धुएं से दम घुट गया। बुजुर्ग पति-पत्नी बेहोश होकर बेड से नीचे गिर पड़े। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पड़ोसियों की मदद से करीब 10 मिनट की मशक्कत कर आग पर काबू पाया। फायर मेन महेश सिरोहिया ने बताया- पुलिस कंट्रोल रूम की सूचना पर घाटगेट फायर स्टेशन से दमकल मौके पर पहुंची। ड्राइवर लेखराज मीना और कर्मी रामकिशोर मीना के साथ रेस्क्यू किया गया। मकान के अंदर धुआं भरा हुआ था। गेट को धक्का देकर अंदर घुसे। धुएं के कारण ज्यादा दिखाई नहीं दे रहा था। वेंटिलेशन के लिए कांच तोड़ा गया। इसके बाद घर में सर्च किया गया। महेश सिरोहिया ने बताया की घर के अंदर एक कमरे में जमीन पर कुछ टकराया। देखा तो महिला के होने का पता चला। तुरंत बाहर लाया गया। दोबारा सर्च करने पर उसी जगह पर एक बुजुर्ग पड़े मिले। उन्हें भी मकान के बाहर उठाकर लाया गया। पुलिस दोनों को एसएमएस हॉस्पिटल ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बेटा विदेश गया हुआ है एसीपी (आदर्श नगर) लक्ष्मी सुथार ने बताया- प्रवीण वर्मा रिटायर्ड बैंक मैनेजर थे। उनकी पत्नी रेनू घर के बाहर एक शॉप में इंटीरियर डिजाइनर का ऑफिस चलाती थी। इकलौता बेटा हर्षित डॉक्टर है और थाइलैंड गया हुआ है। हादसे के वक्त ऑफिस में रखे दोनों वर्कर चेतराम और मुकेश साइट पर गए थे।

# बीकानेर में मिला महिला का सिर कटा शव, शव की पहचान नहीं हुई

**बीकानेर।** महिला की सिर कटी लाश मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची तो मालूम चला कि हत्या करने वाले ने महिला के हाथ भी काट डाले हैं। शव 2 से 3 दिन पुराना बताया जा रहा है। मामला बीकानेर के जयनारायण व्यास कॉलोनी थाने इलाके का शाम साढ़े 5 बजे का है। घटना स्थल पर एसपी तेजस्वनी गौतम पहुंच गई है, जबकि एफएसएल की टीम ने भी छानबीन शुरू कर दी है। महिला की अब तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। पवनपुरी से आगे अंडरब्रिज से एक रास्ता कोटड़ा गांव की ओर जाता है। अंडरब्रिज से आगे इसी मार्ग पर सड़क किनारे महिला का शव क्षति विक्षत अवस्था में मिला है। बिना धड़ के इस शव की शिनाख्त करना अब एसपी तेजस्वनी ने बताया- शाम साढ़े 5 बजे राहगीरों से सूचना मिली थी कि पवनपुरी साउथ एक्सटेंशन से आगे अंडरब्रिज अंडरब्रिज से एक रास्ता कोटड़ा गांव जाता है। यहीं पास में कचरे के ढेर में महिला का शव पड़ा मिला है। जिसके सिर नहीं है। शव से दुर्गंध आ रही थी, ऐसे में यह शव 2 से 3 दिन पुराना है। महिला की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। शव के हाथ भी काट दिए गए हैं। मौके पर एफएसएल की टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं। महिला के पास ऐसा कोई सुराग नहीं मिला है, जिससे उसकी पहचान हो सके। पुलिस आसपास के लोगों से पड़ताल कर रही है। एडिशनल एसपी दीपक कुमार भी मौके पर पहुंचे।

# दोस्त का जन्मदिन मनाने गए युवक की डिग्गी में डूबने से मौत

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

अपने दोस्त का जन्मदिन मनाने दो-तीन दोस्तों के साथ हिंदुमलकोट थाना क्षेत्र में सीमावर्ती गांव शिवपुर फतूही में अपने दोस्त के खेत में गए एक युवक की डिग्गी में डूबने से मृत्यु हो गई। घटना की जांच कर रहे हिंदूमलकोट थाना में हवलदार रणवीर ने बताया कि मृतक युवक की पहचान साहिल (19) पुत्र विजयसिंह निवासी मटोरिया वाली ढाणी जिला हनुमानगढ़ के रूप में हुई है।साहिल श्रीगंगानगर में रहकर एक कोचिंग सेंटर में पढ़ाई कर रहा था। परसों गुरुवार को उसके एक दोस्त का जन्मदिन था। साहिल और उसके दोस्त श्रीगंगानगर में ही उसका जन्मदिन मना रहे थे। इनका एक दोस्त शिवपुरी फतूही ही में रहता है। उसने साहिल सहित उक्त सभी दोस्तों को शाम को अपने खेत में बुला लिया। खेत में पानी की विशालकाय डिग्गी बनी हुई है। एक दोस्त डिग्गी में नहाने लगा।साहिल डिग्गी के किनारे खड़ा था।अचानक संतुलन बिगड़ने से वह डिग्गी में गिर गया और डूब गया। पुलिस के मुताबिक घटना की सूचना उसी समय ही मिल गई थी,लेकिन रात होने के कारण साहिल को ढूंढा नहीं निकाला जा सका।कल शुक्रवार को जहां गोताखोर बुलाए गए वहीं डिग्गी से पानी भी निकलना शुरू किया गया। गोताखोरों ने डिग्गी के तल में मिट्टी में फंसे साहिल के शव को ढूंढ लिया। इसी बीच मटोरियोंवाली ढाणी से साहिल के परिवारजन भी मौके पर पहुंच गए।लाश मिल जाने पर साहिल के चाचा मांगीलाल द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर मर्ग दर्ज की गई। पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार जनों के सुपुर्द कर दी गई।

## स्पीड में चल रही ऑटो अचानक पलटी तो युवक के सिर में चोट, मौके पर ही मौत

**बीकानेर।** बीकानेर के हुसंगसर गांव के पास ऑटो पलटने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक नगासर गांव का है, जो ऑटो में कहीं जा रहा था लेकिन बीच रास्ते में हादसा हो गया। मृतक के शव को अब पीबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है, जहां पोस्टमार्टम होगा। बीछवाल थाना क्षेत्र में आने वाले हुसंगसर गांव में शनिवार दोपहर केशर सिंह पुत्र भंवर सिंह उम्र 37 वर्ष ऑटो में जा रहा था। रास्ते में ऑटो पलट गया। केशरसिंह उछलकर नीचे आ गिरा। जहां उसके सिर में गंभीर चोट लगी। तड़फड़ाते हुए उसने वहीं पर दम तोड़ दिया। घटना स्थल पर पहुंचे लोगों ने बीछवाल पुलिस को फोन किया। पुलिस ने शव को वहां से पीबीएम अस्पताल मोर्चरी पहुंचाया गया। जहां शव का अब पोस्टमार्टम होगा। केशर सिंह के परिजनों को पुलिस ने सूचना दे दी है। जिसके बाद परिजन भी पीबीएम अस्पताल पहुंच गए। मृतक के शव को खिदमतगार खादिम सोसायटी के सदस्यों ने पीबीएम अस्पताल की मोर्चरी पहुंचाया। सोसायटी के सोयेब भाई, असहाय सेवा संस्थान के मो जुनैद ख़ान, राजकुमार खड़गावत ने शव को पहुंचाने में सहयोग दिया।

## राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 30 को

**हनुमानगढ़।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान अब 23 जून की बजाए 30 जून को आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी द्वारा जारी निर्देशों के तहत राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान राजस्थान में रविवार 30 जून को आयोजित किया जाएगा। इसके बाद 1 व 2 जुलाई को स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा घर-घर जाकर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि इस संबंध में ब्लॉक स्तर पर दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं एवं स्वास्थ्यकर्मियों को ट्रेनिंग भी दी जा रही है।

## नशा तस्कर ने खुद ही अपना कब्जा हटाया



तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

नशीले पदार्थों के एक आदतन तस्कर ने खुद ही अपना कब्जा आज हटा लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जवाहरनगर थाना क्षेत्र में पंजाब सीमा से लगते गांव साधुवाली के वार्ड नंबर चार निवासी हंसराज जाट पर नशीले पदार्थों को अवैध रूप से रखने के चार प्रकरणों सहित कुल 6 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस द्वारा इन दोनों ऐसे आदतन तस्करों द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा कर बनाए मकान और दुकान आदि को हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में हंसराज जाट को भी आशंका हुई कि पुलिस गांव साधुवाली में उसके द्वारा दुकान के आगे की सार्वजनिक जमीन पर बनाए छोटे से चबूतरे को भी हटा सकती है। लिहाजा उसने आज खुद ही जेसीबी मशीन से यह चबूतरा तुड़वा दिया और अपना बड़ा नुकसान होने से बचा लिया। अगर पुलिस कार्यवाही करती तो चबूतरे को तोड़ने के साथ उसकी दुकान और मकान को भी नुकसान पहुंच सकता था। हंसराज द्वारा अपना कब्जा खुद हटा लेने को जिला पुलिस द्वारा ऑपरेशन सीमा संकल्प की एक उपलब्धि बताया जा रहा है। यह पहला मामला है जब किसी आदतन तस्कर ने खुद अपना कब्जा हटाया हो।

## सेतिया कॉलोनी से लापता बुजुर्ग की लाश नहर में मिली

**श्रीगंगानगर।** स्थानीय क्षेत्र कॉलोनी से 2 दिन पूर्व लापता हुए एक बुजुर्ग व्यक्ति की लाश गजसिंहपुर थाना क्षेत्र में गंग कैनाल की बीबी नहर में एक मोघे में अटकी हुई मिली है। गजसिंहपुर पुलिस के मुताबिक लाश पानी के साथ तैरते हुए कल शुक्रवार को चक 38 बीबी के मोघे में अटक गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने लाश को बाहर निकलवाया। कुछ ही देर में मृतक की पहचान सेतिया कॉलोनी निवासी चरणदास फुटेला (70) के रूप में हुई।उसके बेटे मोहित द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर मर्ग दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि चरणदास श्रीगंगानगर में आजाद सिनेमा के पास रेहडी लगाया करता था। वह परसों गुरुवार को सुबह रोजाना की तरह घर से रेहडी लगाने गया था। उसने रेहडी लगाई भी।वह सुबह करीब 9 बजे पड़ोस के दुकानदारों को दवा लेने जाने का कहकर गया था।फिर वापस नहीं आया। तब से परिवार वाले उसकी तलाश कर रहे थे। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार जनों के सुपुर्द कर दी। पुलिस ने चरणदास द्वारा खुदकुशी करने की संभावना से इनकार नहीं किया है।

## कीटनाशक दवा का सेवन करने से युवक की मौत

**श्रीगंगानगर।** जवाहरनगर थाना क्षेत्र में एक युवक की कीटनाशक दवा का सेवन करने से मृत्यु हो गई।पुलिस ने बताया कि चक 3-एलएनपी गणेशेवाला निवासी सुनील (32) ने कल शुक्रवार को जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सुनील ने विगत 5 जून को कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया था।जैसे ही घर वालों को इसका पता चला उसे तुरंत एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। मामले की जांच कर रहे सब इंस्पेक्टर नरेश ने बताया कि प्राइवेट हॉस्पिटल में सात-आठ दिन तक सुनील का इलाज चला। उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। फिर उसे दो-तीन दिन पहले जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जिसकी कल मृत्यु हो गई। उसके भाई रविदत्त द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज की गई है। सुनील अविवाहित था। पुलिस ने उसके द्वारा खुदकुशी करने की संभावना से इनकार नहीं किया है। सब इंस्पेक्टर नरेश ने कहा कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# 15 दिन में करणी-जी नहर तीसरी बार टूटी

## किसानों ने चलती नहर में कटाव को बांधा

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी



जैतसर के पास गंग कैनाल की करणी-जी नहर बीती रात फिर टूट गई। यह नहर बीते 15 दिनों के दौरान तीसरी बार टूटी है। इस बार किसानों ने नहर को बांधने के लिए पीछे हैड से पानी को बंद नहीं करवाया। चलते पानी में ही मिट्टी के थैलों से टूटे हुए किनारे को बांधा जा रहा है। यह इसलिए किया गया ताकि इन दिनों किसानों को पानी की बहुत आवश्यकता है। अगर हैड से पानी बंद करके नहर को ठीक किया जाता तो इससे किसानों को अगले दो-तीन दिन तक फिर पानी नहीं मिलना था। जानकारी के अनुसार कल रात लगभग 2 बजे करणी-जी नहर में बुर्जी संख्या 82 के समीप लगभग 20 फुट का कटाव आ गया। रात एक बजे जल उपयोक्ता संगम अध्यक्ष महंगासिंह नहर का निरीक्षण करके गए थे। तब तक नहर में पूरी क्षमता के अनुसार 330 क्यूसेक पानी चल रहा था। कहीं लग नहीं की नहर टूटने वाली है। हासिल जानकारी के अनुसार लगभग 3 बजे एक किसान जोकि खेत में पानी लग रहा था, उसे महसूस हुआ की नहर में पानी लेवल नीचे हो रहा है। उसने आगे जाकर देखा तो चक 12 जीबी के निकट बुर्जी संख्या 82 पर कटाव आया हुआ है। टूटे हुए किनारे से पानी नहर और सड़क के बीच खड्डा में जा रहा था।इस किसान द्वारा नहर के अध्यक्ष तथा जल उपयोक्ता संगमों के अध्यक्षों को सूचना दी गई। आसपास के किसान भी नहर को ठीक करने के लिए इकट्ठा होने लगे।सुबह दिन होने पर लगभग 250 किसान नहर को ठीक करने में लग गए।किसान नेता गुरप्रीतसिंह पड्डा ने बताया कि नहर टूटने की सूचना जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता को दी गई। उन्होंने मौके पर आने से मना कर दिया। इसकी बजाय दो कनिष्ठ अभियंता भंवरलाल तथा हिमांशु बिना किसी संसाधनों के और मजदूरों के मौके पर पहुंचे।इससे पहले ही खुद किसानों ने निर्णय किया कि इस बार हैड से पानी बंद करवा कर नहर के टूटे हुए किनारे को नहींक्षबांधा जाएगा, बल्कि चलते पानी में ही मिट्टी के बोरे लगाकर कटाव ठीक किया जाएगा। यह निर्णय होने पर अन्य में 5-6 डंफर मिट्टी डालने के लिए और दो जेसीबी लोडर मशीन मंगवाई गई। लगभग 250 किसान एक साथ नहर ठीक करने में जुट गए। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष मंहगासिंह,कुलविंद्रसिंह और गुरप्रीत सिंह थिंद ने जेसीबी और डंफर से काम शुरू किया।मौके पर करणी जी नहर के अध्यक्ष कुलविंद्र हेयर काफी किसानो को लेकर पहुंचे। देखते ही देख 250 के करीब किसान पहुंच गये ।जब किसानों को पता चला कि हैड से पानी बंद करने पर उनकी पानी की चौथी बारी खाली जाएगी तो उन्होंने फैसला लिया कि अगर पंजाब का किसान दरिया बांध सकते हैं तो फिर हम क्यों नहीं इस नहर को बांध सकते हैं। सभी किसान थैलों में मिट्टी भर कर नहर को बांधने लग गए। उन्होंने नहर को बचा लिया।मौके पर चक 56 जीबी गुरुद्वारा ,चक 23 जीबी गुरुद्वारा और सिंहसभा गुरुद्वारा श्रीविजयनगर द्वारा लंगर की सेवा की गई। मौके पर ग्रामीण मजदूर किसान समिति (जीकेएस) अध्यक्ष जसवीरसिंह आदि किसान नेता भी पहुंचे। देर शाम तक नहर को ठीक करने का काम जारी था। करणी-जी नहर बीते 15 दिनों में तीसरी बार और बीते दो महीना के दौरान सातवीं बार टूटी है। कल रात को तो यह नहर वहां टूटी जहां पर इसका किनारा बहुत मजबूत माना जाता था। पिछले हफ्ते गुरुवार-शुक्रवार की रात को बुर्जी संख्या 72-73 के बीच कटाव आया था। इस बार शुक्रवार-शनिवार की रात को बुर्जी संख्या 82 के पास कटाव हो गया। किसान नेता गुरप्रीतसिंह ने बताया कि यह पूरी नहर ही खस्ता हालत में है। डाबला हैड से नहर का नव निर्माण करवाए जाने की आवश्यकता है। इसकी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट(डीपीआर)जल संसाधन विभाग द्वारा बनाई जा चुकी है। इसके लिए बजट अभी मंजूर नहीं हुआ।

## नहर में मिली लाश, हाथ और कंधे पर टैटू

**श्रीगंगानगर।** पदमपुर थाना क्षेत्र में एक अज्ञात युवक की लाश नहर में बरामद हुई है। जांच कर रहे हवलदार संजीव गौतम ने बताया कि लगभग 35 वर्षीय अज्ञात युवक की लाश कल शुक्रवार को चक 8 एनएन में नहर की टेल पर अटकी हुई मिली। गांव के एक व्यक्ति ओंकारसिंह द्वारा दी गई सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।लाश को बाहर निकल गया तो उसके शरीर पर कोई कपड़ा नहीं था। उसके एक हाथ पर मौली बंधी हुई थी जबकि दूसरे हाथ पर हिंदी में जय माता दी गुदा हुआ है। उसके एक कंधे पर सांप का टैटू भी बना हुआ है। लाश 5 से 6 दिन पुरानी है। उन्होंने बताया कि यह लाश मिलने की सूचना पंजाब के साथ लगते जिलों की पुलिस को भी दी गई है। मृतक युवक पंजाब का निवासी होने की संभावना है। लाश को सरकारी अस्पताल के मुर्दाघर में सुरक्षित रखवाया हुआ है।

# स्कॉर्पियो गाड़ी व कागजात बरामद, दोनों आरोपी भेजे जेल

**- बलात्कार के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर दो लाख रुपए ऐंठने व स्कॉर्पियो गाड़ी अपने नाम करवाने का मामला**

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

बलात्कार के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर दो लाख रुपए ऐंठने व स्कॉर्पियो गाड़ी अपने नाम करवाने के मामले में गिरफ्तार दोनों आरोपियों को जंक्शन थाना पुलिस ने रिमांड अवधि समाप्त होने पर शनिवार को न्यायालय में पेश किया। मजिस्ट्रेट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी राजेश कुमार उर्फ पिन्टू (37) पुत्र सुनील जांदू निवासी वार्ड 7, धींगतानिया तहसील सादुलशहर, जिला श्रीगंगानगर व गुरसेवक सिंह उर्फ सेवक (52) पुत्र बख्तौर सिंह जटसिख निवासी गली नम्बर 12, वरियाम नगर, अबोहर जिला फाजिल्का पंजाब हाल नई आबादी, बड़ी पौड़ी, गली नम्बर 14, खेत्रपाल मंदिर के नजदीक, अबोहर, पंजाब को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भिजवा दिया। जांच अधिकारी एएसआई कृष्णलाल बिश्नोई ने बताया कि हनीट्रैप मामले में आरोपी राजेश उर्फ पिन्टू की निशानदेही पर स्कॉर्पियो गाड़ी, स्टाम्प व गाड़ी की आरसी, परिवादी का ड्राइविंग लाइसेंस आदि की बरामदगी की गई है। प्रकरण के मास्टरमाइंड प्रेम बलिहारा निवासी सतीपुरा की गिरफ्तारी के प्रयास चल रहे हैं। प्रेम बलिहारा की ओर से गिरफ्तारी से बचने के लिए अग्रिम जमानत लगाई गई है। इस कारण न्यायालय में रिपोर्ट भेजी गई है। प्रेम बलिहारा की ओर से पूर्व में भी इस तरह के कई कृत्य किए गए हैं। आरोपियों की एक गैंग बनी हुई है जो आपराधिक षड्यंत्र रचकर लोगों को हनीट्रैप में फंसाकर रुपए ऐंठने का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि रुपयों आदि की बरामदगी गिरोह के सरगना प्रेम बलिहारा से की जानी है। वह गिरफ्तारी के भय से छिपा हुआ है। वहीं इस प्रकरण में गिरफ्तार सुमित्रा उर्फ सपना (40) पत्नी मंगतराम शेखावत निवासी वार्ड 20, सादुलशहर जिला श्रीगंगानगर, कोमल अरोड़ा (30) पत्नी मनिन्द्र कौर निवासी गली नम्बर 2, वार्ड 7, वरियाम नगर, तहसील अबोहर जिला फाजिल्का पंजाब हाल किराएदार गुरविन्द्र सिंह का मकान, गांधी पेट्रोल पम्प के पास, गली नम्बर 7, गुरुकृपा अबोहर, पंजाब व गुरमीत कौर उर्फ नीलम (45) पत्नी अवतार सिंह जटसिख निवासी पांच पीर नगर, 132 केवी बिजली घर के पीछे, अबोहर सिटी नम्बर 1, जिला फाजिल्का पंजाब को पूर्व में ही न्यायिक अभिरक्षा में जेल भिजवाया जा चुका है। उन्होंने बताया कि इस गैंग के खिलाफ शुक्रवार को एक और मुकदमा दर्ज हुआ है। उसमें भी इन आरोपियों में से कुछ को प्रोडक्शन वारंट पर हासिल कर गिरफ्तार किया जाएगा।

## यह था मामला

गौरतलब है कि 10 जून को मांगीलाल पुत्र रामधन जाट निवासी चक 11 एसएसडब्लू, ग्राम पंचायत 2 केएसपी, टिब्बी ने मुकदमा दर्ज करवाया था कि 7 जून को कोमल नाम की महिला ने फोन कर प्लाट/मकान बेचने को कहा। अगले दिन 8 जून को कोमल ने पुनः फोन कर हनुमानगढ़ जंक्शन बुलाया। वह महिला उसके साथ स्कॉर्पियो गाड़ी में बैठकर डीटीओ कार्यालय के पीछे बनी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में ले गई। जहां पर गुरसेवक व नीलम नाम की महिला को बुला लिया। तीनों फ्लैट में ले गए। कोमल ने हल्ला मचाना शुरू कर दिया और अपने जानकार राजेश जांदू तथा प्रेम बलिहारा निवासी सतीपुरा को बुला लिया। सभी ने बलात्कार के झूठे मुकदमे में फंसाने के नाम पर 10 लाख रुपयों की मांग की। जबरदस्ती स्कॉर्पियो गाड़ी अपने नाम लिखवा ली व 2 लाख रुपए ले लिए।

# निजी लोगों द्वारा वाल्व से छेड़छाड़ कर सप्लाई बाधित करने की शिकायत पर पहुंचा विभाग

तेज | रिपोर्टर चारणवासी



गांव की पाइप लाइनों में लगे वाल्व निजी लोगों द्वारा बदलकर पानी सप्लाई को बाधित करने की शिकायत पर शनिवार को जेईएन राकेश कुमार वर्मा, साधूराम गोदारा सहित पंचायत प्रतिनिधि विकास सहारण ने पहुंचकर वार्ता की। लोगों ने कहा कि एक साथ दो - दो लाइनों में पानी चलाने के कारण घरों में आपूर्ति नहीं हो रही। अगर एक लाइन में एक घंटा पूरा पानी दिया जाए तो भी घरों में पर्याप्त पानी पहुंचेगा। गांव में पर्याप्त भंडारण के बावजूद रोटेशन सही न होने से किल्लत आई हुई है। ग्रामीणों ने पानी की किल्लत की राजस्थान संपर्क पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज करवा रखी है। ऑपरेटर कालूराम सोलडा ने जेईएन व ग्रामीणों के बीच बताया कि प्रबुद्ध नागरिक उनके साथ पानी मिलने के बाद भी झगड़ा करते हैं। इसलिए विभाग उन पर कार्रवाई करें। जेईएन ने समस्या सुन पंप ऑपरेटर को सिर्फ एक - एक लाइन में सप्लाई देने की बात कहीं। जेईएन ने वार्ता में सख्ती से कहा कि आगे कोई निजी आदमी सप्लाई के वाल्व से छेड़छाड़ करेगा तो विभाग सख्ती से निपटेगा। अधिकारियों ने बताया कि लाइट कट लगने से छः की बजाय पांच घंटा ही मिल रही है वहीं वोल्टेज 250-270 आने के कारण मोटरें पूरा पानी नहीं निकाल पा रही है। जेईएन ने कहा कि ग्रामीण 24 घंटा थ्री फेस बिजली व्यवस्था के लिए प्रयास करे ताकि समस्या न आए। रात्रि को मनमर्जी से वाल्व बदलने वाले के नाम चिन्हित कर लिखे गए जो उच्चाधिकारियों को भेजें जाएंगे। वहीं विभाग द्वारा गांव में बिना फाइल चल रहे अवैध कनेक्शनों की सूची बनाई जा रही है। अगर एक घर में बिना फाइल कनेक्शन मिला तो काटकर विभागीय कार्रवाई होगी। इस अवसर पर टीसी मेंबर्स कृष्ण सिहाग, बुधराम वर्मा, राजा राम सिहाग, मांगीलाल भांभु, गोविन्द खोथ, जयचंद खाती, हंसराज कुहाड़ सहित ग्रामीण मौजूद थे।

# महेश नवमी पर लगाया भण्डारा

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



महिला महेश्वरी मंडल हनुमानगढ़ टाउन द्वारा शनिवार को महेश नवमी के अवसर पर श्री अरोड़वंश शिव मंदिर में नमकीन चावल व चना मसाला का भंडारा लगाया गया। माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्ष विमल करवा ने बताया कि महिला माहेश्वरी मण्डल द्वारा प्रत्येक वर्ष महेश जयंती पर सामाजिक कार्य करवाये जाते है। उन्होने बताया कि शनिवार को सुबह विधिवत भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना के साथ धार्मिक कार्यक्रमों की शुरूवात की गई। इसके पश्चात भगवान भोलेनाथ को प्रसाद का भोग लगाकर, विशाल भण्डारा लगाया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। उन्होने बताया कि महेश जयंती प्रतिवर्ष ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की नवमी को महेश नवमी को मनाई जाती है। महेश नवमी को माहेश्वरी समाज में माहेश्वरी वंशोत्पती दिन के रूप में मानते हैं और इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के धार्मिक एव सास्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया जाता है तथा शिवजी के भक्त इस दिन महेश वंदना का गायन करते हैं, इसी के साथ ही शिव मंदिरों में भगवान महेश जी की महाआरती का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर विमला करवां, मिनल जाजू, सुमन सोनी, कान्ता सारड़ा, अन्जना भटड़, चेतना चाण्डक आदि ने भन्डारे में सेवा दी।

# छोटे-छोटे नैनिहालों ने कस्बे में लगाई छबील, पिलाया ठंडा मीठा शर्बत



तेज | रिपोर्टर पीलीबंगा

विद्यार्थी जीवन के साथ-साथ सामाजिक सरोकार में संकल्पित छोटे-छोटे नैनिहालो ने शनिवार को कस्बे में छबील लगाई। सूरज सोनी ने बताया कि मुख्य मार्ग खरलिया रोड पर छोटे-छोटे बच्चों की टीम ने ठंडा मीठा जल, शर्बत व जलजीरा पिलाकर क्षेत्र में अमन खुशहाली एवम बारिश की मंगल कामना की। इस मौके पर लक्षिता इंसा, सक्षम इंसा, दीपांशु रमानी, यश रमानी, लविश कुमार, कृष्णा, गुरुसेन, दक्ष सोनी, दक्ष मित्तल, नमन बंसल, सारथी मित्तल, आयुष्मान,जतिन यादव, करण बलाना सहित दर्जनों छोटे नन्हे मुन्ने बच्चे मौजूद रहे।

# जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले की निंदा, फूंका पुतला

तेज | रिपोर्टर टिब्बी



क्षेत्र के बशीर गांव की श्री कृष्ण गौशाला की बैठक शनिवार को गौशाला अध्यक्ष सहदेव खद्दा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमलों की निंदा की गई और आतंकवाद का पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन किया गया। खद्दा ने कहा कि जम्मू कश्मीर मे आतंकवादियों द्वारा तीर्थ यात्रिओ पर हमला निदनीय है । भारत सरकार से आतंकवादी तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर आंतकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। इस अवसर पर विकास बिश्ननोइ, लाल चन्द खद्दा, सुभाष सुथार, सितु खद्दा, विकास कलेरा, शिशपाल ज्याणी आदि मौजूद रहे।

# महेश नवमी पर निकाली प्रभात फेरी, किया पौधारोपण

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



महेश नवमी के मौके पर शनिवार को जंक्शन के माहेश्वरी समाज की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रातः प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी दुर्गा मंदिर धर्मशाला से शुरू हुई जो शहर की गली-गली में भजनों का गुणगान करते हुई निकली। प्रभात फेरी दुर्गा कॉलोनी, श्याम सिंह कॉलोनी सहित अन्य मोहल्लों से होती हुई पुनः दुर्गा मंदिर धर्मशाला पहुंचकर सम्पन्न हुई। इसके पश्चात माहेश्वरी भवन में भगवान भोलेनाथ का रूद्राभिषेक किया गया। पंडित पवन खंडेलवाल के सानिध्य में मुख्य यजमान नारायण चंद राठी, शिवभगवान ढूढाणी, राधेश्याम लखोटिया, जुगल राठी, कमल सोमाणी, सुशील बिनाणी, श्रीरत्न बिहाणी, संतीश चितलांगिया, सत्यनारायण करवा, प्रदीप मोहता, वल्लभ राठी ने विधिवत पूजा-अर्चना की। पूजा-अर्चना के पश्चात गोशाला में गोमाता के लिए सवामणी तैयार की गई। इसके बाद माहेश्वरी भवन में पौधारोपण किया गया।

# टाईम्स पब्लिक स्कूल ने फादर्स डे मनाया

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

टाईम्स पब्लिक स्कूल हनुमानगढ़ मे फादर्स डे मनाया गया जिसमे विद्यार्थियों को विभिन्न माध्यमो के द्वारा पितृ सम्मान से सम्बधित वक्तओ ने अपने अपने विचार रखे ।विद्यार्थियों को एक वेबिनार के माध्यम से सम्बोंधित कर अपने अपने पिता को सम्मान करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। चेयरमेन डॉ. सागरमल्ल लड्ढा ने पिता की तुलना आकाश से करते हुऐ पिता के दायित्वो और कर्तव्यो पर प्रकाश डाला। डायरेक्ट्रर गोपाल लड्ढा ने पिता के ऋण चुकाने हेतु सर्वथा प्रयासरत रहने की बात कही तथा परिवार में पिता का साया बना रहना सोभाग्य का प्रतीक बताया कार्यक्रम में रेणु ग्रोवर गुरमीत कौर ललित मोहन आदि मौजूद थे।

# सरपंच सुनील क्रांति ने पर्यटन एवं संस्कृति कैबिनेट मंत्री से की मुलाकात

**- लौंगवाला को टूरिस्ट विलेज बनवाने की कवायद हुई शुरू, सरपंच क्रांति ने बनाई रणनीति**

तेज | रिपोर्टर पीलीबंगा

पंचायत समिति की ग्राम पंचायत लौंगवाला सरपंच सुनील क्रांति ने पर्यटन एवं संस्कृति कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से मुलाकात कर क्षेत्र के विकास पर चर्चा की। इससे पहले उन्होंने केबिनेट मंत्री (पर्यटन एवं संस्कृति बनने पर उन्हें बधाई दी।पूर्ववर्ती जल शक्ति मंत्री होने के दौरान ग्राम पंचायत लोंगवाला में जल जीवन मिशन के तहत 3 करोड़ रुपए स्वीकृत करने पर उनका आभार जताया। इस मौके पर उन्होंने ग्राम पंचायत के नवाचारों की विस्तृत जानकारी देकर सरकार की 'टुरिस्ट विलेज' योजना के तहत ग्राम पंचायत लोंगवाला को टूरिस्ट विलेज घोषित करने की मांग की एवं जानकारी देते हुए बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा जम्मू कश्मीर से 100 सदस्यीय 25 टीमें लोंगवाला भ्रमण कर चुकी हैं। इसके अलावा उन्होंने पीलीबंगा क्षेत्र के ऐतिहासिक धरोहर कालीबंगा एवं बड़ोपल को भी टूरिस्ट योजना के शामिल करने की मांग की। उनको अवगत करवाया की देश-विदेश से बड़ोपल झील में आने वाले पक्षियों के साथ कैमल सफारी वगैरह से टुरिज्म प्रारम्भ हो सकता हैं एवं कालीबंगा सिंधु घाटी सभ्यता का प्रमुख स्थल हैं, इसलिए अन्य कुछ प्रमुख स्थलो को मिलाकर यहां पर टूरिस्ट हब बन सकता हैं,यहां पर्यटन विकसित होने से क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में सहयोग मिलेगा, मंत्री शेखावत ने ज्ञापन को तुरंत मंत्रालय को भेज सकारात्मक कार्यवाही का भरोसा दिलाया।

# विभिन्न मुद्दों पर तीखे संघर्ष के संकल्प से हुआ शिक्षक संघ का महासमिति अधिवेशन

**- सर्वसम्मति से सत्र 2024 -2026 के लिए नवीन राज्य कार्यकारिणी का हुआ निर्वाचन**



तेज | रिपोर्टर. पीलीबंगा

राजस्थान शिक्षक संघ प्रांतीय महासमिति अधिवेशन का समापन बगड़(झुंझनू) में हुआ।संघ के जिलाध्यक्ष मनोहर लाल बंसल (पीलीबंगा) व जिला मंत्री राम निवास ने बताया कि दूसरे दिन के अधिवेशन में राज्य महामंत्री उपेंद्र शर्मा ने कहा कि सार्वजनिक शिक्षा की हिफाजत करने, पर्यावरण संरक्षण और शैक्षिक मुद्दों पर तीखे संघर्ष में सभी को संकल्पित होने की आवश्यकता है।वही मौजूदा समय में समाज की प्रगति में वैज्ञानिक दृष्टिकोण,शिक्षा व शिक्षकों के अधिकार व गरिमा की रक्षा में एकजुट होना जरूरी है। अधिवेशन में शिक्षा नीति 2020 की प्रतिगामी कदमों को वापस लेते हुए रद्द करने, राजस्थान में पुरानी पेंशन योजना लागू रखने, पहली कक्षा में प्रवेश आयु 6 वर्ष की जगह 5 वर्ष रखने, जून में सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को वेतन वृद्धि का लाभ देने, शिक्षकों को समस्त प्रकार के गैर शैक्षिक कार्यो से मुक्त रखने सहित शिक्षकों की लंबित मांगों का मांग पत्र के प्रस्ताव लिए गए। महासमिति अधिवेश में राजस्थान राज्य नवीन कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से निर्वाचन हुआ, जिसमें प्रदेशाध्यक्ष महावीर सिहाग, महामंत्री उपेंद्र शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष फेलीराम मीणा उपाध्यक्ष देवेंद्र झाझडिया, हेमंत कुमार खराड़ी, भंवरलाल काला, अशोक लोदवाल, रामस्वरूप चौधरी, भंवरलाल कसवा, पवन छींपा, सुनीता सिहाग, सभा अध्यक्ष याकूब खान, उपसभाध्यक्ष रेवंत राम गोदारा, रतन सिंह पुनिया, सुमन भानुका, प्रदेश मंत्री श्रवण पुरोहित, विजय सिंह गौड़, कोषाध्यक्ष राधेश्याम यादव व सदस्य गोपीचंद खीचड़, किशन लाल सऊ, खिंवाराम ख्यालिया, रतनलाल पांडिया, विनोद कुमार कंसवा, दिलीप भादू, शंकर गोदारा, सुरेंद्र टोकसिया, छोटू लाल राईका, मुन्नालाल उपाध्याय, हनुमान माली, बलराम मेघवाल, खुमानाराम सारण, राम प्रकाश ताड़ी, लीलाराम भगोरा, महावीर मीणा, बाबूलाल बलवानी, रोहिताश सेन, मनीराम, नरेंद्र झांझरिया, नरेंद्र कुमार सोनी ,पवन शर्मा, दानसिह बिरडा,श्रवण थालौड, जगदीश बाजिया, नंदकिशोर जाखड, रामकिशोर मीना, देवी सिंह, नीलम सिंह, अनिल परमार, ताराचंद सैनी, हरि सिंह मंगावा ,राजेंद्र कुमार सैनी आदि चुने गए एवं संघर्ष समिति संयोजक पोखरमल व संयुक्त मंत्री शुभकरण नैन, शिवजी राम ताखर मनोनीत किए गए। अंत में शपथ लेकर इंकलाब जिंदाबाद हमारी एकता जिंदाबाद नारे के साथ सम्मेलन संपन्न हुआ।

## दर्शनशास्त्र विषय की स्वीकृति देने के लिए लिखा पत्र

तेज रिपोर्टर. हनुमानगढ़। विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के विधायक प्रत्याशी रहे अमित सहू ने राजकीय कन्या महाविद्यालय में पीजी क्लास के लिए दर्शनशास्त्र विषय की स्वीकृति अतिशीघ्र देने के संबंध में उप मुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा को पत्र लिखा है। इसके साथ ही सहू ने मंत्री डॉ. बैरवा से दूरभाष पर चर्चा कर छात्राओं के हितों में अतिशीघ्र दर्शन शास्त्र विषय की स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने सकारात्मक आश्वासन दिया।

# ब्रह्मा कुमारीज आश्रम द्वारा नशा मुक्त समाज अभियान प्रारंभ, नशा मुक्ति की दिलाई प्रतिज्ञा

तेज | रिपोर्टर पीलीबंगा

ब्रह्मा कुमारीज आश्रम द्वारा नशा मुक्त समाज अभियान प्रारंभ किया है। कस्बे के सद्भावना भवन संचालिका रानी दीदी ने बताया कि संस्था द्वारा 12 से 26 जून तक विशेष नशा मुक्ति पखवाड़ा अभियान में नशे से होने वाले दुष्प्रभाव बताते हुए आमजन के सहयोग से ऐसे व्यक्तियों को नशा त्यागने के लिए प्रेरित कर उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने और अपने परिवार के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताते हुए एक समृद्ध व स्वस्थ समाज निर्माण में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। शनिवार को भी संस्था ने सेंटर्स पर प्रदर्शनी लगाई एवम चलचित्र के माध्यम से नशे से होने वाले बिखराव को बताया। मौजूद प्रतिभागियों को जीवन पर्यंत नशा नहीं करने की नैतिक प्रतिज्ञा भी दिलाई गई।इसके अलावा संस्थान से जुड़े हुए प्रत्येक कार्यकर्ता को प्रत्येक ग्रामीण व शहरी इलाके में जाकर नशा मुक्त भारत अभियान की सेवा करने का दायित्व सौंपा गया।संस्थान की ज्योति बहन ने बताया कि आगामी 26 जून को कस्बे में इंटरनेशनल डे अगेंस्ट ड्रग्स एब्यूज के रूप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम समापन पर योग में मेडिटेशन भी कराया गया इसके अलावा संस्थान द्वारा इस रविवार से 21 जून योग दिवस तक रोजाना योग क्लासेज भी प्रारंभ की गई है।

# सोशल स्टॉक एक्सचेंज के सामाजिक प्रभाव के प्रचार-प्रसार की आवश्यकता

**- नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इण्डिया ने सोशल स्टॉक एक्सचेंज पर आयोजित किया कार्यक्रम**

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़




नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इण्डिया की ओर से सोशल स्टॉक एक्सचेंज के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए भारत मंडपम, नई दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, सेबी और एनएसई के प्रतिनिधियों, सामाजिक उद्यमों, प्रभावी निवेशकों और विभिन्न गैर लाभकारी संगठनों ने भागीदारी की। इस कार्यक्रम में भारत के उपभोक्ता संगठनों की शीर्ष संस्था कंज्यूमर कॉर्डिनेशन काउंसिल नई दिल्ली की ओर से उसकी सदस्य संस्था उपभोक्ता संरक्षण समिति संगरिया के कार्यकारिणी सदस्य सुरेन्द्र बांठिया ने सहभागिता की। उन्होंने कंज्यूमर कॉर्डिनेशन काउंसिल (सीसीसी) की ओर से कहा कि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इण्डिया को सोशल स्टॉक एक्सचेंज की अवधारणा को आमजन के बीच प्रचारित एवं प्रसारित करने की आवश्यकता है। इसके साथ-साथ आम जन को सोशल स्टॉक एक्सचेंज के उद्देश्य, उसके सामाजिक प्रभाव तथा उसकी सफलता की कहानियों को भी भारत के प्रत्येक क्षेत्र में ले जाने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोशल स्टॉक एक्सचेंज सलाहकार समिति के अध्यक्ष डॉ. आर बालासुब्रमण्यम ने कहा कि समावेशी विकास और वित्तिय समावेशन को बढ़ाने के लिए सोशल स्टॉक एक्सचेंज की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह संगठन सम्भावित दानदाताओं और प्रभावी निवेशकों से जोड़ने और सामाजिक प्रभाव को विस्तारित करते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, महिला सशक्तिकरण और पर्यावरणीय जैसे विषयों पर अपनी अहम भूमिका अदा कर रहा है। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के सलाहकार तरुण कपूर, सेबी के पूर्णकालिक सदस्य कमलेश चन्द्र, वेदमणि तिवारी, मुख्य व्यवसाय विकास अधिकारी भारत सरकार श्रीराम कृष्णन, भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी संयुक्त सचिव नवीनकरणीय ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार अजय यादव, लीना कुमार, वित्त मंत्रालय भारत सरकार ने सोशल स्टॉक एक्सचेंज के उद्देश्यों को व्याखित करते हुए कहा कि एनएसई के एमडी और सीईओ आशीष चौहान ने वित्तिय वर्ष 2019 के लिए बजट भाषण के दौरान भारत के वित्त मंत्री की ओर से सोशल स्टॉक एक्सचेंज की अवधारणा को प्रस्तुत किया गया था। सेबी के मार्गदर्शन में एनएसई ने सोशल स्टॉक एक्सचेंज के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए भारत में कई कार्यक्रमों की शुरूआत की। इसका मुख्य लक्ष्य हितधारकों को शिक्षित करना, उनसे जुड़ना, इस अभिनव मंच के लिए अधिक सहयोग को बढ़ावा देना है। इस मंच का उद्देश्य सामाजिक उद्यमों को सशक्त बनाना और सामाजिक प्रभाव के लिए साझेदारी को मजबूत करना, सामाजिक प्रभाव को बढ़ावा देना, सोशल स्टॉक एक्सचेंज के माध्यम से परिणाम आधारित सामाजिक लाभ पहुंचाना है।



## आम आदमी पार्टी नैतिकता विहीन, देश की जनता ने पूरी तरह नकारा, दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष ने कहा- आप नेताओं का कोई नैतिक मूल्य नहीं

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी एक नैतिकता विहीन पार्टी है जिसके नेता संदीप पाठक और संजय सिंह से लेकर गोपाल राय और सुश्री आतिशी तक कोई नैतिक मूल्य नहीं रखते। दिल्ली, हरियाणा, गुजरात, गोवा और पंजाब इन सभी राज्यों में हाल ही हुए लोकसभा चुनावों में देश के मतदाताओं ने उन्हें पूरी तरह से खारिज कर दिया है। यह बात दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कही। सचदेवा ने कहा है कि आप नेताओं को समझना चाहिए कि दिल्ली और पंजाब के लोग, जहां उनकी पूर्ण सरकारें हैं, लोकसभा चुनावों में आप को खारिज कर चुके हैं क्योंकि वे उनकी भ्रष्टाचार कथाओं से तंग आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि आप को पूरी तरह से खारिज करने के बाद देशवासियों ने उम्मीद की थी कि आप नेता विकास कार्यों पर ध्यान देंगे, लेकिन यह चौंकाने वाला है कि वे आज भी पीएम नरेंद्र मोदी की आलोचना की पुरानी गंदी राजनीति करने में लगे हैं, पीएम मोदी आज न केवल भारत में बल्कि दुनिया में सबसे बड़े राजनेता हैं, लेकिन यह आश्चर्यजनक है कि आप नेता खुद को लोकतंत्र के लिए शहीद दिखाने की कोशिश कर रहे हैं।

## हज शुरु, लाखों की संख्या में मक्का पहुंचे हज यात्री

नई दिल्ली। सऊदी अरब के मक्का में स्थित हज, इस्लाम धर्म का तीर्थ स्थल है। यहां हर साल लाखों लोग हर करने सऊदी अरब के मक्का पहुंचते हैं। हज यात्रा के लिए हजयात्रियों का आना शुरू हो चुका है। हज का इस्लाम में बहुत बड़ा महत्व है। इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक अल-हिज्जा, जो कैलेंडर का 12वां यानी आखिरी महीना होता है, जिसके दूसरे हफ्ते में हज यात्रा शुरु होती है। यह यात्रा ईद-अल-अजहा के तीन दिन बाद तक चलती है। चांद दिखने के बाद से ही पवित्र हज यात्रा का शुरु हो जाती है हज यात्रा, इस्लाम के पांच मुख्य स्तंभों में से एक है। इस्लामी मान्यताओं के मुताबिक, हज यात्रा अल्लाह (भगवान) के लिए अपना समर्पण दिखाने का एक तरीका है। हज का अरबी भाषा में मतलब होता है जियारत करना। ऐसा माना जाता है कि शारीरिक और आर्थिक रूप से मजबूत हर मुसलमान को अपने जीवन में एक बार हज जरूर करना चाहिए। अल्लाह के पैगंबर मुहम्मद साहब ने भी हज किया था, जिसे हज्जतुल-विदा के नाम से जाना जाता है। इसलिए हज खुद को अल्लाह से जोड़ने का एक बेहतरीन तरीका है। इस दौरान यात्रा की पवित्रता को बनाए रखने के लिए कई तरह के नियमों का ध्यान भी रखा जाता है।

## नार्को-आतंकवादी नेटवर्क चलाने के आरोप में 03 लोग गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लेते हुए नार्को-आतंकवादी नेटवर्क का भंडाफोड़ करने का दावा किया है। इस मामले की जानकारी पुलिस ने आज शनिवार को ही दी है। मामले की जानकारी दे रही पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति हेरोइन बेचने की फिराक में यहां-वहां टहल रहा है। इस सूचना के आधार पर सेना के साथ मिलकर पुलिस ने करनाह कुपवाड़ा के सीमावर्ती इलाके में संयुक्त जाल बिछाने का कार्य किया। इसी बीच संदिग्ध दो लोगों को हिरासत में लिया गया, जिनकी तलाशी लेने पर उनके पास से लगभग 500 ग्राम हेरोइन जप्त की गई। दोनों संदिग्धों की पहचान खावरपारा करनाह के शफीक अहमद शेख और बागबल्ला के तारिक अहमद मलिक के तौर पर हुई है। पकड़े गए संदिग्धों की निशानदेही पर साधपुरा के परवेज अहमद पठान को भी हिरासत में ले लिया गया है। उसके कब्जे से तीन पिस्तौल, 76 पिस्तौल राउंड, छह पिस्तौल मैंगजीन और लगभग पांच किलोग्राम संदिग्ध विस्फोटक भी बरामद किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## पुलिस ने नीट पेपर लीक मामले में बिहार से करीब 19 लोगों को गिरफ्तार किया

पटना। नीट मामले में एक आरोपी ने कबुल किया है कि परीक्षा के दौरान सभी प्रश्न हूबहू थे। उसने बताया कि मेरे साथ 20 से 25 अन्य परीक्षार्थी भी मौजूद थे। बिहार पुलिस ने नीट पेपर लीक मामले में बिहार से करीब 19 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसमें से 14 लोगों को पटना से और करीब 4 लोगों को पूर्णिया से और एक को गोपालगंज से गिरफ्तार किया है। ये सभी आरोपी अन्य परीक्षार्थियों की जगह परीक्षा दे रहे थे। इस मामले में एक आरोपी आयुष ने कबुल किया है कि उनके सामने आए सभी प्रश्न हू ब हू थे। पुलिस को जले हुए पेपर मिले थे। इस मामले में पुलिस का कहना है कि फिलहाल ये क्लियर नहीं हुआ है कि जो जले हुए पेपर मिले हैं। वो लीक वाले थे या नहीं। क्यों ?कि इस मामले में अभी तक एनटीए ने कोई जवाब नहीं दिया है। नीट पेपर लीक मामले में पता चला है कि जो पेपर लीक होकर बिहार में आया था। वह मध्यप्रदेश और गुजरात से आया था। इस मामले में पुलिस ने सिकंदर नामक युवक से पूछताछ की तो उसने बताया कि सभी प्रश्न हू ब हू थे। उसी युवक ने पुलिस को अन्य आरोपियों तक पहुंचने का रास्ता भी बताया था।

## यूपी में लू से 26 लोगों की मौत, फिलहाल राहत के आसार नहीं

लखनऊ। यूपी में आसमान से आग बरसाती धूप व झुलसा देने वाली लू से प्रदेश को फिलहाल राहत के आसार नहीं हैं। शुक्रवार को भी भीषण गर्मी के चलते बहराइच, बांदा, चित्रकूट और महोबा का एक-एक व्यक्ति समेत वहीं, पूर्वांचल



के वाराणसी, मिर्जापुर, बलिया, गाजीपुर और कुशीनगर में 26 लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग ने कहा है कि लोगों को अभी ऐसी ही गर्मी झेलनी होगी। शुक्रवार को प्रयागराज 46.9 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ प्रदेश में सर्वाधिक गर्म रहा। कानपुर में मामूली सा बदलाव रहा, यहां पर तापमान 46.7 और हमीरपुर 46.2 डिग्री सेल्सियस रहा। प्रदेश के ज्यादातर शहर लू की चपेट में रहे। मौसम विभाग के मुताबिक 17 जून तक प्रदेश का मौसम शुष्क रहने के आसार व 25 से 35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के आसार हैं। वहीं, पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं।

## बोरवेल में गिरी डेढ़ साल की आरोही जिंदगी की जंग हार गई, 17 घंटे के प्रयास हुए निष्फल

अमरेली। जिले के सुरागपुरा गांव के बोरवेल में गिरी डेढ़ साल की मासूम बच्ची आरोही जिंदगी की जंग हार गई। आरोपी को बोरवेल से सुरक्षित बाहर निकालने के लिए 17 घंटों तक ऑपरेशन चलाया गया। आरोही को बाहर निकालने में सफलता जरूर मिली है, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बता दें कि अमरेली जिले के सुरागपुरा गांव के एक बोरवेल में कल डेढ़ साल की मासूम आरोही गिर गई थी। घटना की खबर मिलते ही स्वास्थ्य, फायर विभाग, एनडीआरएफ समेत पुलिस की टीमें घटनास्थल पर पहुंच गई और बचाव कार्य शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची एम्ब्युलैंस 108 की टीम ने बोरवेल में ऑक्सीजन सप्लाय और फायर विभाग ने बच्ची पर नजर रखने के लिए कैमरे भी उतार दिए। बच्ची को बचाने के लिए रोबोट भी बोरवेल में उतारा गया था। करीब 17 घंटों तक आरोही को सुरक्षित बाहर निकालने का प्रयास किया जाता रहा। लेकिन बचाव कार्य को सफलता नहीं मिली। 17 घंटों की मशक्कत के बाद आरोही को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक वह जिंदगी की जंग हार चुकी थी। घटनास्थल पर मौजूद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आरोही की जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। राज्य के मंत्री प्रफुल्ल पानसेरिया ने घटना को दुःखद बताया और कहा कि खुले बोरवेल रखने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी। बोरवेल खुला एक प्रकार का पाप है और इसकी वजह मासूम बच्चों की जिंदगी खतरे में पड़ जाती है। गौर करनेवाली बात है जो मासूम बच्चा अपने माता-पिता के बगैर एक पल नहीं रह सकता हो वह बोरवेल में गिर जाता है तो उस पर क्या बीतती होगी। घंटों तक बगैर खाए-पिए किस प्रकार बोरवेल में रह सकेगा ? ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन को खुले बोरवेल रखने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करनी होगी। वर्ना ऐसी घटनाएं भविष्य में भी हो सकती हैं।

# आतंकी हमले के अंदेशे के चलते सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

### - अमरनाथ यात्रा को लेकर केंद्र गंभीर

**जम्मू (एजेंसी)।** 29 जून से शुरू होने वाली वार्षिक अमरनाथ यात्रा पर केंद्र सरकार गंभीर है क्योंकि यात्रा पर आतंकवादी किसी बड़े हमले को अंजाम दे सकते हैं। इसी को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। इस बार अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा के लिए अर्ध सैनिक बल की 500 कंपनियां तैनात की जाएंगी। अमरनाथ यात्रा पर सुरक्षा और जांच एजैंसियों के साथ गृह मंत्रालय ने अहम बैठक की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी यात्रा को लेकर काफी संवेदनशील हैं।



जानकारी के अनुसार अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा के लिए जम्मू-कश्मीर प्रशासन कोई भी कोर-कसर छोड़ना नहीं चाहता है। सुरक्षा एजैंसियों ने अमरनाथ यात्रा के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की है जिसमें नाइट विजन डिवाइस, स्नाइपर्स, ड्रोन सिस्टम और यात्रा के दोनों मार्गों पहलगाम और बालटाल पर बम निरोधक दस्तों के जरिए रात में भी निगरानी होगी। अमरनाथ यात्रियों के लिए सेना, पुलिस, बीएसएफ, एसएसबी और सीआरपीएफ सभी एक साथ मिलकर सुरक्षा करेंगे। जम्मू से लेकर पवित्र गुफा तक दोनों रास्तों पर कड़े सुरक्षा प्रबंध हैं। बालटाल और पहलगाम दोनों रास्तों पर चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाकर्मी तैनात होंगे। वहीं सूत्रों के अनुसार सुरक्षा का अधिकतर जिम्मा सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस को सौंपा गया है। वहीं यात्रा को सुरक्षित और सरल करने के लिए नवीनतम तकनीकों और उपकरणों का उपयोग करते हुए रेडियो फ्रीक्वेंसी का भी उपयोग किया जाएगा। यात्रा करने वाले सभी यात्रियों की टैगिंग होगी जिससे यात्रियों की पोजीशन पता रहेगी और अधिकारियों को तीर्थयात्रियों के स्थान की निगरानी करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा हाई-टैक कमांड कंट्रोल सैंटर में लगभग 20 सरकारी विभागों के लोग दिन-रात उपस्थित रहेंगे। कंट्रोल सैंटर में काम करने वाले विभागों में जम्मू-कश्मीर पुलिस, सीआरपीएफ, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, स्वास्थ्य, पीएचई, पीडीडी व दूरसंचार और कई अन्य विभागों के कर्मचारी शामिल होंगे। बेस कैंप से लेकर गुफा तक के सभी मार्गों पर हाई डेफिनिशन 360 डिग्री व्यू कैमरे भी लगाए हैं। बालटाल और चंदनबाड़ी बेस कैंप से महत्वपूर्ण स्थानों पर दर्जनों कैमरे लगाए गए हैं जिसकी सारी लाइव फीड कॉमंड कंट्रोल सैंटर मैं आती रहेगी। वहीं मौसम विभाग ने कस्टमाइज्ड वेदर अपडेट सिस्टम भी लगाया है जो पल-पल मौसम की खबर देता रहेगा। वहीं पर्यटन विभाग जम्मू के निदेशक विवेकानंद राय और संयुक्त निदेशक सुनैना शर्मा मेहता ने अन्य अधिकारियों के साथ जम्मू के भगवती नगर में प्रथम आधार शिविर यात्री निवास का दौरा भी किया है। पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने तीर्थयात्रियों की सुविधाओं के लिए किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण कर यात्री निवास में पर्यटन विभाग ने तीर्थयात्रियों की सहायता के लिए एक टूरिस्ट रिसैप्शन सैंटर भी खोला है। इसके अलावा पर्यटन विभाग की ओर से अमरनाथ यात्रियों को तरह-तरह की सुविधाएं दी जाती हैं।

## नीतीश कुमार ने बिहार के लोगों की इज्जत बेच दी : प्रशांत किशोर

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव में राजनीतिक विश्लेषण करने वाले और राजनीतिक पंडित प्रशांत किशोर ने केंद्र की एनडीए सरकार में शामिल हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर आरोप लगाया कि उन्होंने सत्ता में बने रहने के लिए पीएम नरेन्द्र मोदी के पैर छुए। अपने जन सुराज अभियान के तहत एक सभा को संबोधित करते हुए प्रशांत ने कहा कि देश ने कुछ दिन पहले देखा कि मीडिया के लोग कह रहे थे कि नीतीश कुमार के हाथ में



भारत सरकार की कमान है। अगर वह न चाहें तो देश में सरकार नहीं बन सकती। इतनी ताकत है नीतीश कुमार के हाथ में। पीके ने कहा कि नीतीश कुमार ने इसके एवज में क्या मांगा? बिहार के बच्चों के लिए रोजगार नहीं मांगा। बिहार के जिलों में शक्कर की फैक्टरियां चालू हो जाए यह नहीं मांगा। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिल जाए यह नहीं मांगा। बिहार के लोग सोच रहे होंगे कि तो फिर उन्होंने क्या मांगा? नीतीश ने मांग रखी कि 2025 के बाद भी वह मुख्यमंत्री बने रहें और इसके लिए बीजेपी उसको समर्थन कर दे। बिहार के सभी लोगों की इज्जत उन्होंने बेच दी। प्रशांत ने नीतीश कुमार पर प्रहार करते हुए कहा कि 13 करोड़ लोगों के जो नेता हैं, हमलोगों का अभिमान हैं, सम्मान हैं, वह पूरे देश के सामने झुककर सीएम बने रहने के लिए पैर छू रहे हैं। प्रशांत पिछले सप्ताह नई दिल्ली में एक बैठक में मोदी को एनडीए का नेता चुने जाने के बाद नीतीश कुमार द्वारा किये गये व्यवहार को लेकर सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो क्लिप की ओर इशारा कर रहे थे।

# भारत में तीन साल में सबसे ज्यादा वित्तीय धोखाधड़ी के शिकार हुए लोग

### -302 जिलों में यूपीआई और क्रेडिट कार्ड पर हुआ सर्वे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आजकल साइबर धोखाधड़ी के मामले आए दिन सुनने को मिलते हैं। पिछले तीन सालों में करीब कई भारतीय वित्तीय धोखाधड़ी के शिकार हुए हैं। लोकल सर्किल्स द्वारा किए सर्वे से पता चलता है कि भारत में वित्तीय धोखाधड़ी आम बात हो गई है। इससे फ्रॉड की चिंताजनक तस्वीर सामने आई है। सर्वे में 302 जिलों के 23 हजार उत्तरदाताओं में से करीब आधे यानी 47 फीसदी लोग किसी न किसी तरह की वित्तीय धोखाधड़ी के शिकार हुए हैं।



इन घटनाओं में यूपीआई और क्रेडिट कार्ड से जुड़े मामले सबसे ज़्यादा हैं। हाल ही में हुए सर्वे में दो मुख्य क्षेत्रों यूपीआई और क्रेडिट कार्ड पर सर्वे हुआ। क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी शिकार हुए आधे से ज़्यादा 53फीसदी उत्तरदाताओं ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय व्यापारियों या वेबसाइटों द्वारा लगाए गए अनधिकृत शुल्कों की शिकायत की है। इस सर्वे में हिस्सा लेने वाले लोगों की एक बड़ी संख्या 36फीसदी ने यूपीआई के जरिए धोखाधड़ी वाले लेन-देन की भी सूचना दी है।

सर्वे में यह बात सामने आई है कि कम रिपोर्टिंग दर ने समस्या को और बढ़ा दिया है। लोकल सर्किल्स का अनुमान है कि दस में से छह भारतीय अधिकारी तो वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायत ही दर्ज नहीं कराते हैं। रिपोर्टिंग की कमी के कारण समस्या के सही पैमाने को ट्रैक करना और कार्रवाई करना मुश्किल हो जाता है।

सर्वे में इस समस्या से निपटने के लिए कुछ उपाय भी बताए गए हैं, जिनकी मदद से लोग आसानी से बच सकते हैं। कंज्यूमर की सुरक्षा के लिए मजबूत सुरक्षा उपायों और धोखाधड़ी रोकथाम प्रणालियों को लागू करना जरूरी है। लोगों में जागरुकता फैलाना है ताकि उन्हें खुद की सुरक्षा करने के लिए सशक्त बनाया जा सकें।

सर्वे में आरबीआई के आंकड़ों की जानकारी दी गई है। वित्त वर्ष 2024 में धोखाधड़ी के मामलों का कुल आकड़ा 13,930 करोड़ रुपए था, जो पिछले साल के मुकाबले करीब आधा है। हालांकि मामलों की संख्या में 166फीसदी की चौंका देने वाली वृद्धि देखी गई है। वित्तीय धोखाधड़ी की बढ़ोतरी और कम रिपोर्टिंग दर को बताते हुए सर्वे में अधिकारियों और नागरिकों दोनों के लिए चेतावनी जारी की है। इस बढ़ते खतरे से निपटने के लिए मजबूत सुरक्षा उपायों को लागू करना और जागरूकता बढ़ाना जरुरी कदम हैं।

## मोदी सरकार का लक्ष्य तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का: शिवराज

### -पीएम फसल बीमा योजना से किसानों को आर्थिक सुरक्षा मिली



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव में मप्र के विदिशा से बड़ी जीत हासिल कर मोदी सरकार में केंद्रीय कृषि मंत्री बने शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पीएम मोदी का एक और संकल्प है, लखपति दीदी। हमारा लक्ष्य तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का है, इसका एक आयाम कृषि सखी है। इसके लिए महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया है ताकि वे किसानों की खेती में मदद कर सकें।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि एक और महत्वपूर्ण योजना पीएम फसल बीमा योजना है। इस योजना से चार करोड़ से ज्यादा किसानों को आर्थिक सुरक्षा मिली है। वैश्विक कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद किसानों को सस्ती दरों पर खाद मिल रही है। उन्होंने इससे पहले वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 100 दिवसीय कार्ययोजना पर चर्चा की। इसका उद्देश्य कृषि क्षेत्र को मजबूत करना और किसानों के संकट को कम करना है। बैठक में कृषि राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर और भागीरथ चौधरी, कृषि सचिव मनोज आहूजा और अन्य शीर्ष अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में चौहान ने देशभर में कृषि उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए किसानों तक गुणवत्तापूर्ण आदानों की आपूर्ति सुनिश्चित करने की जरूरत पर बल दिया। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि कार्ययोजना का उद्देश्य न केवल कृषि उत्पादों में आत्मनिर्भरता हासिल करना है, बल्कि इस क्षेत्र से निर्यात की गुणवत्ता को भी बढ़ाना है। केंद्र की 100-दिन की कार्ययोजना को कृषक समुदाय के भविष्य को पुनर्जीवित करने के लिए एक बहुत जरूरी उपाय के रूप में देखा जा रहा है। इस कार्ययोजना को विभिन्न राज्यों और फसल चक्रों में कार्यान्वयन के लिए विशिष्ट लक्ष्यों और समयसीमा के साथ लागू किए जाने की उम्मीद है।

## हरियाणा में 5 सीटों पर जीत से प्रदेश कांग्रेस मजबूत, अब टिकट बंटवारे को लेकर घमासान छिड़ा

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा में 5 सीटों पर जीत से इस बार प्रदेश कांग्रेस मजबूत हुई वहीं चुनाव परिणाम के बाद टिकट बंटवारे को लेकर घमासान छिड़ गया है। चुनाव में जीतने वाले 4 सांसद भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में एकजुटता दिखा रहे हैं लेकिन कुमारी सैलजा सबसे अलग चल रही हैं। वह आए दिन नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के फैसलों पर सवालिया निशान लगा रही हैं। हालांकि एसआरके गुट में रणदीप सुरजेवाला और किरण चौधरी ने चुप्पी साध रखी है। वहीं सिरसा से सांसद बनने के बाद सैलजा ने हरियाणा में जिलास्तर पर अपने समर्थकों को लामबंद करना शुरू कर दिया है। उनके समर्थकों के साथ बैठकों के दौरान सैलजा लगातार लोकसभा चुनाव में टिकट आवंटन को लेकर बयान दिए जा रहे हैं। सैलजा ने अंबाला में वरुण मुलाना को उनकी सिफारिश पर टिकट दिए जाने का बयान देकर सभी को चौंका दिया है। फिर उन्होंने गुड़गांव और भिवानी-महेंद्रगढ़ में टिकट बंटवाने को लेकर सवाल भी खड़े किए हैं। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि और बेहतर तरीके से टिकट वितरण कर सकते थे। सैलजा ने अपनी ही पार्टी से पूछा कि कैंडिडेट इम्पोर्ट करने की जरूरत क्यों पड़ी। उन्होंने माना कांग्रेस में गुटबाजी है। उन्होंने नसीहत देते हुए कहा कि ऐसे ही तेरा मेरा करते रहे तो मुश्किल हो जाएगी। आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर सैलजा ने कहा कि प्रभारी को निष्पक्ष होगा होगा। मैरिट के आधार पर टिकटें दी जाएं। सीएम पद को लेकर सैलजा ने कहा कि इसका फैसला हाईकमान करेगा। वहीं इस पूरे घटनाक्रम पर जहां भूपेंद्र सिंह हुड्डा चुप हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने भी सैलजा के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कहा है कि वह पार्टी में वरिष्ठ हैं।

## अरुंधति के खिलाफ मामले को मंजूरी दिये जाने पर भड़कीं मुफ्ती और मोइत्रा

### -अभिव्यक्ति की आजादी को कुचलने का प्रयास बताया

**लखनऊ (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती, कांग्रेस नेता हरिप्रसाद बीके और तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने लेखिका अरुंधति रॉय के खिलाफ भड़काऊ भाषण देने के मामले में मुकदमा चलाने की मंजूरी दिये जाने के दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना के फैसले की आलोचना की है। इन नेताओं का कहना है कि अरुंधति फासीवादी राजनीत के खिलाफ एक मजहूत आवाज के तौर पर उभरीं थी और ये ताजा फैसला उनकी आवाज दबाने का एक प्रयास है। इससे पहले



उपराज्यपाल सक्सेना ने अरुंधति रॉय के अलावा कश्मीर केंद्रीय विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय कानून के पूर्व प्रोफेसर डॉ. शेख शौकत हुसैन के खिलाफ भी साल 2010 में यहां हुए एक कार्यक्रम में भड़काऊ भाषण देने के मामले में कठोर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत मुकदमा चलाने की अपनी मंजूरी दे दी। वहीं अधिकारियों ने कहाकि अरुंधति और शौकत हुसैन के खिलाफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट, नयी दिल्ली की अदालत के आदेश के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

महबूबा ने सोशल मीडिया पर लिखा, अरुंधति एक विश्व प्रसिद्ध लेखिका और एक बहादुर महिला हैं जो फासीवाद के खिलाफ एक शक्तिशाली आवाज बनी हैं। , उन पर कठोर यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस प्रकार के कदम से भारत सरकार मौलिक अधिकारों का हनन कर रही है। वहीं . कश्मीर के एक पूर्व प्रोफेसर पर मामला दर्ज करना भी इसी प्रकार का एक कदम है।

वहीं मोइत्रा ने पोस्ट करते हुए कहा, अगर अरुंधति पर यूएपीए के तहत मुकदमा चलाकर भाजपा यह साबित करने की कोशिश कर रही है कि वे वापस आ गए हैं, तो ऐसा नहीं है। और वे कभी भी उसी तरह वापस नहीं आएंगे जैसे वे पहले थे। इस तरह के फासीवाद के खिलाफ लोगों ने वोट दिया है।

हरिप्रसाद ने लिखा, मैं अरुंधति रॉय पर मुकदमा चलाने के लिए उपराज्यपाल की मंजूरी की कड़ी निंदा करता हूं। वह एक शानदार, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध लेखिका और एक अग्रणी बुद्धिजीवी हैं। फासीवाद असहमति को कुचलने पर पनपता है, खासकर बुद्धिजीवियों, कलाकारों, लेखकों, कवियों और कार्यकर्ताओं के जरिये। साथ ही कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मूल्यों पर कोई भी हमला सहन नहीं किया जाएगा।

गौरतलब है कि ये मामला कश्मीर के एक सामाजिक कार्यकर्ता सुशील पंडित की शिकायत पर 28 अक्टूबर, 2010 को दर्ज किया गया था। उनका आरोप है कि लेखिका और प्रोफेसर ने 21 अक्टूबर 2010 को यहां कॉपरनिकस मार्ग स्थित एलटीजी ऑडिटोरियम में 'आजादी - एकमात्र रास्ता' के बैनर तले आयोजित एक सम्मेलन में कथित तौर पर भड़काऊ भाषण दिए थे। इसमें कश्मीर को भारत से अलग करने की बात भी कही गयी थी।

# गलवान घाटी में भारत-चीन के बीच हिंसक झड़प के चार साल पूरे

### -विश्वास-निर्माण को लेकर दोनों देशों में बनी थी सहमति, बात अब भी वहीं रुकी

**लद्दाख (एजेंसी)।** लद्दाख की गलवान घाटी में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई हिंसक झड़प को चार साल हो चुके हैं, लेकिन सीमा गतिरोध अभी भी अनसुलझा है। पीएम नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में एनडीए सरकार अब एक जटिल स्थिति का सामना कर रही है क्योंकि चीन अपनी स्थिति पर कायम है। 15-16 जून, 2020 को देर रात पूर्वी लद्दाख में भारतीय सेना और पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के बीच गलवान घाटी में झड़प में एक कर्नल सहित 20 भारतीय सैनिकों की मौत हो गई थी।

आज उस हिंसक झड़प के चार साल पूरे हो चुके हैं। अप्रैल 2020 से पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर तनाव बहुत ज्यादा था क्योंकि चीन ने दोनों देशों के बीच मौजूद सीमा प्रोटोकॉल को तोड़ते हुए सीमा पर बड़ी संख्या में सैनिकों को इकट्ठा कर दिया था। भारत सरकार के मुताबिक भारी संख्या में सैनिकों को इकट्ठा कर चीन ने कैलाश रेंज पर भारतीय सेना के कुछ प्रमुख गश्त बिंदुओं को छीनकर एलएसी के भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने का प्रयास किया। चीन ने दावा किया कि झड़प में उसके चार सैनिक खो गए, हालांकि भारत ने दावा किया कि चीन के कम से कम 43 सैनिक मारे गए हैं। भारत के मुताबिक इस हिंसा के पीछे चीन का मकसद एलएसी पर यथास्थिति को एकतरफा बदलना था।

17 जून को पीएम मोदी ने भारत-चीन सीमा तनाव पर राष्ट्र को संबोधित किया और कहा, भारत शांति चाहता है लेकिन उकसाने पर भारत करारा जवाब देगा। 16 जून को भारतीय और चीनी सेनाओं के कोर कमांडरों के बीच एक बैठक अलगाव को लेकर आपसी सहमति के साथ खत्म हुई। हालांकि, कोई योजना नहीं बनाई गई और बाद की बैठकों और राजनयिक वार्ताओं के परिणामस्वरूप गतिरोध पैदा हो गया। इसके बाद, दोनों पक्षों ने उच्च स्तरीय वार्ता की और गतिरोध अभी भी जारी है, लेकिन गलवान जैसी घटनाओं को काफी हद तक टाला गया है।

भारत ने इस हिंसक झड़प में अपने कर्नल बिकुमलिया संतोष बाबू को खो दिया था, जो बिहार रेजिमेंट से थे। उन्हें मरणोपरांत महावीर चक्र से सम्मानित किया गया। मॉस्को में जयशंकर और उस समय के चीनी समकक्ष वांग यी जो अभी भी उनके विदेश मंत्री हैं, सीमा



तनाव को कम करने के लिए सहमत हुए। दोनों पक्षों के बीच सहमति हुई कि विश्वास-निर्माण उपायों के एक नए सेट पर बातचीत की जाएगी, लेकिन अब तक कुछ भी आगे नहीं बढ़ा है। हालाँकि, तब से परामर्श और समन्वय के लिए कार्य तंत्र वार्ता के साथ-साथ सैन्य कमांडरों के स्तर पर बातचीत जारी है।



# फादर्स डे: छायादार वृक्ष के समान है पिता

पिता अर्थात छायादार वह बड़ा वृक्ष, जिसमें बचपने की गौरेया बनाती है घोसला...। पिता अर्थात वह अंगुली, जिसे पकड़कर अपने पांव पर खड़ा होना सीखता है, घुटनों के बल चलने वाला...। पिता अर्थात वह कांधा, जिस पर बैठकर शहर की गलियों से दोस्ती करता है नन्हा मुसाफिर...।

पिता अर्थात एक जोड़ी वह आंख, जिसकी पलकों में अंकुरते हैं बेटे को हर तरह से बड़ा करने के हजारों सपने...। पिता अर्थात वह पीठ, जो बेटे को घुड़सवारी करवाने के लिए तैयार रहती है हरदम...।

पिता अर्थात वह लाठी, जो छोटे पौधे को सीधा करने के लिए खड़ी और गड़ी रहती है साथ-साथ...। पिता अर्थात हाड़-मांस की वह काया, जिसमें पलता है बच्चों का दुलार-संस्कार...। पिता अर्थात वह ईश्वर, जिसका अनुवाद होता है, आदमी की शक्ल में।

वेद की वह पवित्र किताब है पिता, जिसमें लिखी हैं पुरखों के परिचय की ऋचाएं, जिसे पढ़कर जाना जा सकता है मनुष्य का जन्म, जिसकी आंखों में झांककर देखा जा सकता है आदम का रूप। जो अपनी संतान के लिए ढोता है पीड़ाओं का पहाड़, दर्द के हिमालय लेकर दौड़ता है रात-दिन, लेकिन उफ तक नहीं करता। अपनी नींद गिरवी कर संतान के लिए घर लाता है चुटकीभर चैन।

कभी राम के वियोग में दशरथ बनकर तड़प-तड़पकर त्याग देता है प्राण, कभी अभिमन्यु के विरह में अर्जुन बन संहार कर देता है कौरवों की सेना का, तो कभी पुत्र मोह में हो जाता है धृतराष्ट्र की तरह नेत्रहीन। पिता वह रक्त जो दौड़ता रहता है संतान की धमनियों में। जो चमकता है संतान के गालों पर और दमकता है उसके माथे पर।

पिता साथ चलता है तो साथ देते हैं तीनों लोक, चौदहों भुवन। पिता सिर पर हाथ रखता है तो छोटे लगते हैं देवी-देवताओं के हाथ। पिता हंसता है तो शर्म से पानी-पानी हो जाते हैं हेमंत और बसंत। पिता जब मार्ग दिखाता है तो चारों दिशाएं छोड़ देती हैं रास्ता, आसमान आ जाता है बांहों के करीब और धरती सिमट आती है कदमों के आसपास।

पिता जब नाराज होता है तो आसमान के एक छोर से दूसरे छोर तक कड़क जाती है बिजली, हिलने लगती है जिंदगी की बुनियाद। पिता जब टूटता है तो टूट जाती हैं जाने कितनी उम्मीदें, पिता जब हारता है तो पराजित होने लगती हैं खुशियां।

जब उठता है सिर से पिता का साया तो घर पर एक साथ टूट पड़ते हैं कई-कई पहाड़। पिता की सांस के जाते ही हो जाती है कई की सपनों की अकाल मौत।

## पिता बिना अस्तित्व अधूरा...



कहते हैं मां के चरणों में स्वर्ग होता है, मां बिना जीवन अधूरा है लेकिन अगर मां जीवन की सच्चाई है तो पिता जीवन का आधार, मां बिना जीवन अधूरा है तो पिता बिना अस्तित्व अधूरा। जीवन तो मां से मिल जाता है लेकिन जीवन के थपेड़ो से निपटना तो पिताजी से ही आता है, जिंदगी की सच्चाई के धरातल पर जब बच्चा चलना शुरू करता है तो उसके कदम कहां पड़े और कहां नहीं.. ये समझाने का काम पिता ही करते हैं। समाज की बंदिशो से अपने बच्चे को निकालने का काम एक पिता ही कर सकता है। पिता अगर पास है तो किसी बच्चे को असुरक्षा नहीं होती है। पिता एक वट वृक्ष है जिसके पास खड़े होकर बड़ी से बड़ी परेशानी छोटी हो जाती है। वक्त आने पर वो दोस्त बन जाते है तभी तो हर लड़की अपने जीवन साथी में अपने पिता का अक्स खोजती है। जिस तरह उसके पिता उसके पास जब होते हैं तो उसे भरोसा होता है कि कोई भी नापाक इरादे उसे छू नहीं सकते हैं। उसे अपनी सुरक्षा और ना टूटने वाले भरोसे पर गर्व होता है इसलिए वो जब भी अपने साथी के बारे में सोचती है तो उसकी कल्पनाओं में उसके पिता जैसी ही कोई छवि विद्दमान होती है। जबकि हर बेटे की ख्वाहिश होती है कि वो ऐसा कुछ करे जिससे उसके पिता का सीना चौड़ा हो जाये। उनकी मुस्कुराहट और आंखो की चमक सिर्फ और सिर्फ अपने पिता के लिए होती है। उसकी पहली कामयाबी तब तक अधूरी होती है जब तक उसके पिता आकर उसकी पीठ नहीं थपथपाते हैं। अक्सर बाप-बेटे एक -दूसरे से भावनाओं का आदान-प्रदान नहीं करते हैं लेकिन सबको पता है कि दोनों ही के दिल में प्रेम का अनुपम समंदर विद्दमान होता है। कभी उस पिता की आंखो में झांकने की कोशिश कीजिये जब उसका बेटा उसके सामने अपनी पहली कमाई लेकर आता है। इसलिए तो कहते है कि पिता का कर्ज आप तब ही चुका सकते है जब आप अपने जैसे ही किसी नन्हे प्राणि को धरती पर लाते हैं। इसलिए तो कवि गिरिराज जोशी ने कहा है.. पापा! मुझे लगता था, 'मां' ने मुझे आपार स्नेह दिया, आपने कुछ भी नहीं, आप मुझसे प्यार नहीं करते थे। मगर पापा! आज जब जीवन की, हर छोटी-बड़ी बाधाओं को, आपके 'वे लम्बे-लम्बे भाषण' हल कर देते है, मैं प्यार की गहराई जान जाता हूँ.... तो चलिए देर किस बात की है ..जाइये अपने पिता के पास और पैर छूकर अपने आप को धन्य कीजिये और जीवन की सच्चाई से रूबरू कराने के लिए उन्हें तहे दिल से धन्यवाद दीजिये। हैप्पी फादर्स डे....



## पापा के नाम एक दिन

आप सभी की छुट्टियां तो बड़े मजे में बीत रही होगी। एक बात तो बताओ जरा, आपको हर साल नए-नए खिलौने कौन दिलाता है? कौन आपको घुमाने ले जाता है? कौन है, जो आपकी सारी जरूरतें पूरी करते है, आपको मोबाइल, लैपटॉप और न जाने नई-नई चीजें कौन दिलाता है, आपके पापा ना...! जैसे रोज हमें अपने पापा खुश करते है, वैसे ही अब आप भी अपने पापा को खुश कर सकते हैं। कहने का मतलब है कि पापा को खुश करने का दिन आ गया है। 16 जून को फादर्स डे है। इस दिन दुनिया के सभी बच्चे अपने पापा




को प्यारा-सा कोई न कोई गिफ्ट उपहारस्वरूप देते हैं। आप भी जल्दी से सोचना शुरू कीजिए कि अपने पापा को आपको क्या गिफ्ट देना है। वैसे हमारी टिनी ने तो सोच लिया है, कि वो अपने पापा को हाथ से बनाकर एक ग्रीटिंग कार्ड देगी। उसने तो कार्ड बनाना शुरू भी कर दिया है, आप भी जल्दी से शुरू कर दीजिए और अपने पापा को अपने हाथों से बना उपहार देकर उनकी खुशी दोगुनी बढ़ा दीजिए।

# अधिक ऋण के बोझ तले वैश्विक अर्थव्यवस्था कहीं चरमरा तो नहीं जाएगी



प्रहलाद सबनानी

भारत के संदर्भ में यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं होनी चाहिए कि भारतीय नागरिकों में सनातन संस्कृति के संस्कार होने के कारण बैकों से ऋण के रूप में उधार ली गई राशि का समय पर भुगतान किया जाना एक स्वाभाविक प्रक्रिया की तरह माना जाता है, जिसके कारण भारतीय बैंकों के अनुत्पादक आस्तियों की राशि अन्य देशों की बैंकों की तुलना में कम हो रही है। अतः वैश्विक स्तर पर गम्भीर होती ऋण सम्बंधी समस्या का असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर सीधे सीधे पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है।

विश्व के समस्त नागरिकों एवं विभिन्न संस्थानों पर लगभग 320 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण है। कुल ऋण की उक्त राशि में विभिन्न देशों की सरकारों के ऋण एवं नागरिकों के व्यक्तिगत ऋण भी शामिल है। कई देशों को मुद्रा स्फीति पर नियंत्रण पाने में बहुत कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही, विकास करने का दबाव विभिन्न देशों की सरकारों पर है अतः सरकारों के साथ साथ व्यक्ति भी बहुत अधिक मात्रा में ऋण ले रहे हैं। परंतु, कितना ऋण प्रत्येक व्यक्ति अथवा सरकार पर होना चाहिए, इस विषय पर भी अब गम्भीरता से विचार किए जाने की आवश्यकता है।

आज विश्व की कुल जनसंख्या 810 करोड़ है और विश्व पर कुल ऋण की राशि 320 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है इस प्रकार औसत रूप से विश्व के प्रत्येक नागरिक पर 39,000 अमेरिकी डॉलर का ऋण बकाया है। 320 लाख करोड़ रुपए के ऋण की राशि में विभिन्न देशों की सरकारों द्वारा लिया गया ऋण, व्यापार एवं उद्योग द्वारा लिया गया ऋण एवं व्यक्तियों द्वारा लिया गया ऋण शामिल है। पूरे विश्व में परिवारों/व्यक्तियों द्वारा 59 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण लिया गया है। व्यापार एवं उद्योग द्वारा 164 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण लिया गया है। साथ ही, सरकारों द्वारा 97 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण लिया गया है, ऋण की इस राशि में एक तिहाई हिस्सा विकासशील देशों की सरकारों द्वारा लिया गया ऋण भी शामिल है। सरकारों द्वारा लिए गए ऋण की राशि पर प्रतिवर्ष 84,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर का ब्याज का भुगतान किया जाता है। विश्व में प्रत्येक 3 देशों में से 1 देश द्वारा कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च की गई राशि से अधिक राशि ऋण पर ब्याज के रूप में खर्च की जाती है। आकार में छोटी अर्थव्यवस्थाओं के लिए अधिक ऋण लेना सदैव ही बहुत जोखिमभरा निर्णय रहता आया है। पूरे विश्व में सकल घरेलू उत्पाद का आकार 109 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है जबकि ऋणराशि का आकार 320 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। इस प्रकार, एक तरह से आय की तुलना में खर्च की जा रही राशि बहुत अधिक है। इसे संतुलित किया जाना अब अति आवश्यक हो गया है अन्यथा कुछ ही समय में पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था चरमरा सकती है।

पूरे विश्व में लिए गए भारी भरकम राशि के ऋण के चलते अमीर वर्ग अधिक अमीर होता चला जा रहा है एवं गरीब वर्ग और अधिक गरीब होता चला जा रहा है, क्योंकि अमीर वर्ग ऋण का उपयोग अपने लाभ का लिए कर पा रहा है एवं इस ऋण राशि से अपनी सम्पत्ति में वृद्धि करने में सफल हो रहा है। जबकि, गरीब वर्ग इस ऋण की राशि का उपयोग अपनी देनंदिनी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु करता है और ऋण के जाल में फंसता चला जाता है। इसके साथ ही, हालांकि विश्व में दो विश्व युद्ध हो चुके हैं, वर्तमान में भी रूस यूक्रेन युद्ध एवं इजराईल हमास युद्ध चल ही रहा है। परंतु, फिर भी इस सबका असर अमीर वर्ग पर नहीं के बराबर हो रहा है। हां, गरीब वर्ग जरूर और अधिक गरीब होता जा रहा हैं क्योंकि विश्व के कई देशों में, ब्याज दरों में लगातार की जा रही बढ़ौतरी के बाद भी, मुद्रा स्फीति नियंत्रण में नहीं आ पा रही है। मुद्रा स्फीति का सबसे अधिक बुरा प्रभाव गरीब वर्ग पर ही पड़ता है। अमीर वर्ग (जिनकी सम्पत्ति 2 करोड़ 28 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक है), इनकी संख्या वर्ष 2023 में 5.1 प्रतिशत से बढ़ गई है और इनकी कुल सम्पत्ति 86.8 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गई है और यह भी 5 प्रतिशत की दर से बढ़ गई है। वर्ष 2020 के बाद से विश्व के 5 सबसे अधिक अमीर व्यक्तियों की संपत्ति दुगुनी हो गई है। साथ ही, वर्ष 2020 के बाद से विश्व के बिलिनायर की सम्पत्ति 3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़ गई है। इन कारणों के चलते अमीर और गरीब के बीच की खाई बढ़ती जा रही है। जिस रफ्तार से विश्व में गरीबी कम हो रही है, इससे ध्यान में आता है कि इस धरा से गरीबी को हटाने में अभी 229 वर्ष का समय लगेगा। जैसे जैसे विश्व में विकास की दर तेज हो रही है अमीर व्यक्ति अधिक अमीर होते जा रहे हैं एवं गरीब व्यक्ति अधिक गरीब होते जा रहे हैं। आज से पहिले विश्व में कभी भी इतने अधिक अमीर नागरिक नहीं रहे हैं।




वैश्विक स्तर पर उक्त वर्णित ऋण सम्बंधी भयावह आंकड़ों के बीच अन्य विकसित देशों की तुलना में भारत की स्थिति नियंत्रण में नजर आती है। वैसे भी, ऋण का उपयोग यदि उत्पादक कार्यों के लिए किया जाता है एवं इससे यदि धन अर्जित किया जाता है तो बैंकों से ऋण लेना कोई बुरी बात नहीं है। बल्कि, इससे तो व्यापार को विस्तार देने में आसानी होती है और पूंजी की कमी महसूस नहीं होती है। साथ ही, भारतीय नागरिक तो वैसे भी सनातन संस्कृति के अनुपालन को सुनिश्चित करते हुए अपने ऋण की किश्तों का भुगतान समय पर करते नजर आते हैं इससे भारतीय बैंकों की अनुत्पादक आस्तियों में कमी दृष्टिगोचर हो रही है।

भारत के बैंकों की ऋण राशि में हो रही अतुलनीय वृद्धि के बावजूद, भारत में ऋणःसकल घरेलू उत्पाद अनुपात अन्य विकसित देशों की तुलना में अभी भी बहुत कम है। हालांकि यह वर्ष 2020 में 88.53 प्रतिशत तक पहुंच गया था, क्योंकि पूरे विश्व में ही कोरोना महामारी के चलते आर्थिक व्यवस्था चरमरा गई थी। परंतु, इसके बाद के वर्षों में भारत के ऋणः सकल घरेलू उत्पाद अनुपात में लगातार सुधार दृष्टिगोचर है और यह वर्ष 2021 में 83.75 प्रतिशत एवं वर्ष 2022 में 81.02 प्रतिशत के स्तर पर नीचे आ गया है। साथ ही, भारत के ऋणः सकल घरेलू उत्पाद अनुपात के वर्ष 2028 में 80.5 प्रतिशत के निचले स्तर पर आने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। यदि अन्य देशों के ऋणः सकल घरेलू उत्पाद अनुपात की तुलना भारत के ऋण सकल घरेलू उत्पाद अनुपात के साथ की जाय तो इसमें भारत की स्थिति बहुत सुदृढ़ दिखाई दे रही है। पूरे विश्व में सबसे अधिक ऋणः सकल घरेलू उत्पाद अनुपात जापान में है और यह 255 प्रतिशत के स्तर को पार कर गया है। इसी प्रकार यह अनुपात सिंगापुर में 168 प्रतिशत है, इटली में 144 प्रतिशत, अमेरिका में 123 प्रतिशत, फ्रान्स में 110 प्रतिशत, कनाडा में 106 प्रतिशत, ब्रिटेन में 104 प्रतिशत एवं चीन में भी भारी भरकम 250 प्रतिशत के स्तर के आसपास बताया जा रहा है। अर्थात, विश्व के लगभग समस्त विकसित देशों में ऋणः सकल घरेलू उत्पाद अनुपात 100 प्रतिशत के ऊपर ही है। भारत में इस अनुपात का 81 प्रतिशत के आसपास रहना संतोष का विषय माना जा सकता है।

हाल ही के समय में भारत में विनिर्माण इकाईयों की उत्पादन क्षमता का उपयोग बहुत तेजी से बढ़ा है, वित्तीय वर्ष 2022-23 के चौथी तिमाही में विनिर्माण इकाईयों द्वारा अपनी उत्पादन क्षमता का 76.3 प्रतिशत उपयोग किया जा रहा था, जिसके कारण उद्योग जगत को ऋण की अधिक आवश्यकता महसूस हो रही है। बढ़े हुए ऋण की आवश्यकता की पूर्ति भारतीय बैंकें आसानी से करने में सफल रही हैं। यह तथ्य इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि विकसित देशों में भी प्रायः यह देखा गया है कि बैंकों द्वारा प्रदत्त ऋण में वृद्धि के साथ उस देश के सकल घरेलू उत्पाद में भी तेज गति से वृद्धि दृष्टिगोचर हुई है। भारत में भी अब यह तथ्य परिलक्षित होता दिखाई दे रहा है। भारत में आर्थिक गतिविधियों में आ रही तेजी के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था में भी ऋण की मांग लगातार बढ़ रही है। फिर भी, भारत में कोरपोरेट को प्रदत ऋण का सकल घरेलू उत्पाद से प्रतिशत वर्ष 2015 के 65 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2023 में 50 प्रतिशत हो गया है। इसका आशय यह है कि इस दौरान कोरपोरेट ने अपने ऋण का भुगतान किया है एवं उन्होंने सम्भवतः अपनी लाभप्रदता में वृद्धि दर्ज करते हुए अपने लाभ का पूंजी के रूप में पुनर्निवेश किया है।

दूसरे, भारत में विभिन्न बैंकों द्वारा प्रदत्त लम्बी अवधि के ऋण सामान्यतः आस्तियां उत्पन्न करने में सफल रहे हैं, जैसे गृह निर्माण हेतु ऋण अथवा वाहन हेतु ऋण, आदि। इस प्रकार के ऋणों के भविष्य में डूबने की सम्भावना बहुत कम रहती है। बैकों द्वारा खुदरा क्षेत्र में प्रदत्त ऋणों में से 10 प्रतिशत से भी कम ऋण ही प्रतिभूति रहित दिए गए हैं जैसे सरकारी कर्मचारियों को पर्सनल (व्यक्तिगत) ऋण, आदि। पर्सनल ऋण प्रतिभूति रहित जरूर दिए गए हैं परंतु चूंकि यह सरकारी कर्मचारियों सहित नौकरी पेशा नागरिकों को दिए गए हैं, जिनकी मासिक किश्तें समय पर अदा की जाती हैं, अतः इनके भी डूबने की सम्भावना बहुत ही कम रहती है। इस प्रकार, यह कहा जा सकता है कि भारत में अब बैकों द्वारा ऋण सम्बंधी व्यवसाय बहुत सुरक्षित तरीके से किया जा रहा है। इसी कारण से हाल ही के समय में यह पाया गया है कि भारतीय बैंकों की अनुत्पादक आस्तियों की वृद्धि पर अंकुश लगा है। यह भी संतोष का विषय है कि हाल ही के समय में भारतीय बैकों से प्रथम बार ऋण लेने वाले नागरिकों की संख्या में भी वृद्धि दर्ज की गई है। इसका आशय यह है कि भारतीय नागरिक जो अक्सर बैकों से ऋण लेने से बचते रहे हैं वे अब बैकों से ऋण लेने के लिए प्रोत्साहित हो रहे हैं क्योंकि इस बीच बैंकों द्वारा प्रदान किए जा रहे ऋण सम्बंधी शर्तों को आसान बनाया गया है।

कुल मिलाकर भारत के संदर्भ में यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं होनी चाहिए कि भारतीय नागरिकों में सनातन संस्कृति के संस्कार होने के कारण बैकों से ऋण के रूप में उधार ली गई राशि का समय पर भुगतान किया जाना एक स्वाभाविक प्रक्रिया की तरह माना जाता है, जिसके कारण भारतीय बैंकों के अनुत्पादक आस्तियों की राशि अन्य देशों की बैंकों की तुलना में कम हो रही है। अतः वैश्विक स्तर पर गम्भीर होती ऋण सम्बंधी समस्या का असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर सीधे सीधे पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है।

## संपादकीय

### पुलिस का पहरा नाकाफी

राजधानी दिल्ली में पानी संकट के बीच पुलिस की इंट्री आश्चर्य पैदा करती है। अब पानी को माफिया से बचाने के लिए पुलिस को ज्यादा चौकस रहना होगा। पानी माफियाओं के बढ़ते दखल के बाद अब कम-से-कम पुलिस को ज्यादा मेहनत करनी होगी। इस बाबत पुलिस फोर्स ने चौकियां स्थापित की हैं और दिल्ली को पानी की आपूर्ति करने वाली नहर के हरियाणा की सीमा पर 15 किलोमीटर के हिस्से पर गश्त शुरू कर दी है। दरअसल, राजधानी इस सीजन में पानी का अभूतपूर्व संकट झेल रहा है। गर्मी की शुरूआत से ही यहां पानी की भारी किल्लत होने लगी थी, मगर न तो दिल्ली की सरकार ने और न केंद्र सरकार ने इस ओर ध्यान दिया। जब तपिश अपने चरम पर पहुंची और जल के लिए त्राहिमाम हुआ तब इधर-उधर से पानी मांगे जाने का प्रपंच शुरू हुआ। वैसे, यह सिर्फ इस सीजन की बात नहीं है। हर साल पानी को लेकर दिल्ली की दुारियां चरम पर रहती है। इस बार ज्यादा गर्मी की वजह से मामला चर्चा में आया। बहरहाल, भले टैंकर माफिया पर नकेल कसने के लिए पुलिस को जिम्मेदारी सौंपी गई हो, मगर जो हालात पानी को लेकर दिल्ली की दिखती है उसमें खाकी की भूमिका बहुत ज्यादा नहीं है। उसकी वजह बहुत साफ है। एक तो दिल्ली का अपना पानी का कोई सिस्टम नहीं है। पानी का ज्यादातर हिस्सा यमुना नदी का है। कुछ बोरवेल दिल्ली सरकार ने लगवाए हैं। मगर ये सब कार्य पानी की अभी की स्थिति के सामने बहुत छोटी है। यही वजह है कि पानी के लिए कभी हरियाणा तो कभी उत्तर प्रदेश तो कभी हिमाचल प्रदेश के आगे चिरौरी करनी पड़ती है। अगर दिल्ली को पानी के संकट से निजात पाना है तो उसे सबसे पहले पानी के पूर्व के स्रेतों पर काम करना होगा। इसके अलावा पानी माफिया पर कड़ा रुख दिखाना होगा। पानी की चोरी और उसके बेवजह बह कर बर्बाद होने पर भी नजर रखनी होगी। छोटे-छोटे प्रयास के दम पर ही हम दिल्ली को इस समस्या से उबार सकते हैं। अदालत की चौखट तक जाने से पहले हमें उन पारंपरिक जल स्रेतों पर गंभीरतापूर्वक काम करना होगा। हिमाचल या हरियाणा से पानी मंगाने का चलन अब बंद होना चाहिए। दिल्ली की जनता को भी इस मामले में ईमानदार और सजग रहने की जरूरत है क्योंकि अंततः भोगना उन्हीं को पड़ता है। दिल्ली में पानी की समस्या बड़ी तो है, मगर उतनी बड़ी नहीं कि उसका निदान न हो।

## चिंतन-मनन

### उपाय भी ठीक से हो

एक सास ने बहू से कहा, बहूरानी! मैं अभी बाहर जा रही हूं। एक बात का ध्यान रहे, घर में अंधेरा न घुसने पाए। बहू बहुत भोली थी। सास चली गई, सांझ होने को आई। उसने सोचा कि अंधेरा कहीं घुस न जाए, सारे दरवाजे बंद कर दिए। सब खिड़कियां बंद कर दीं। दरवाजे के पास लाठी लेकर बैठ गई। सोचा- दरवाजा खुला नहीं है, कोई खिड़की खुली है, कहीं भी कोई छेद नहीं। आएगा तो दरवाजा खटखटाएगा, लाठी लिए बैठी हूं, देखती हूं कैसे अन्दर आएगा। पूरी व्यवस्था कर दी।

अंधेरा गहराने लगा। सोचा, कहां से आ गया! कहीं भी तो कोई रास्ता नहीं है। हो न हो दरवाजे से ही आ रहा है। अन्धकार को पीटना शुरू कर दिया। काफी पीटा कि निकल जाओ मेरे घर से! मेरी सास की मनाही है कि तुम्हें भीतर घुसना नहीं है! खूब लाठियां बजाई। लाठी टूटने लगी। हाथ छिल गए। लहूलुहान हो गए। अंधेरा तो नहीं गया। परेशान हो गई। सास आई। दरवाजा खोला। कहा, यह क्या किया? मैंने कहा था कि अंधेरे को मत आने देना घर में। वह बोली, देखो, मेरे हाथ देख लो। लहूलुहान हो गए। लाठी टूट गई। मैंने बहुत समझाया, बहुत रोका, पर इतना जिद्दी है कि माना ही नहीं और यह तो घुस ही गया।

सास ने सिर पर हाथ रखा। कहा, बहूरानी! अंधेरे को ऐसे मिटाया जाता है? क्या अंधेरा ऐसे मिटता है? समझी नहीं तुम बात को। सास ने दीया जलाया, अंधेरा समाप्त हो गया। उपाय के बारे में हमारी जानकारी सही नहीं होती तो हम प्रयत्न तो करते हैं, परिश्रम करते हैं, पर अंधेरा मिटता नहीं।

## अंतर्राष्ट्रीय पिता दिवसः पिता-पुत्र के संबंधों की संस्कृति को जीवंत बनाएं



ललित गर्ग

किसी के भी जीवन में पिता की क्या भूमिका होती है, इसे शब्दों में बयां करने की भी जरूरत नहीं है। पिता हर संतान के लिए एक प्रेरणा हैं, एक प्रकाश हैं और संवेदनाओं के पुंज हैं। इसके महत्व को दशार्ने और पिता व पिता तुल्य व्यक्तियों के योगदान को सम्मान देने के लिए हर साल जून महीने के तीसरे रविवार को अंतर्राष्ट्रीय पिता दिवस यानी फादर्स डे मनाया जाता है। इस साल 16 जून 2024 को भारत समेत विश्वभर में यह दिवस मनाया जायेगा। फादर्स डे 2024 की थीम 'सेलिब्रेटिंग फादरहुडः स्ट्रेंथ, लव, एंड सैक्रिफाइस' पर केंद्रित है यानी पितृ दिवस का जश्न- शक्ति, योगदान, प्रेम और बलिदान के प्रति सम्मान दशार्ने का एक विशेष अवसर है। दुनिया के अलग-अलग देशों में अलग-अलग दिन और विविध परंपराओं के कारण उत्साह एवं उमंग से यह दिवस मनाया जाता है। हिन्दू परंपरा के मुताबिक पितृ दिवस भाद्रपद महीने की सर्वपितृ अमावस्या के दिन होता है। पिता एक ऐसा शब्द जिसके बिना किसी के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। एक ऐसा पवित्र रिश्ता जिसकी तुलना किसी और रिश्ते से नहीं हो सकती।

हमारे ग्रन्थों में माता-पिता और गुरु तीनों को ही देवता माना गया है। इनकी सेवा और भक्ति में कसर रह जाए तो फिर ईश्वर की प्राप्ति संभव नहीं। और अगर हमने इनकी सेवा पूरे मन से की तो भगवान स्वयं कच्चे धागे से बंधे भक्त के पीछे-पीछे चल पड़ते हैं। आखिर श्रवण कुमार में ऐसा क्या खास था कि किसी भी भगवान से उनकी अहमियत कम नहीं है। माता-पिता की भक्ति और सेवा ने उसे भक्त प्रह्लाद और ध्रुव के बराबर का आसन दिलाया है। पिता चाहे कैसे भी वचन बोले, कैसा भी बर्ताव करे, संतान को उनके प्रति श्रद्धा और विनम्रता से आज्ञाकारी होना ही चाहिए। केवल इतना सूत्र भर साध लेने से हम उस ईश्वर के राज्य के अधिकारी बन जाते हैं, जिसे पाने के लिए जाने कितने तपस्वियों ने शरीर गलाया, बरसों साधना की। कन्धे पर माता-पिता को लेकर तीर्थ कराने निकला श्रवण जब उनकी प्यास बुझाने के लिए पानी भरते हुए राजा दशरथ का एक तीर लग जाने से प्राण त्यागता है, तब वह अन्तिम इच्छा में यही कहता है- 'मेरे माता-पिता प्यासे हैं, आप उन्हें जाकर पानी पिला दें।' प्राण त्यागते हुए भी जिसे अपने माता-पिता का ध्यान रहे, वह संतान उस युग में ही नहीं, इस युग में भी धन्य है। उसे किसी काल की परिधि में नहीं बांध सकते। मानवीय रिश्तों में दुनिया में सबसे बड़ा स्थान मां को दिया जाता है, लेकिन एक बच्चे को बड़ा और सभ्य बनाने में उसके पिता का योगदान कम करके नहीं आंका जा सकता। बच्चे को जब कोई खरोंच लग जाती है तो जितना दर्द एक मां महसूस करती है, वही दर्द एक पिता भी महसूस करते हैं। यह अलग बात है कि बेटे को चोट लगने पर मां पुचकार देती है, चोट लगी जगह पर फूंक की ठंडक देती है, वहीं पिता अपने बेटे की चोट पर व्यथित तो होता है लेकिन उसे बेटे के सामने मजबूत बने रहना है। ताकि बेटा उसे देख कर जीवन की समस्याओं से लड़ने का पाठ सीखे, सख्त एवं निडर बनकर जिंदगी की तकलीफों का सामना करने में सक्षम हो। माँ ममता का सागर है पर पिता उसका किनारा है। माँ से ही बनता घर है पर पिता घर का सहारा है। माँ से स्वर्ग है माँ से बैकुंठ, माँ से ही चारों धाम है पर इन सब का द्वार तो पिता ही है। उन्हीं पिता के सम्मान में पितृ दिवस मनाया जाता है। आधुनिक समाज में पिता-पुत्र के संबंधों की संस्कृति को जीवंत बनाने की अपेक्षा है। सोनेरा डोड जब नन्ही-सी थी, तभी उनकी मां का देहांत हो गया। पिता विलियम स्मार्ट ने सोनेरो के जीवन में मां की कमी नहीं महसूस होने दी और उसे मां का भी प्यार दिया। एक दिन यूं ही सोनेरा के दिल में ख्याल आया कि आखिर एक दिन पिता के नाम क्यों नहीं हो सकता? इस तरह 19 जून 1910 को पहली बार फादर्स डे मनाया गया। 1924 में अमेरिकी राष्ट्रपति कैल्विन कोली ने फादर्स डे पर अपनी सहमति दी। फिर 1966 में राष्ट्रपति लिंडन जानसन ने जून के तीसरे रविवार को फादर्स डे मनाने की आधिकारिक घोषणा की। एक शिल्पकार प्रतिमा बनाने के लिए जैसे पत्थर को कहीं काटता है, कहीं छांटता है, कहीं तल को चिकना करता है, कहीं तराशता है तथा कहीं आवृत को अनावृत करता है, वैसे ही मेरे पूज्य पिताश्री रामस्वरूपजी गर्ग ने मेरे व्यक्तित्व को तराशकर उसे महनीय और सुघड़ रूप प्रदान किया। आज वे देह से विदेह होकर भी हर पल मेरे साथ प्रेरणा के रूप में, शक्ति के रूप में, संस्कार के रूप में रहते हैं। हर पिता अपने पुत्र की निषेधात्मक और दुष्प्रवृत्तियों को समाप्त करके नया जीवन प्रदान करता है। वरुण जल का देवता होता है। जैसे जल वस्त्र आदि के मैल को दूर करता है, वैसे ही पिता पुत्र की मानसिक कलुषता को दूर कर सद्संस्कारों का बीजारोपण करता है एवं उसके व्यक्तित्व को नव्य और स्वच्छ रूप प्रदान करता है। चन्द्रमा सबको शांति और अह्लाद प्रदान करता है, वैसे ही पिता की प्रेरणाएं पुत्र को मानसिक प्रसन्नता और परम शांति देती है। जैसे औषधि दुख, दर्द और पीड़ा का हरण करती है, वैसे ही पिता शिव शंकर की भांति पुत्र के सारे अवसाद और दुखों का हरण करते हैं। पय का अर्थ है-दूध। जैसे माता का दूध पुष्टि प्रदान करता है, वैसे ही पिता पुत्र के आत्मिक बल को पुष्ट करते हैं। मेरे लिये मेरे पिता देवतुल्य एवं गहन आध्यात्मिक-धार्मिक जीवट वाले व्यक्तित्व थे। उनकी जैसी सादगी, उनकी जैसी सरलता, उनकी जैसा समर्पण, उनकी जैसी धार्मिकता, उनकी जैसी पारिवारिक नेतृत्वशीलता और उनकी जैसी संवेदनशीलता को जीना दुर्लभ है। उन्होंने परिवार एवं समाज को समृद्धशाली और शक्तिशाली बनाने की दृष्टि से उल्लेखनीय कार्य किया। मेरे लिये तो वे आज भी दिव्य ऊर्जा के केन्द्र हैं। पिता आंसुओं और मुस्कान का एक समुच्चय है, जो बेटे के दुख में रोता तो सुख में हंसता है। उसे आसमान छूता देख अपने को कद्दावर मानता है तो राह भटकते देख अपनी किस्मत की बुरी लकीरों को कोसता है। पिता गंगोत्री की वह बूंद है जो गंगा सागर तक एक-एक तट, एक-एक घाट को पवित्र करने के लिए धोता रहता है। पिता वह आग है जो घड़े को पकाता है, लेकिन जलाता नहीं जरा भी। वह ऐसी चिंगारी है जो जरूरत के वक्त बेटे को शोले में तब्दील करता है।

## उत्तर प्रदेशः सपा की जीत के मायने



रजनीश कपूर

अचानक कहीं कुछ नहीं होता, अंदर ही अंदर कुछ घिस रहा होता है, कुछ पिस रहा होता है।' इन पंक्तियों में कवि ने इस बात पर इशारा किया है कि किसी भी काम का विपरीत अंजाम आने पर हमें ऐसा क्यों लगता है कि ऐसा कैसे हो गया? जबकि उसके पीछे के कारणों पर कोई ध्यान नहीं देता। ऐसा ही कुछ हुआ 2024 के उत्तर प्रदेश में लोक सभा चुनाव परिणाम के बाद। यहां बीजेपी को पहले के मुकाबले इस बार बहुत कम सीटें मिलीं। ऐसा क्या कारण था कि भाजपा का प्रदर्शन इतना बुरा रहा? अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण। अनुच्छेद 370 का हटाना। तीन तलाक को खत्म करना। ये ऐसे कुछ मुद्दे थे जिन पर भाजपा को पूरा विश्वास था कि वह 'अबकी बार 400 पार' के अपने नारे को सच कर दिखाएंगे, परंतु ऐसा न हो सका।

ऐसा माना जाता है कि दिल्ली की गद्दी का रास्ता लखनऊ से होकर जाता है। इस बार के चुनाव में उत्तर प्रदेश का जो परिणाम रहा उसने सत्तारूढ़ दल को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि ऐसी कौन सी कमी उनकी नीति में थी जो वोटरों को अपनी ओर आकर्षित करने में विफल रही? ऐसा क्या हुआ कि पार्टी कार्यकताओं में वो उत्साह नहीं था जो पिछले दो लोक सभा चुनावों में देखा गया? क्या संगठन के काम करने के ढंग या उनके द्वारा लिये गए गलत फैसलों ने जमीनी कार्यकताओं को हतोत्साहित किया? क्या उत्तर प्रदेश में या अन्य राज्यों में, जहां भाजपा का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं था वहां पर उम्मीदवारों के चयन में गलती हुई? हिंदुओं के लिए पूजनीय अयोध्या, रामेश्वरम में मिली हार और प्रधानमंत्री को वाराणसी में पिछली बार के मुकाबले बहुत कम अंतर से मिली जीत भी सवालों के घेरे में है। इन नतीजों के बाद सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत का 'अहंकार' की ओर इशारा करना भी क्या इस बुरे प्रदर्शन का कारण बना? सूत्रों के अनुसार इस बार के चुनाव में कम सीट आने के पीछे भाजपा में अंदरूनी कलह ने भी एक बड़ी भूमिका निभाई। जिस तरह केंद्र के नेतृत्व द्वारा राज्य की सरकारों व राज्यों के नेताओं की उपेक्षा की गई और वो फिर जनता के सामने आई वह भी इन नतीजों का कारण बनी। भाजपा और संघ के बीच हुए मतभेदों को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। यदि केंद्र और राज्य के नेतृत्व में कोई मतभेद थे तो उन्हें समय रहते एक मर्यादा के तहत हल किया जाना चाहिए था। भाजपा और संघ के कार्यकताओं का इस बार के चुनावों में सक्रिय योगदान नहीं दिखाई दिया उससे देश भर में एक संदेश गया है कि राष्ट्रीय नेतृत्व जमीन से कट गया है। इस बार के चुनाव को इतने चरणों में बांटने से भी कार्यकताओं की सहभागिता में कमी नजर आई। कार्यकताओं को इस बात का पूर्ण विश्वास था कि पिछले दस वर्षों में देश में ऐसे कई बदलाव आए हैं, जो तीसरी बार भी मोदी सरकार को पूर्ण बहुमत दिलाएंगे। इसी के चलते भी कार्यकताओं में उतना उत्साह दिखाई नहीं दिया। वहीं दूसरी ओर देखें तो समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव और उनके कार्यकताओं ने जिस तरह उत्तर प्रदेश के चप्पे-चप्पे पर अपनी नजर बनाए रखी और भागदौड़ की वो काफी फायदेमंद रहा। सपा के उम्मीदवारों का चयन और 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों का उन पर भरोसा, दोनों ही इन चुनावों में सही साबित हुए। यदि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता इसी ऊर्जा और रणनीति से अभी से जुटे रहेंगे तो 2027 के विधान सभा चुनावों में भी उनका प्रदर्शन बढ़िया रहेगा। उत्तर प्रदेश के अगले विधान सभा चुनाव में यदि सही रणनीति और सही उम्मीदवारों का चयन हो, यदि वहां की जनता की समस्याओं के समाधान की एक ठोस योजना हो तो उन मतों को भी अपने पाले में लाया जा सकता है जो बुनियादी मुद्दों से भटका दिये गए हैं।

इतना ही नहीं, जिस तरह समाजवादी पार्टी को एक विशेष वर्ग के लोगों की पार्टी माना जाता था, उसका भी भ्रम इस बार के चुनावों में टूटा है। सभी हिंदू तीर्थ स्थलों में सपा ने भाजपा को शिकस्त दी है। समाजवादी पार्टी ने जिस तरह 'एम-वाई' फैक्टर को नए रूप में पेश किया वह भी काम कर गया है। जिस तरह भाजपा हर समय चुनावी मूड में रहती है यदि विपक्षी पार्टियां भी उसी मूड में रहें तो भाजपा को कड़ी टक्कर दे पाएंगी। इसके साथ ही सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों को ही इस बात पर भी तैयार रहना चाहिए कि यदि किसी दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिलता है तो गठबंधन की सरकार ही विकल्प होता है। यदि कोई भी दल इस अहंकार में रहे कि वो एक बड़ा और प्रभावशाली राजनैतिक दल है और विपक्ष दर्शक दीर्घा में बैठने के लिए है तो फिर उसे तब झटका लगेगा ही जब उसे सरकार बनाने के लिए अन्य दलों के आगे झुकना पड़ेगा। हर दल को जनता के फैसले का सम्मान करना चाहिए। गठबंधन की सरकार में हर वो दल जिसके पास अच्छी संख्या हो वह किसी न किसी बात पर उखड़ भी सकता है। इसलिए भलाई इसी में है कि अपनी गलतियों से सबक लिया जाए और 'सबका साथ और सबका विकास' अमल में लाया जाए।

## अमेरिका के एक स्कूल में जुड़वा और तिड़वा बच्चों की भरमार



न्यूयार्क सिटी । ये दुनिया अप्रत्याशित चीजों से भरी पड़ी है । ऐसा ही एक अनोखा वाक्या फ्लोरिडा के एक स्कूल में भी हुआ, इसने सभी को हैरान कर दिया । हुआ यूं कि महीने की शुरुआत में फ्लोरिडा के एक हाई स्कूल से 10वीं के बच्चे ग्रैजुएट हुए । पर जब स्टेज पर एक के बाद एक जुड़वा भाई बहन दिखे तब लोगों के होश उड़ गए । इस भीड़ में 1 तिड़वा बच्चे भी थे । स्कूल को भी नहीं पता था कि इस बैच में इतने सारे ट्विंस और ट्रिपलेट्स मौजूद हैं । साउथ फ्लोरिडा में कूपर सिटी हाई स्कूल में हाई स्कूल बैच के 543 बच्चों का ग्रैजुएशन डे था । वे अगली कक्षा में प्रमोट हो रहे थे । इस मौके पर पता चला कि बैच में कई जुड़वा और तिड़वा बच्चे भी हैं । इसमें आइडेंटिकल ट्विंस के 2 सेट, यानी एक दूसरे से मिलती-जुलती शक्ल के 2 सेट और बाकी 12 सेट फेटर्नल ट्विंस थे, यानी वे एक साथ पैदा हुए थे पर एक जैसी शक्ल के नहीं थे । स्कूल की प्रिंसिपल ने कहा कि ये उनके लिए काफी स्पेशल पल था क्योंकि उनमें से एक स्टेज पर आकर उनसे हाथ मिलाता, वहां उसे डिप्लोमा सर्टिफिकेट देतीं, और फिर दूसरा भी आ जाता और वहां उस भी उसी प्रकार डिप्लोमा सर्टिफिकेट दे देती थीं । उन्होंने कहा कि ये दर्शाता है कि वहां अलग-अलग व्यक्ति हैं, पर वे इतने सालों तक साथ ही रहे हैं । इस बारे में एक लड़की ने कहा कि ये देखना काफी हैरान करने वाला है कि आपकी तरह इतने लोग मौजूद हैं । अब ये बच्चे आगे की शिक्षा के लिए लिए तैयार हो रहे हैं । मुमकिन है कि इनमें से कई अब अलग-अलग जगह जाकर अपनी अलग जिंदगी बनाएंगे । वहीं दो जुड़वा भाइयों ने कहा कि अलग-अलग रहना काफी मुश्किल होगा, पर वहां वीडियो कॉल के जरिए एक दूसरे से जुड़े रहने वाले है ।

## अमेरिका की अदालत ने टीसीएस पर भारी जुर्माना लगाया

टेक्सास । अमेरिका की एक अदालत ने भारत की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) पर ट्रेड सीक्रेट का दुरुपयोग करने के लिए भारी भरकम जुर्माना लगाया है । टेक्सास के यूनाइटेड स्टेट्स डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने कंप्यूटर साइंसेज कॉरपोरेशन की एक शिकायत के बाद टीसीएस पर 194 मिलियन डॉलर से ज्यादा का ये जुर्माना लगाया है । वहीं कंपनी का मानना है कि इस मामले में उसके पास मजबूत तर्क हैं और वह उचित अदालत में समीक्षा के लिए अपील करेगी । कंपनी पर ये जुर्माना ट्रेड सीक्रेट का दुरुपयोग करने के आरोप के कारण लगाया गया है । कंप्यूटर साइंसेज कॉरपोरेशन ने कंपनी के खिलाफ मुकदमा दायर किया था । अदालत के आदेशों के अनुसार, कंपनी साल 2016 के डिफेंड ट्रेड सीक्रेट्स एक्ट के तहत व्यापार रहस्यों के दुरुपयोग के लिए जिम्मेदार है । जिला न्यायालय ने कहा कि आईटी कंपनी कुल 194.2 मिलियन के लिए जिम्मेदार है, जिसमें 56,151,583 कम्पनसेटरी डैमेज और 112,303,166 एक्जेम्पलरी डैमेज के रूप में शामिल हैं । वहीं टीसीएस ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा, फ्रअदालत ने यह भी आंका कि कंपनी 13 जून, 2024 तक 25,773,576.60 प्री-जजमेंट ब्याज के लिए जिम्मेदार है । भारतीय मुद्रा में जुर्माने की रकम तकरीबन 1,622 करोड़ रुपये है ।

## अमेरिका में भारतीय महिलाओं पर गोलीबारी, एक की मौत दूसरी घायल, आरोपी युवक पकड़ा गया

न्यूजर्सी । अमेरिका में भारतीय पर हमले का एक और मामला सामने आया है । यह घटना न्यूजर्सी की है । यहां रह रही पंजाब के जालंधर की दो बहनों पर गोलियां चलायी गयी हैं । इस गोलबारी में 29 साल की एक लड़की जसवीर कौर की मौत हो गयी जबकि दूसरी गंभीर है । पुलिस ने मामले के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है । हमला करने वाले का नाम गौरव गिल है और वह भी जालंधर का ही है । प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी कुछ साल पहले जालंधर से पढ़ाई के लिए वीजा लेकर अमेरिका गया था । यहां किसी बात को लेकर विवाद हो गया जिसके बाद गौरव ने जसवीर कौर और उसकी चचेरी बहन पर गोली चला दी । इस हमले में घायल लड़की को अस्पाल में भर्ती कराया गया है । घायल लड़की और गौरव एक दूसरे को पहले से जानते थे, गोली मारने की वजह अभी सामने नहीं आई है । पुलिस ने आरोपी को पहली बार मिडलसेक्स काउंटी कोर्ट में जज के सामने पेश किया । दोनों लड़कियां घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर रहती हैं । स्थानीय पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास और अवैध हथियार रखने का मामला दर्ज किया है । आरोपी गौरव की गिरफ्तारी का सी.सी.टी.वी. फुटेज सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि आरोपी एक घर में छिपा हुआ है । पहले पुलिस बल ने उन्हें घेर लिया, फिर उसने हाथ उठाया और आत्मसमर्पण कर दिया । मामले की अगली सुनवाई मंगलवार को होगी ।

## कनाडा में 20 मिलियन डॉलर सोने की चोरी करने वाला चोर करेगा सरेंडर

टोरंटो । कनाडा में 20 मिलियन डॉलर की सोने की चोरी में शामिल चोर सरेंडर करने की सोच रहा है । एयर कनाडा के पूर्व प्रबंधक ने शुक्रवार को मीडिया को बताया कि वह खुद को सौंपने की तैयारी कर रहा है । सिमरन प्रीत पनेसर पर टोरंटो के पियर्सन हवाई अड्डे से अप्रैल 2023 में हुई चोरी का उस पर आरोप हैं । उनके वकील ग्रेग लाफोंटेन ने बताया कि पनेसर देश से बाहर है लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि वे कहां हैं । वकील लाफोंटेन ने बताया कि उन्होंने अधिकारियों को कहा है कि पनेसर अगले कुछ हफ्तों में स्वेच्छा से देश लौटने और सरेंडर करने की योजना बना रहा है । वकील ने बताया कि पनेसर को न्याय प्रणाली पर पूरा भरोसा है और जब यह छानबीन खत्म हो जायेगी तो वह कोई भी गलत काम नहीं करेगा । पुलिस ने कहा कि अप्रैल में उन्होंने 6 लोगों को गिरफ्तार किया था व 3 और लोगों की तलाश कर रहे थे । पुलिस अधिकारियों ने कहा कि एयर कनाडा के 2 कर्मचारियों सहित संदिग्धों पर स्विट्जरलैंड से आने वाले 6 हजार 600 सोने की छड़ें जिनका वजन करीब 400 किलो था को चुराने का उस पर आरोप है । इसके लिए उन्होंने एयरवे बिल में जालसाजी भी की थी । कनाडा पुलिस के मुताबिक यह चोरी 17 अप्रैल 2024 को हुई थी । चोरों ने 6 हजार 600 शुद्ध गोल्?ड बार से भरे 400 किलो के कंटेनर को जिसमें 25 लाख कनाडाई डॉलर भी थे स्?टोरेज फैसिलिटी से चुरा लिया । यह कंटेनर स्विटजरलैंड के ज्?यूरिख एयरपोर्ट से टोरंटो एयरपोर्ट पर लाया गया था । कड़ी सुरक्षा के बीच कंटेनर को कार्गो से उतारकर रख दिया गया । दूसरे दिन पुलिस को पता चला कि सोना और कैश दोनों गायब हैं ।

## नेपाल के लुंबिनी में भारत ने रखी स्कूल की नींव

काठमांडू । नेपाल के लुंबिनी प्रोविंस के प्यूथान जिले में एक स्कूल और हॉस्टल की नींव भारत ने शुक्रवार को रख दी है । यह नींव भारत और नेपाल के बीच एक समझौते के तहत एक हाई इंपैक्ट कम्युनिटी डेवलपमेंट प्रोजेक्ट (सामुदायिक विकास परियोजना) के रूप में रखी गई है । प्यूथान जिले के ऐरावती ग्रामीण नगर पालिका-1 में डांग-बैंग माध्यमिक स्कूल के साथ ही एक हॉस्टल का निर्माण नेपाल-भारत विकास सहयोग के तहत किया जा रहा है । भारत सरकार इसके लिए 33.92 मिलियन नेपाली रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेगी । भारत सरकार द्वारा दी जाने वाली इस सहायता से स्कूल और उसके लिए एक हॉस्टल बिल्डिंग के साथ ही अन्य सुविधाओं के मुहैया कराने के लिए किया जा रहा है । भारतीय दूतावास ने इसकी जानकारी आधिकारिक विज्ञप्ति जारी कर दी है । इसके मुताबिक, साल 2003 से भारत सरकार ने नेपाल में विभिन्न क्षेत्रों में 551 से अधिक हाई इंपैक्ट कम्युनिटी डेवलपमेंट प्रोजेक्ट शुरू किए हुए हैं और 490 परियोजनाओं का कार्य पूर्ण किया है । इनमें से विभिन्न क्षेत्रों वाली 61 परियोजनाएं लुंबिनी प्रांत में हैं, जिनमें प्यूथान में चल रहीं 2 परियोजनाएं भी शामिल हैं । इनके अतिरिक्त भारत सरकार ने नेपाल के विभिन्न अस्पतालों, स्वास्थ्य चौकियों और शैक्षणिक संस्थानों को 1009 एम्बुलेंस और 300 स्कूल बसें बतौर उपहार भेंट में दी हैं ।



वेटिकन में एक सांस्कृतिक समारोह में पोप फ्रांसिस से मिले कमेडियन व्होपी गोल्डबर्ग।

## जी 7 को लेकर पीएम मोदी ने बताया कैसी रही ब्राजील, यूएई समेत अन्य देशों के प्रमुखों से मुलाकात

अपुलिया । इटली में जी 7 शिखर सम्मेलन का आयोजन खूब जोर-शोर से हुआ । इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति, ब्राजील और जॉर्डन के नेता समेत कई नेताओं ने शिरकत की थी । समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन, संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा सहित कई नेताओं के साथ बहुत सारी बातें की और फोटो भी खिचवाई । पीएम मोदी ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ भी मुलाकात की । उन्होंने फुमियो किशिदा के साथ मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल प्रोजेक्ट पर बहुत देर तक चर्चा की । यह जी 7 शिखर सम्मेलन में भारत की 11वीं और पीएम मोदी की लगातार पांचवीं भागीदारी थी । पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर इटली की फोटो शेयर की है । उन्होंने लिखा, इटली में बातचीत जारी है... राष्ट्रपति, महामहिम शेख के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई । जानकारी के लिए बता दें कि इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने पीएम मोदी को इटली के अपुलिया क्षेत्र में जी7 शिखर सम्मेलन में पार्ट लेने के लिए आमंत्रित किया था । साथ ही जियोर्जिया मेलोनी ने जी 7 के 50वें शिखर सम्मेलन में ब्रिटेन के प्रधान मंत्री ऋषि सुनक, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन और कनाडाई प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो सहित अन्य वैश्विक नेताओं का भी स्वागत किया ।

## जी7 शिखर सम्मेलन में भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे को लेकर प्रतिबद्धता व्यक्त की गई

**बारी (इटली) (एजेंसी)।** जी7 शिखर सम्मेलन के अंत में जारी विज्ञप्ति में सात औद्योगिक देशों के समूह ने भारत-पश्चिम-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) जैसे ठोस बुनियादी ढांचे के प्रस्तावों को आगे बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता जताई। यह विज्ञप्ति शुक्रवार शाम को लक्जरी रिसॉर्ट बोर्गो एग्नाजिया में प्रथा के तौर पर ''पारिवारिक फोटो'' के बाद जारी की गई। इसके साथ जी7 ने कानून के शासन के आधार पर ''स्वतंत्र और मुक्त हिंद-प्रशांत'' के प्रति प्रतिबद्धता भी दोहराई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेजबान इतालवी समकक्ष जॉर्जिया मेलोनी के निमंत्रण पर जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लिया।

विज्ञप्ति में कहा गया, ''हम गुणवत्तापूर्ण अवसंरचना और निवेश की खातिर परिवर्तनकारी आर्थिक गलियारे विकसित करने के लिए जी7 पीजीआईआई (वैश्विक अवसंरचना और निवेश के लिए साझेदारी) के ठोस प्रस्ताव, प्रमुख परियोजनाओं और पूरक प्रस्तावों को बढ़ावा देंगे, जैसे कि लोबिटो कॉरिडोर, लुजोन कॉरिडोर, मिडिल कॉरिडोर और भारत-पश्चिम एथिया-यूरोप आर्थिक कॉरिडोर के लिए हमारे समन्वय तथा वित्तपोषण कार्यक्रम को मजबूत करना, इसके साथ ही ईयू ग्लोबल गेटवे, ग्रेट ग्रीन वॉल पहल और अफ्रीका के लिए इटली द्वारा शुरू की गई मैटेई योजना को तैयार करना।''

भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) परियोजना के तहत सऊदी अरब, भारत, अमेरिका और यूरोप के बीच एक विशाल सड़क, रेलमार्ग और पोत परिवहन तंत्र की परिकल्पना की गई है ताकि एशिया, पश्चिम एशिया और पश्चिम के बीच जुड़ाव सुनिश्चित किया जा सके। आईएमईसी को



समान विचारधारा वाले देशों द्वारा चीन की 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' (बीआरआई) के समक्ष रणनीतिक प्रभाव हासिल करने की पहल के रूप में भी देखा जा रहा है। बीआरआई एक विशाल संपर्क परियोजना है जो चीन को दक्षिण-पूर्व एशिया, मध्य एशिया, रूस और यूरोप से जोड़ती है। पिछले वर्ष दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान आईएमईसी को अंतिम रूप दिया गया था।

शुक्रवार को मोदी के संबोधन वाले कृत्रिम मेधा, ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्य सागर विषय पर आयोजित 'आउटरीच सोशन' के बारे में विज्ञप्ति में कहा गया, ''साझा जिम्मेदारी की भावना से हम अल्जीरिया, अर्जेंटीना, ब्राजील, भारत, जॉर्डन, केन्या, मॉरिटानिया, ट्यूनीशिया, तुर्किये और संयुक्त अरब अमीरात के नेताओं की भागीदारी का गर्मजोशी से स्वागत करते हैं।'' इसमें कहा गया, ''हम अधिक निश्चितता, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए अपने कृत्रिम मेधा प्रचालन से जुड़े दृष्टिकोणों के बीच तालमेल को बढ़ाने के अपने प्रयासों को आगे बढ़ाएंगे। इस दौरान हम यह भी ध्यान में रखेंगे कि जी7 सदस्यों के रुख और नीतिगत व्यवस्थाएं भिन्न हो सकती हैं।'' शिखर सम्मेलन के एजेंडे की अन्य प्राथमिकताओं के अलावा, विज्ञप्ति में रूस के साथ जारी संघर्ष में यूक्रेन के लिए ''मजबूत समर्थन'' व्यक्त किया गया।

## बाइडेन ने दिलचस्प अंदाज में ट्रंप को कहा हैप्पी बर्थडे



**वाशिंगटन ।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आज अपना 78वां जन्मदिन मनाया है। इस मौके पर राष्ट्रपति जो बाइडेन ने उन्हें अपने ही अंदाज में जन्मदिन की बधाई दी, जिसे लेकर अब चर्चा हाम हो गई है। दरअसल उन्होंने इसे अपने चुनावी अभियान से जोड़ते हुए ट्रंप की उम्र के मुताबिक 78 उपलब्धियां गिना दीं हैं। अब चूंकि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 78 वर्ष के हो गए हैं अत-राष्ट्रपति बाइडेन ने भी ट्रम्प की 78 उपलब्धियों को गिनाते हुए जन्म दिन की बधाई दे डाली। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ट्रम्प के कार्यों के साथ अपने कार्यों की तुलना करते हुए एक वीडियो शेयर किया है। इस तरह से बाइडेन ने ट्रम्प को जन्मदिन संदेश जारी कर चुनाव प्रचार का काम भी कर लिया। इसमें उन्होंने बताया है कि किस तरह से पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप एक असफल और धोखेबाज़ इंसान हैं।

यहां बतलाते चलें कि अमेरिका में इसी साल राष्ट्रपति चुनाव होने हैं और राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव मैदान में उतरे दोनों ही प्रमुख-पार्टी के उम्मीदवार यानी ट्रम्प और राष्ट्रपति जो बाइडेन खासे उम्रदार हैं। इनमें से बाइडेन जहां 81 साल के हैं, वहीं ट्रम्प 78 साल के हो चुके हैं। इस चुनाव के मद्देनजर बाइडेन कैंप की तरफ से एक वीडियो जारी किया गया, जिसमें लिखा गया, जन्मदिन मुबारक हो, डोनाल्ड। आप एक बदमाश, एक असफल, एक धोखेबाज और हमारे लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था, अधिकारों और भविष्य के लिए खतरा हैं। इसके आगे बाइडेन दिलचस्प अंदाज में कहते हैं, कि अमेरिका की ओर से, आपके 79वें जन्मदिन के लिए हमारा तोहफा पहले से ही यह सुनिश्चित करना होगा कि आप फिर कभी राष्ट्रपति न बनें। इसके साथ ही बाइडेन एडमिनिस्ट्रेशन ने ट्रम्प की 78 कथित उपलब्धियों की एक लिस्ट भी जारी की है। इस लिस्ट में पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर लगे विभिन्न आरोपों और दोषी ठहराए जाने वाले मामलों का उल्लेख करते हुए लिखा गया कि यह पहले राष्ट्रपति हैं।

## अंतरिक्ष तक पहुंच सकती है रुस और युक्रेन के बीच चल रही जंग

**मॉस्को (एजेंसी)।** यूक्रेन के साथ दो साल से ज्यादा समय से रूस युद्ध में उलझा हुआ है। इस दौरान रूस ने अपने एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम पर ही ज्यादातर समय भरोसा जताया लेकिन हाल के समय में यूक्रेनी मिसाइलों के खिलाफ एस-400 के फेल होने की रिपोर्ट सामने आई हैं। ऐसे में रूस ने रणनीतिक तौर पर बेहद अहम केर्च ब्रिज को यूक्रेनी हमलों से बचाने के लिए रणनीति बदली है। ये पुल रूस को क्रीमिया से जोड़ता है। रूस इसका इस्तेमाल क्रीमिया में सैनिकों और हथियारों के परिवहन के लिए उपयोग करता है। इस पुल को बचाने के लिए रूस ने अपनी सबसे नई और सक्षम एस-500 वायु रक्षा प्रणाली को तैनात किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यूक्रेनी रक्षा खुफिया (एचयूआर) प्रमुख किरिलो बुडानोव ने बताया है कि रूस ने केर्च ब्रिज की रक्षा के लिए अपने सबसे परिष्कृत एस-500 वायु रक्षा प्रणाली को क्रीमिया में तैनात किया है। किरिलो बुडानोव ने कहा कि हमने एस-500 तत्वों क्रीमिया में देखा है। एस-500 की तैनाती की रिपोर्ट पूर्व रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू की ओर से अप्रैल में की गई उस घोषणा के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि रूसी सशस्त्र बलों को इस साल अगली पीढ़ी के बहुप्रतीक्षित एस-500 वायु रक्षा प्रणाली का पहला बैच प्राप्त होगा। बुडानोव के दावे पर सैन्य विश्लेषकों ने कहा है कि रूस अपने रणनीतिक महत्व को देखते हुए यूक्रेनी हमलों के खिलाफ केर्च ब्रिज को सुरक्षित कर रहा है। इस पुल को कई बार यूक्रेनी सेना निशाना बना चुकी है। अगस्त 2023 में भी ये पुल बमबारी में क्षतिग्रस्त हो गया था। सैन्य विश्लेषक विजिंदर के ठाकुर का इस पर कहना है कि एस-500 प्रणाली की अतिरिक्त रेंज यूएस/नाटो संपत्तियों को करीब 100 किमी दूर संचालित करने के लिए मजबूर करेगी, जिससे उनकी आईएसआर क्षमता कम हो जाएगी। ये तैनाती ऐसे समय में हुई है जब यूक्रेन ने रूस पर हमला करने के लिए अपने लंबी दूरी के हथियारों का उपयोग करना शुरू कर दिया है, खासकर क्रीमिया को तीव्र जोखिम में डाल दिया है। एस-500 गेम-चेंजर साबित होने का वादा करता है। यह कथित तौर पर पांचवीं पीढ़ी के विमानों, कम कक्षा के उपग्रहों और मिसाइल खतरों का मुकाबला करने में सक्षम है। इसे ए-135 एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल सिस्टम के संभावित प्रतिस्थापन के रूप में बनाया गया था, जो अब मॉस्को के बाहर साइलो में तैनात है। इसके अतिरिक्त, इसका उद्देश्य लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एसएएम) प्रणाली, एस-400 ट्रायम्फ का समर्थन करना है। एस-500 एक परिष्कृत रडार कॉम्प्लेक्स से सुसज्जित है जिसमें प्रति बैटरी चार रडार वाहन शामिल हैं।

## दक्षिण अफ्रीका के दोबारा राष्ट्रपति चुने गए रामफोसा, 19 को लेंगे शपथ

**केपटाउन (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका की सत्तारूढ़ पार्टी एएनसी के नेता सिरिल रामफोसा को संसद ने एक बार फिर राष्ट्रपति चुन लिया है। नेशनल असेंबली की बैठक की अध्यक्षता करने वाले मुख्य न्यायाधीश रेमंड ज़ोंडो ने ऐलान किया कि राष्ट्रपति चुनाव में रामफोसा को 283 वोट मिले, जबकि इकोनॉमिक फ्रीडम फाइटर्स के उम्मीदवार जूलियस मालेमा को 44 वोट हासिल मिले हैं।

मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक दोबारा राष्ट्रपति चुने जाने के बाद रामफोसा ने अपने पहले संबोधन में कहा कि उन्होंने दोबारा राष्ट्रपति बनने को एक बड़ी जिम्मेदारी के रूप में माना है। वह उन लोगों के साथ भी काम करेंगे जिन्होंने उनका समर्थन नहीं किया। उन्होंने कहा कि मई के अंत में हुए आम चुनावों के परिणामों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि देश के लोग अपने नेताओं से मिलकर काम करने की उम्मीद करते हैं।

रामफोसा ने आगे कहा कि अपने वोटों के जरिए लोग उम्मीद करते हैं कि गैर-नस्लवाद, गैर-लिंगवाद पर आधारित शांति और न्याय पर आधारित लोकतांत्रिक समाज के उद्देश्यों को प्राप्त करने, स्थिरता सुनिश्चित करने और गरीबी, बेरोजगारी और



असमानता की तिहरी चुनौतियों से निपटने, सबके लिए समृद्धि हासिल करने के लिए सभी दल संविधान के ढांचे के अंदर रहकर एक साथ मिलकर काम करेंगे।

रामफोसा ने जोर देकर कहा कि कई दलों की सहमति से बनी राष्ट्रीय एकता की सरकार दो या तीन दलों का एक बड़ा गठबंधन नहीं है। उन्होंने कहा कि लोगों द्वारा दिए जनादेश से यह तय के लिए मिलकर काम कर सकें कि हम उन चुनौतियों का समाधान करें जिनका वे सामना कर रहे हैं और मैं दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति के रूप में इसे हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

यह हमारे देश के लिए एक ऐतिहासिक मोड़ है, जिसके लिए हमें अपने संवैधानिक लोकतंत्र और कानून के राज को मजबूत करने और लोगों के लिए एक मिलकर काम करना चाहिए।

दक्षिण अफ्रीकी संविधान के मुताबिक चुने गए राष्ट्रपति को पांच दिन के अंदर अपना पदभार ग्रहण करना है। नेशनल असेंबली द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक रामफोसा 19 जून को देश शपथ लेंगे। वहीं सांसदों ने एएनसी के थोको डिडिजा को स्पीकर चुना है जो पहले कृषि मंत्री रह चुके हैं। डेमोक्रेटिक अलायंस (डीए) की एनेली लोट्रिएट डिप्टी स्पीकर चुनी गईं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एएनसी और मुख्य विपक्षी दल डीए ने शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता की सरकार बनाने के लिए एक समझौता किया, जिसमें पैट्रिऑटिक अलायंस और इंकाथा फ्रीडम पार्टी भी शामिल होगी। समझौते के तहत रामफोसा को डीए के समर्थन से फिर से राष्ट्रपति चुने जाने की पहले से उम्मीद थी। बता दें गत 29 मई को हुए आम चुनावों में एएनसी ने 400 सीटों में से 159 सीटें हासिल कीं। पिछले 30 साल में पहली बार संसद के निचले सदन में उसे पूर्ण बहुमत नहीं मिला है।

## रूस फौरी तौर पर युद्ध रोकने को तैयार, लेकिन यूक्रेन को शर्त मंजूर नहीं

मास्को । रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध से आम नागरिक भी परेशान हो चले हैं, ऐसे में रुस की तरफ से सशर्त युद्ध बंद करने का वादा किया गया है । दूसरी तरफ यूक्रेन ने रुस की शर्तों को मानने से इंकार कर दिया है, जिससे समझा जा रहा है कि यह युद्ध अभी आगे भी चलता ही रहने वाला है । यहां बताते चलें कि वैश्विक मंचों पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने करीब ढाई साल से चल रहे युक्रेन युद्ध को तत्काल प्रभाव से बंद करने और युद्ध विराम का ऐलान करने का वादा किया है । ऐस करने के लिए रुस ने यूक्रेन के सामने दो शर्ते रखीं हैं । इस मामले में शुक्रवार को पुतिन ने अपने एक बयान में कहा कि यदि कीव चार कब्जे वाले यूक्रेनी क्षेत्रों से अपने सैनिकों को वापस बुला ले और उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल होने की योजना छोड़ दे तो वह यूक्रेन में तत्काल 'युद्ध विराम' का वादा करता है और यूक्रेन संग वार्ता शुरू करने को राजी होता है । रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने यह बात मॉस्को में विदेश मंत्रालय की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहीं ।

## क्या पीएम मोदी के न्योते पर भारत आएंगे पोप फ्रांसिस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पोप फ्रांसिस को भारत आने का न्योता दिया है । पीएम मोदी से पहले पोप से पंडित जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी, इन्द्र कुमार गुजराल और अटल बिहारी वाजपेयी मिल चुके हैं। पीएम मोदी जब साल 2021 में जी20 समिट के लिए रोम के दौरे पर गए थे, तब भी उन्होंने पोप फ्रांसिस से मुलाकात की थी और उन्हें भारत आने का न्योता दिया था। साल 2016 में भी पोप फ्रांसिस भारत आने वाले थे, मगर ऐसा नहीं हो पाया था। पोप फ्रांसिस की बात करें तो अब तक वह भारत के दौरे पर नहीं आए हैं। भारत का दौरा करने वाले अंतिम पोप जॉन पॉल द्वितीय थे, जो एशिया में चर्च पर एक पोप दस्तावेज जारी करने के लिए 1999 में नई दिल्ली आए थे। पीएम मोदी जी 7 समिट में पोप फ्रांसिस से मिले। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पोप फ्रांसिस को भारत आने का न्योता दिया है । उम्मीद की जा रही है कि इस बार पोप फ्रांसिस भारत दौरे पर आएंगे। पीएम मोदी 87 वर्षीय पोप फ्रांसि के साथ गले मिले और हल्के-फुल्के अंदाज में बातचीत करते नजर आए। पोप फ्रांसिस को पीएम मोदी ने साल 2016 और 2021 में भी भारत आने का न्योता दिया था। मगर वह नहीं आए। इस बार भी पीएम मोदी ने इटली में जी7 शिखर सम्मेलन के इतर वेटिकन के चीफ पोप फ्रांसिस को भारत आने का न्योता दिया। अब देखने वाली बात है कि पोप फ्रांसिस आते हैं या नहीं, या फिर आते हैं तो कब। अगर वह आते हैं तो हिंदू बहुल राष्ट्र में उनकी यह पहली यात्रा होगी। दरअसल, पीएम मोदी और पोप फ्रांसिस ने इटली के अपुलिया में जी7 शिखर सम्मेलन के 'आउटरीच सेशन' में गर्मजोशी से मुलाकात की। पीएम मोदी ने कहा कि मैं लोगों की सेवा करने और हमारे ग्रह को बेहतर बनाने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना करता हूं। साथ ही उन्हें भारत आने का निमंत्रण भी दिया। वहीं, पोप फ्रांसिस ने भी न्योता स्वीकार कर लिया है। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई), ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्य सागर विषय पर 'आउटरीच सेशन' में अपने संबोधन में कहा कि एआई का बेहतर इस्तेमाल करना हममें से प्रत्येक पर निर्भर करता है। बता दें कि पीएम मोदी रोमन कैथोलिक चर्च के प्रमुख पोप फ्रांसिस से मिलने वाले भारत के पांचवें प्रधानमंत्री हैं। अब सवाल है कि आखिर पोप को भारत आने का न्योता कितना अहम है? तो इसका जवाब है कि भारत एशिया में दूसरी सबसे बड़ी कैथोलिक आबादी वाला देश है।

# पहली बार टी20 विश्व कप खेल रहा अमेरिका सुपर आठ में पहुंचा, पाकिस्तान बाहर

**फोर्ट लाउडरहिल (एजेंसी)।** । अमेरिका ने शुक्रवार को यहां आयरलैंड के खिलाफ मैच रद्द होने के बाद अपने पहले ही प्रयास में टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण को पार करने के साथ ही पूर्व चैम्पियन पाकिस्तान को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। अमेरिका ने अपने पहले दो मुकाबलों में पड़ोसी देश कनाडा और मजबूत पाकिस्तान पर जीत दर्ज की थी। उसे भारत के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा लेकिन ग्रुप ए में उसका आयरलैंड के खिलाफ आखिरी मैच बारिश की भेंट चढ़ गया। इस मैच रद्द होने से वह ग्रुप से से भारत के साथ सुपर आठ चरण में पहुंच गया।

अंपायरों ने कई बार मैदान का निरीक्षण करने के बाद आउटफील्ड गीली होने के कारण मैच को रद्द करने का फैसला किया। जिसका मतलब यह हुआ कि पाकिस्तान की मजबूत टीम उस टूर्नामेंट से बाहर हो गई, जिसे उन्होंने 2009 में जीता था। अमेरिका ने ग्रुप लीग अभियान को चार मैचों में पांच अंकों के साथ समाप्त किया और पाकिस्तान अगर आयरलैंड के खिलाफ अपना आखिरी मैच जीत भी जाता है तो अधिकतम चार अंकों तक पहुंच सकता है। पाकिस्तान रविवार को न्यूयॉर्क में भारत के खिलाफ जीत के लिए 120 रन का लक्ष्य हासिल करने में नाकाम रहा था। इससे पहले, डलास में अपने शुरुआती मैच में उसे अमेरिका से सुपर ओवर में करारी हार का सामना करना पड़ा था।

अमेरिका ने लगभग टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच में लगभग 200 रनों का पीछा करते हुए कनाडा पर शानदार जीत दर्ज की थी। उसने टी20 विश्व कप के सबसे बड़े उलटफेरों में से एक में पिछले साल के उपविजेता पाकिस्तान को झटका दिया और फिर खिताब के प्रबल दावेदार भारत को कड़ी टक्कर दी। टीम ने इससे पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में बांग्लादेश को शिकस्त दी थी। फोर्ट लाउडरहिल फ्लोरिडा का हिस्सा है जो उष्णकटिबंधीय तूफान की चपेट में है।






# अफगानिस्तान टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आना भी शेष : ट्रॉट



**गयाना (एजेंसी)** । अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट टीम के सुपर आठ में पहुंचने से बेहद उत्साहित हैं। ट्रॉट के अनुसार टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आना अभी शेष है। ट्रॉट ने कहा कि लीग स्तर में अब वेस्टइंडीज से होने वाले मैच में उनकी टीम के खेल का स्तर पता चलेगा। खेलना है। इस मुकाबले में देखना होगा कि उनकी टीम किस स्तर पर है।

ट्रॉट ने कहा, 'हमारे पास अब भी एक मैच शेष है। वेस्टइंडीज की मजबूत टीम के खिलाफ इस मैच में पता चलेगा कि हम कहां हैं। हमें ये समझना होगा कि हमने अब तक कुछ भी नहीं जीता है। हमें कुछ महत्वपूर्ण क्रिकेट मैच खेलने हैं जिनमें हमें अच्छा प्रदर्शन कर सकें।

अफगानिस्तान ने राशिद खान की कप्तान और तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी जैसे खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन से विरोधी खिलाड़ियों पर दबाव बनाया है। फारूकी ने अब तक 12 विकेट लिए हैं। इसके अलावा टीम के. सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान भी अच्छी बल्लेबाजी की है। उसे बारबडोस में अपने पहले सुपर 8 मुकाबले में भारत से खेलना है। .

ट्रॉट ने कहा, 'मेरा मानना है कि हम बहुत प्रतिभाशाली हैं और जब हम अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलते हैं तो हम किसी से भी मुकाबला कर सकते हैं। हमने यह देखा है. मुझे लगता है कि हमने अब भी अपना सर्वश्रेष्ठ खेल नहीं खेला है। अब भी कुछ चीजें हैं जिन पर हमें काम करने की जरूरत है और हम अगले कुछ दिनों में उन पर काम करेंगे जिससे प्रमुख टीमों को हराया जा सके।'

# विराट के अमेरिका में असफल होने से सभी हैरान



**न्यूयार्क (एजेंसी)** । भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली अभी तक टी20 विश्वकप में असफल रहे हैं। विराट अब तक खेले तीनों ही मैचों में रन नहीं बना पाये हैं। वह तीन पारियों में केवल पांच रन ही बना पाये और अमेरिका के खिलाफ पहली ही गेंद पर आउट हो गये। हाल में जिस प्रकार विराट ने आईपीएल में सबसे अधिक रन बनाये थे उससे उनके यहां भी बड़े स्कोर की संभावननाएं थी। इससे उनके प्रशंसक भी हैरान हैं। ये पांच साल में पहली बार है जबकि विराट का औसत 50 से नीचे आया है।

विश्कप के अधिकतर विकेट उछाल वाले और धीमे हैं और इन पर ज्?यादातर बल्लेबाज संघर्ष करते नजर आए हैं पर विराट जैसे शीर्ष स्तर के बल्लेबाज का असफल होना हैरानी की बात है। जब वह लय में होते हैं तो विकेट से उनको फर्क नहीं पड़ता। इसके बाद भी उनकी बल्लेबाजी में आई गिरावट समझ से परे है। कुछ प्रशंसकों का मानना है कि बल्लेबाजी क्रम में बदलाव के कारण वह असफल हो रहे हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट में विराट तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं लेकिन अभी वह पारी की शुरुआत कर रहे हैं। आयरलैंड के खिलाफ 1 और पाकिस्?तान के खिलाफ 4 रन बनाने वाले विराट के अमेरिका के खिलाफ 0 पर आउट होते ही दो अनचाहे रिकॉर्ड उनके नाम के साथ जुड़ गए। टी20 वर्?डकप में यह पहली बार है जब विराट 0 पर आउट हुए हैं और इस पारी के बाद उनका टी20 का बैटिंग औसत 50 के नीचे आ गया। 50 या इससे अधिक का बैटिंग औसत बरकरार रखने के लिए उन्?हें अमेरिका के खिलाफ मैच में कम से कम 8 रन बनाने थे लेकिन ऐसा नहीं हो सका। टी20 वर्?डकप से पहले विराट का औसत 51.75 था जो अब तक 50 से नीचे आया है। विराट ने सितंबर 2019 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मोहाली में नाबाद 72 रनों की पारी खेलकर टी20 50 से अधिक का औसत हासिल किया था।

# नेपाल टी20 विश्व कप में एक और उलटफेर करने से चूका, दक्षिण अफ्रीका से 1 रन से हारा

**किंग्सटाउन (एजेंसी)।** । नेपाल जीत के बेहद करीब पहुंचने के बावजूद टी20 विश्व कप में सबसे बड़ा उलटफेर करने से चूक गया और दक्षिण अफ्रीका ने आखिर में एक रन से जीत दर्ज करके टूर्नामेंट में अपना विजय अभियान जारी रखा। दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 115 रन ही बना पाई। उसकी तरफ से रीजा हेंड्रिक्स ने सर्वाधिक 43 रन बनाए। नेपाल की तरफ से कुशाल भुर्तेल ने 19 रन देकर चार और दीपेंद्र सिंह ऐरी ने 21 रन देकर 3 विकेट लिए। नेपाल को मैच की अंतिम गेंद पर जीत के लिए दो रन की जरूरत थी।

अगर वह एक रन भी बना लेता तो मैच सुपर ओवर तक खिंच जाता लेकिन किशोर खिलाड़ी गुलशन झा तेजी से रन चुराने के प्रयास में रन आउट हो गए। इस तरह से नेपाल 7 विकेट पर 114 रन ही बना पाया। नेपाल के खिलाड़ी निराश थे क्योंकि उन्होंने आईसीसी के पूर्णकालिक सदस्य के खिलाफ 12 प्रयासों में पहली जीत दर्ज करने का सुनहरा अवसर गंवा दिया। नेपाल को एक समय 24 गेंद पर 22 रन की जरूरत थी। उसे अंतिम तीन ओवर में जीत के लिए 18 रन चाहिए थे लेकिन उसने छह गेंद और एक रन के अंदर तीन विकेट गंवा दिए। इनमें से दो विकेट स्पिनर तबरेज शम्सी ( 19 रन देकर चार विकेट ) ने लिए।




नेपाल को अंतिम ओवर में आठ रन चाहिए थे। ओटनील बार्टमैन के इस ओवर में गुलशन पहली दो गेंद पर रन नहीं बना पाए।इसके बाद उन्होंने चौका लगाया। जब नेपाल को तीन गेंद पर चार रन चाहिए थे तब गुलशन ने सोमपाल कामी के साथ दौड़ कर दो रन लिए। पांचवीं गेंद पर कोई रन नहीं बन पाया और अगली गेंद पर गुलशन रन आउट हो गए। आसिफ शेख के 42 रन और अनिल शाह के 27 रन की मदद से नेपाल लक्ष्य के करीब पहुंच पाया था। नेपाल के कप्तान रोहित पौडेल ने कहा,''आखिर में यह बेहद करीबी मुकाबला बन गया था। मुझे लगता है की महत्वपूर्ण मौकों पर हमने अच्छा प्रदर्शन किया। अगर हम बड़ी टीमों के खिलाफ लगातार खेलते रहे तो अगली बार हमारी जीत होगी।

# सुपर आठ से पहले जडेजा के खराब फार्म से चिन्ताएं बढ़ी




मुम्बई ।ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा टी20 विश्वकप में अब तब अपने नाम के अनुरुप प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। वह गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनो में ही अब तक विफल रहे हैं। जडेजा के नाम अब तक इस वर्ल्ड कप में न तो कोई रन है और ना ही कोई विकेट है। इसके अलावा वह अब तक फील्डिंग में भी प्रभावित नहीं कर पाए हैं। उनके नाम कोई भी रन आउट या कैच नहीं है। ऐसे में जडेजा का फॉर्म भारत के लिए चिंता का विषय है। वह टीम के अनुभवी खिलाड़ियों में से एक हैं और उनका सुपर 8 से पहले फॉर्म में आना बहुत ज्यादा जरूरी है। ऐसे में उनका लक्ष्य कनाडा के खिलाफ होने वाले मैच से सुपर आठ मुकाबलों के लिए लय हासिल करना रहेगा। जडेजा एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो निचले क्रम पर तेजी से रन बनाने के साथ ही अहम अवसरों पर विकेट लेकर कभी भी मैच पलटने वाले खिलाड़ियों में जाने जाते हैं। ऐसे में भारतीय टीम चाहेगी कि सुपर आठ के लिए वह लय हासिल कर लें क्योंकि अभी निचले क्रम पर हार्दिक पंड्या ही एकमात्र हिटर हैं।

# विंबलडन में अब मिलेगी अधिक इनामी राशि

लंदन। अब विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में विजेता खिलाड़ियों को अधिक इनामी राशि मिलेगी। इंग्लैंड क्लब के अधिकारियों ने इसमें कुल पुरस्कार राशि बढ़कर रिकॉर्ड 5 करोड़ पाउंड तकरीबन छह करोड़ 40 लाख डॉलर कर दी है। कुल इनामी राशि पिछले साल की तुलना में 53 लाख पाउंड 68 लाख डॉलर अधिक है ये अनुमान के अनुसार 11.9 फीसदी की बढ़त है। यह एक दशक पहले इस इस ग्रासकोर्ट ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में प्रतियोगियों को दी गई दो करोड़ 50 लाख पाउंड वर्तमान विनिमय दर पर 3 करोड़ 20 लाख डॉलर से दोगुनी है। ऐसे में हर एक एकल विजेता को 27 लाख पाउंड 34 लाख 50 हजार डॉलर की राशि मिलेगी। ऑल इंग्लैंड क्लब की नई अध्यक्ष डेबोरा जेवांस ने कहा कि इस बार टूर्नामेंट के लिए टिकटों की मांग काफी ज्यादा है। इस साल के विजेताओं को मिलने वाली राशि में प्रत्येक वर्ग में 3,50,000 पाउंड लगभग 4,50,000 डॉलर की बढ़ोतरी हुई है ये 14.9 फीसदी की बढ़ोतरी है। एकल के पहले दौर में हारने वाले खिलाड़ियों को 2023 में 55,000 पाउंड 70,000 डॉलर से बढ़ाकर 60,000 पाउंड तकरीबन 76,000 डॉलर मिलेंगे। वहीं क्वालीफाइंग प्रतियोगिता के लिए पुरस्कार 14.9 फीसदी बढ़कर 48 लाख पाउंड तकरीबन 60 लाख डॉलर हो जाएगी।

# सैमसन को अंतिम ग्यारह में शामिल करें : श्रीसंत

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज श्रीसंत के अनुसार विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को अब तक टी20 विश्व मैचों में खेलने का अवसर नहीं मिला है। ऐसे में अब उन्हें सुपर आठ के मैचों में अंतिम ग्यारह में जगह देनी चाहिये। श्रीसंत के अनुसार सैमसन को शिवम दुबे की जगह पर भी शामिल किया जा सकता है। सैमसन के आने से भारतीय टीम की बल्लेबाजी और मजबूत होगी। वह एक अच्छे विकेट और फील्डर हैं। इसके साथ ही वह किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए बड़ी पारी खेल सकते हैं। सैमसन को अमेरिका और वेस्टइंडीज में संयुक्त रुप से हो रहे विश्वकप के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है पर अब तक उन्हें खेलने का अवसर नहीं मिला है। सैमसन को आईपीएल 2024 में शानदार प्रदर्शन के चलते टी20 विश्व कप के लिए



टीम इंडिया में जगह मिली थी। वह बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच में सलामी बल्लेबाज के रूप में उतरे थे पर न्यूयॉर्क की कठिन पिच पर विफल रहे। विश्व कप के पहले तीन मैचों के दौरान सैमसन और युवा यशस्वी जयसवाल को भी बाहर ही बैठना पड़ा था। श्रीसंत ने कहा कि अगर प्रबंधन विराट कोहली और रोहित शर्मा के बिना नई सलामी जोड़ी तैयार करता है तो यशस्वी को उतारा जा सकता है। साथ ही कहा कि यशस्वी के आने से रोहित को आक्रामक खेलने का अवसर मिल जाएगा क्योंकि उन्हें पता रहेगा कि आगे कोई परेशानी होने पर विराट हालात को संभाल सकते हैं। श्रीसंत ने हालांकि माना कि कोई भी विजयी संयोजन को बदलना नहीं चाहता। मैं जानता हूं कि कोच राहुल द्रविड़ कठिन फैसले लेते हैं। यशस्वी को शिवम दुबे की जगह पर भी टीम में जगह मिल सकती है। साथ ही कहा कि सैमसन के आने से टीम की बल्लेबाजी और परत जोड़ेगी। वह अच्छे विकेटकीपर होने के साथ ही फील्डर भी हैं। मुझे लगता है कि हार्दिक पंड्या और रवींद्र जडेजा के साथ सैमसन को टीम में जगह दी जा सकती है। श्रीसंत का मानना है कि ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा की जगह पर कभी सवाल नहीं उठाया जाना चाहिए क्योंकि उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में महत्वपूर्ण क्षणों में मैच जिताने वाला प्रदर्शन करके अपनी योग्यता साबित की है।

# आईपीएल में मिले अनुभवों से मिली सफलता : फारूकी

**तारूबा (एजेंसी)** । टी20 विश्वकप में इस बार अपनी घातक गेंदबाजी से सभी को हैरान करने वाले अफगानिस्तान के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी ने इसका श्रेरु आईपीएल में मिले अनुभवी को बताया है। फारूकी ने कहा कि पुरुष टी20 विश्व कप में उनका शानदार प्रदर्शन आईपीएल 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलने के दौरान हमेशा अपने कौशल को बेहतर बनाने पर काम करने के कारण ही संभव हुआ है। फारूकी ने अब तक टी20 विश्व कप में 3.50 की औसत और 3.70 की इकॉनमी से तीन मैचों में सबसे अधिक 12 विकेट लिए हैं। यहां तक कि विश्व के सभी दिग्गज गेंदबाज उनसे कहीं पीछे रह गये हैं। फारुखी ने पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ 16 रन देकर तीन विकेट लिए।

फारूकी ने कहा, दुर्भाग्य से मुझे आईपीएल में खेलने का कोई अवसर नहीं मिला, लेकिन मैं अपने कौशल पर काम कर रहा था, अफगानिस्तान के लिए बेहतर प्रदर्शन करने के लिए अपने कौशल में सुधार कर रहा था। मैं बस अपना सौ फीसदी देने का प्रयास हूं और अपने कौशल का समर्थन करता हूं। मेरे लिए, मेरी मानसिकता सरल है। जब भी मैं अंडर-19 या अंडर-16 में खेलता था, तो मुझे लगता था-मैं बड़ा आदमी नहीं हूं। मैं कोई बड़ा और लंबा और बहुत तेज गेंदबाजी करने वाला व्यक्ति नहीं हूं। उस समय मैं दूसरों से कुछ अलग करने के लिए अपने कौशल को बेहतर बनाने के बारे में सोच रहा था। मैं स्विंग गेंदबाजी करना सीखने जा रहा था और अब मेरे लिए यह आसान है।

उन्हें टीम के गेंदबाजी सलाहकार ड्वेन ब्रावो से भी काफी फायदा हुआ है। ब्रावो और फारूकी यूएई की आईएलटी20 लीग में अबू धाबी नाइट राइडर्स और अबू धाबी टी10 लीग में दिल्ली बुल्स के लिए एक साथ खेले हैं। उन्होंने खुलासा किया कि डेथ ओवरों में दबाव की स्थिति से निपटने के दौरान अफगानिस्तान के गेंदबाजों पर ब्रावो के मार्गदर्शन का काफी प्रभाव पड़ा है। उन्होंने डीजे ब्रावो के बारे में कहा, मैं पिछले चार सालों से उनके साथ हूं। मैं हर बार एक ही टीम में खेल रहा हूं। वह हमें डेथ ओवरों में कैसे गेंदबाजी करनी है, महत्वपूर्ण परिस्थितियों में कैसे गेंदबाजी करनी है, इसके लिए कुछ टिप्स देते हैं।




# दीक्षा डागर की शानदार शुरुआत, इटालियन ओपन में संयुक्त चौथे स्थान पर

नई दिल्ली। भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इटालियन ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में पांच अंडर 67 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। पहले दौर के बाद दीक्षा ऑस्ट्रेलिया की कर्स्टन रूडगेली, स्पेन की फातिमा फर्नांडीज कैनो और स्विट्जरलैंड की टिफनी अराफी से एक शॉट पीछे हैं। इस टूर्नामेंट में भाग ले रही भारत की अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन हालांकि अच्छा नहीं रहा। दीक्षा के बाद वाणी कपूर ( 72 ) का नंबर आता है जो संयुक्त 30वें स्थान पर हैं। उनके अलावा प्रणवी उर्स और त्वेसा मलिक 73-73 के स्कोर के साथ संयुक्त 41वें और रिधिमा दिलावरी ( 75 ) संयुक्त 76वें स्थान पर हैं।



### अदिति अशोक मीजर क्लासिक एलपीजीए में संयुक्त 16वें स्थान पर

भारतीय गोल्फर अदिति अशोक यहां मीजर एलपीजीए क्लासिक के दूसरे दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलकर संयुक्त 16वें स्थान पर है। बेंगलुरु की यह खिलाड़ी अगस्त में अपना तीसरा ओलंपिक खेल खेलने के लिए तैयार है। ऐसे में उनके लिए कुछ लय हासिल जरूरी होगा। अदिति ने छठे, आठवें और 18वें होल में बर्डी लगाकर 70 का कार्ड खेला। उनका कुल स्कोर छह-अंडर 138 का है। वह तीन बार की एलपीजीए टूर विजेता एली इविंग से पांच शॉट पीछे हैं।

# उचित क्रिकेट खेलने पर दुनिया की किसी भी टीम को हरा सकता है अमेरिका: आरोन जोन्स

**लॉडरहिल (अमेरिका) (एजेंसी)।** अमेरिका के उप कप्तान आरोन जोन्स ने कहा कि अगर उनकी टीम उचित तरीके से और अपनी क्षमता के अनुसार क्रिकेट खेलती है तो वह दुनिया की किसी भी टीम को हरा सकती है। अमेरिका ने आयरलैंड के खिलाफ मैच बारिश की भेंट चढ़ जाने के बाद टी20 विश्व कप के सुपर 8 में जगह बनाई। पहली बार इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे अमेरिका ने ग्रुप ए में कनाडा को सात विकेट से और पाकिस्तान को सुपर ओवर में हराया था। जोन्स ने संवाददाता सम्मेलन में कहा,''निश्चित तौर पर हम सुपर 8 की चुनौती को लेकर उत्साहित हैं। पिछले दो सप्ताह में हमने दिखाया कि हम प्रतिस्पर्धा पेश कर सकते हैं और आईसीसी के कुछ पूर्णकालिक सदस्य देशों को हरा सकते हैं।''




सुपर 8 में अमेरिका का सामना दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और संभवतः इंग्लैंड से होगा तथा जोन्स ने कहा कि उनकी टीम इन बड़ी टीमों को कड़ी चुनौती देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा,''ईमानदारी से कहूं तो अधिकतर लोगों ने अमेरिकी क्रिकेट पर बहुत अधिक ध्यान नहीं दिया। शायद पूरी दुनिया को इससे पहले पता ही नहीं था कि हमारे पास कितनी प्रतिभा है और हमारे खिलाड़ी कितना अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। यह हमारे लिए थोड़ा फायदेमंद रहा लेकिन निश्चित तौर पर अगर हम उचित क्रिकेट खेलते हैं और यह विश्वास रखते हैं कि हम दुनिया की किसी भी टीम को हरा सकते हैं तो हम ऐसा कर सकते हैं।''

अमेरिका ने सुपर 8 में जगह बनाकर 2026 में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। जोन्स ने कहा,''यह हमारे लिए बहुत मायने रखता है। पिछले दो वर्षों से हम विश्व कप में खेलने, पूर्णकालिक सदस्य देशों के खिलाफ अधिक मैच खेलने और इसी तरह के विषयों पर बात कर रहे थे। हमने यहां अच्छा प्रदर्शन किया और सुपर 8 में प्रवेश करना शानदार है।'' उन्होंने कहा,'' हमने 2026 में होने वाले विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है और यह हमारे लिए बड़ी उपलब्धि है। यह हमारे लिए ही नहीं अमेरिका के प्रशंसकों और नई पीढ़ी के लिए भी अच्छी खबर है।

# मेजबान जर्मनी ने स्कॉटलैंड को 5-1 से हराकर शानदार शुरुआत की




म्यूनिख। फ्लोरियन विट्ज़ और जमाल मुसियाला के पहले हाफ में किए गए गोल की मदद से जीत का मंच तैयार करने वाले मेजबान जर्मनी ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे स्कॉटलैंड को 5-1 से करारी शिकस्त देकर यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप ( यूरो 2024 ) में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। विट्ज़ ने दसवें मिनट में जर्मनी के लिए पहला गोल किया जबकि मुसियाला ने 19वें मिनट में उसकी बढ़त दोगुनी कर दी। काई हैवर्ट ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी को गोल में बदलकर मध्यांतर तक जर्मनी को 3-0 से आगे कर दिया। जर्मनी को डिफेंडर रयान पोर्टियस की गलती के कारण यह पेनल्टी मिली थी, जिन्हें रेफरी ने लाल कार्ड दिखाकर बाहर कर दिया था। इस कारण स्कॉटलैंड को दूसरे हाफ में 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा था। मध्यांतर के बाद सब्सटीट्यूट निकोलस फुलक्रग ने 68वें मिनट और एमरे कैन ने इंजरी टाइम में गोल करके जर्मनी की बड़ी जीत सुनिश्चित की। स्कॉटलैंड एंटोनियो रोडिगर के 87वें मिनट में किए गए आत्मघाती गोल से खाता खोल पाया। जर्मनी के कप्तान इल्के गुंडोगन ने मैच के बाद कहा,''हम वास्तव में इसी तरह की शुरुआत चाहते थे। मैं मैच से पहले भी जीत के प्रति अश्वस्त था। हमें दर्शकों का भरपूर समर्थन मिल रहा था और हमने वैसा प्रदर्शन किया जैसा हम चाहते थे।

# न्यूजीलैंड के खराब प्रदर्शन के बाद ट्रेंट बोल्ट ने किया बड़ा ऐलान, संन्यास को लेकर कह दी ये बात

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप में 2024 में न्यूजीलैंड टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। कीवी टीम पहले ही सुपर 8 की रेस से बाहर हो चुकी है। ग्रुप सी में मौजूद इस टीम ने अब तक 3 मैच खेले और उन्हें 2 में हार झेलनी पड़ी। वहीं न्यूजीलैंड टीम के इस निराशाजनक प्रदर्शन के बाद ट्रेंट बोल्ट ने बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने टी20 क्रिकेट से संन्यास का मन बना लिया है। युगांडा के खिलाफ जीत के बाद ट्रेंट बोल्ट ने कहा कि ये उनका आखिरी टी20 वर्ल्ड कप है।

बोल्ट 2011 में पदार्पण करने के बाद से न्यूजीलैंड टीम के अहम सदस्य रहे है। उन्हें टी20 विश्व कप , एकदिवसीय विश्व कप और टेस्ट चैम्पियनशिप का फाइनल खेलने का अनुभव है। उन्होंने ने 2014 से चार टी20 विश्व कप में भाग लिया है। बोल्ट ने युगांडा पर न्यूजीलैंड की नौ विकेट की जीत के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, '' मैं अपनी बात करूं तो यह मेरा आखिरी टी20 विश्व कप होगा। मुझे बस इतना ही कहना है।''

युगांडा के खिलाफ मैच से पहले ही न्यूजीलैंड की टीम विश्व कप के सुपर आठ दौर से बाहर हो गयी थी। टीम अब ग्रुप सी में अपने आखिरी मैच में पापुआ न्यू गिनी का सामना करेगी जो टी20 विश्व कप में 34 साल के इस बायें हाथ के गेंदबाज का आखिरी मैच होगा। उन्होंने सुपर आठ से बाहर होने पर कहा, '' निश्चित रूप से हम टूर्नामेंट में ऐसी शुरुआत नहीं चाहते थे। इसे पचा पाना कठिन है। हम निराश है कि आगे नहीं बढ़ सके लेकिन जब भी आपको देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलता है, तो यह गर्व का क्षण होता है।''

इस प्रारूप के विश्व कप में न्यूजीलैंड ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस सत्र से पहले टीम 2014 के बाद से हर बार सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रही है। उन्होंने कहा कि, देश के लिए खेलने को लेकर ड्रेसिंग रूम में बहुत गर्व का माहौल है। पिछले कई वर्षों में हमारे रिकॉर्ड बेहतरीन रहे हैं। दुर्भाग्य से बीते सप्ताह हम अच्छा नहीं खेल सके और क्वालीफिकेशन से बाहर हो गये।



# एक ही रात में पाकिस्तानी ड्रोनों ने 12 किलो हैरोइन के पैकेट गिराए,तस्कर ग्रामीण और पुलिस पर फायरिंग करते फरार

## पुलिस की नाकाबंदी को भी तस्करों ने छकाया, 140 किमी पीछा करने पर भी संदिग्ध कार पकड़ में नहीं आई

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

अनूपगढ़ जिले से लगती अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर भारत और पाकिस्तान के मादक पदार्थ तस्करों की गतिविधियां एकाएक बढ़ गई हैं। अनूपगढ़ जिले में आज सुबह सवेरे और कल देर रात को अनूपगढ़ व समेजा कोठी थाना इलाकों में दो जगह पर पाकिस्तान ड्रोनों द्वारा 12 किलो हैरोइन से भरे पैकेट गिराए गए। समेजाड़ कोठी थाना इलाके के चक 44-पीएस के पास गिराए पैकेट उठाने के लिए आए श भारतीय तस्कर ग्रामीण और पुलिस की गाड़ियों पर फायरिंग करते भाग निकलने में कामयाब हो गए जबकि अनूपगढ़ थाना इलाके में बीएसएफ की कैलाश पोस्ट के समीप चक 13-के में एक खेत में हैरोइन के दो पैकेट मिले। वहां कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई नहीं दिया। एक ही दिन में पाकिस्तान से ड्रोनों द्वारा गिराई गई 12 किलो हैरोइन मिलने से यह पूरा इलाका बेहद संवेदनशील हो गया है। 12 किलो हैरोइन का अंतरराष्ट्रीय बाजार में मूल्य लगभग 60 करोड रुपए आंका का जा रहा है। विगत 9-10 जून की रात को ही समेजा कोठी थाना इलाके में पाकिस्तान से आई तीन किलो हैरोइन ले जाते एक दंपती समेत चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया था। अनूपगढ़ के पुलिस अधीक्षक रमेश मौर्य ने बताया कि समेजा कोठी थाना क्षेत्र में सरहद के समीप चक 44-पीएस के ग्रामीणों ने कल देर रात को पाकिस्तान ड्रोन की आवाज सुनी तो बीएसएफ को बताया। बीएसएफ ने पूरे इलाके को घेर लिया। जानकारी के मुताबिक इसी दौरान ग्रामीणों ने ड्रोन से गिरे हैरोइन के पैकेट लेने आए भारतीय क्षेत्र के दो-तीन तस्करों को एक गाड़ी में देखा। ग्रामीणों ने उनको पकड़ने की कोशिश की तो तस्करों ने फायरिंग करनी शुरू कर दी। यह सूचना मिलने पर समेजा कोठी थाना प्रभारी सीआई विकास बिश्नोई टीम लेकर मौके को रवाना हुए। इसी बीच जानकारी मिली कि तस्करों की सफेद रंग की क्रेटा गाड़ी चक 75 एनपी की तरफ जा रही है। पुलिस ने चक 75 एनपी के पास नाकाबंदी कर ली, लेकिन नाका पर तैनात पुलिसकर्मी इस गाड़ी को रोक नहीं पाए।गाड़ी सड़क किनारे रॉन्ग साइड से निकल गई।तस्करों ने पुलिस की गाड़ी पर फायरिंग भी की। पुलिस टीम ने इस संदिग्ध गाड़ी का लगभग 140 किलोमीटर तक पीछा भी किया लेकिन तस्करों को पकड़ नहीं जा सका। पुलिस अधीक्षक के मुताबिक पुलिस और बीएसएफ द्वारा चक 44-पीएस के खेतों में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। जहां दो पैकेट में 6 किलो हैरोइन बरामद हुई। इस संबंध में समेजा कोठी थाना में कार में सवार तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले समेजा कोठी थाना इलाके में ही 9-10 जून की रात को तीन किलो हैरोइन समेत चार तस्करों को पकड़ा गया था। समेजा कोठी थाना इलाके में कल देर रात को हुई इस घटना के बाद तस्टरों को पकड़ने के लिए पूरे अनूपगढ़ जिले में ही नहीं बल्कि श्रीगंगानगर,बीकानेर तथा हनुमानगढ़ जिलों में भी नाकाबंदी करवा दी गई। इसी बीच आज सुबह अनूपगढ़ थाना क्षेत्र में चक 13-के में एक खेत में ग्रामीणों को दो संदिग्ध पैकेट दिखाई दिए।ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर अनूपगढ़ से पुलिस अधिकारी पहुंचे। इसी बीच सूचना पाकर बीएसएफ के अधिकारी भी पहुंच गए। पुलिस के अनुसार पैकेट में 6 किलो हैरोइन बरामद हुई।आसपास के इलाके में सर्च करने पर हैरोइन के और पैकेट नहीं मिले।ना ही कहीं पर ड्रोन पडा दिया।इस मामले में दावा किया जा रहा है कि आज सुबह 3-45 बजे ग्रामीणों ने जब ड्रोन के आने जाने की आवाज सुनी तो उन्होंने बीएसएफ को बताया। बीएसएफ ने आवाज आने की दिशा में लगभग 25 राउंड फायर भी किये लेकिन ड्रोन हैरोइन के पैकेट गिरकर वापस पाकिस्तान की तरफ जाने में कामयाब हो गया। हैरोइन की इस बरामदगी की को लेकर भी अनूपगढ़ थाना में अलग से मामला दर्ज किया गया है।

### सरकारी स्कूल में चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर**। चूनावढ पुलिस ने एक सरकारी स्कूल में चोरी करने के आरोप में पिता- पुत्र को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने बताया कि गांव बख्तांवाली के भीमसेन और उसके बेटे मनीष को हिरासत में लिया गया है। दोनों पहले भी एक गुरुद्वारा सहित विभिन्न स्थान पर चोरी की वारदातें करने के आरोप में पकड़े गए थे। पुलिस के अनुसार बख्तांवाली वाली के उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अनीता ढाका द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर 10 मई को चोरी का मामला दर्ज किया गया था। स्कूल में 5-6 मई की रात को पोषाहार कक्ष का ताला तोड़कर दो क्विंटल गेहूं, चार-पांच किलो दाल और सरसों का तेल चोरी कर लिया गया था। पुलिस ने कहा कि चोरी का सामान बरामद करने के प्रयास किया जा रहे हैं।

# गोपेंद्र नाथ भट्ट विधानसभा पत्रकार दीर्घा मंत्रणा समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य मनोनीत

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी



राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के निर्देश पर सूचना एवं जन संपर्क विभाग से मान्यता प्राप्त अधिस्वीकृत स्वतंत्र पत्रकार गोपेंद्रनाथ भट्ट को राजस्थान विधानसभा पत्रकार दीर्घा मंत्रणा समिति का विशेष आमंत्रित सदस्य मनोनीत किया गया है।राजस्थान विधानसभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा के हस्ताक्षर से राजस्थान विधानसभा सचिवालय द्वारा जारी पत्र में यह जानकारी दी गई है। विधानसभा में उप निदेशक (जनसंपर्क) डॉ लोकेश चंद्र शर्मा ने बताया कि स्वतंत्र पत्रकार गोपेंद्रनाथ भट्ट को राजस्थान विधानसभा के प्रमुख सचिव द्वारा प्रेषित पत्र में कहा गया है कि राजस्थान विधानसभा की पत्रकार दीर्घा में समाचार पत्रों एवं एजेंसियों के प्रतिनिधियों के प्रवेश को विनियमित करने संबंधी नियमों के नियम 1 की धारा (1) के अंतर्गत माननीय अध्यक्ष ने पत्रकार दीर्घा मंत्रणा समिति के वर्ष 2024-25 एवं अग्रिम आदेशों की अवधि के लिए गठित समिति में आपको विशेष आमंत्रित सदस्य के रुप में मनोनीत किया गया है। उल्लेखनीय है कि गोपेंद्र नाथ भट्ट सूचना एवं जन संपर्क विभाग राजस्थान के वरिष्ठ अधिकारी रहें है और पीआरओ से अतिरिक्त निदेशक तक के विभिन्न पदों पर रहते हुए उन्होंने अपनी उल्लेखनीय सेवाएँ दी हैं। विशेष कर राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में मुख्यमंत्री,राजस्थान के प्रेस अटैची और सेवानिवृत्ति के पश्चात् केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री के सीनियर मीडिया कन्सल्टेंट और कई मीडिया समूहों एवं संस्थाओं से जुड़े रहते हुए उन्होंने अपनी एक अलग ही पहचान बनाई हैं।

# पीलीबंगा-गोलूवाला-श्रीगंगानगर मार्ग पर अवैध रूप से हरे पेड़ों की कटाई पर जताया रोष

तेज. रिपोर्टर | पीलीबंगा



पीलीबंगा-गोलूवाला-श्रीगंगानगर मार्ग पर अवैध रूप से हरे पेड़ों की कटाई पर जागरूक वन्य जीव प्रेमियों ने रोष जताया है। महेश जोशी(सारस्वत) ने बताया कि पीलीबंगा से रमाना चक के पास गोलूवाला मार्ग पर सड़क के दोनों और पेड़ों की कटाई रोजाना हो रही है, रात्रि के समय सामाजिक तत्व पेड़ों को काटकर ले जाते हैं एवं मिट्टी को समतल करते हुए पर्यावरण को क्षति पहुंचाकर लकड़ियों को खुर्द करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने पीड़ा जताते हुए कहा कि इस भीषण गर्मी में जहां पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आमजन द्वारा पौधो को लगाने का कार्य हो रहा है, वहीं इस मुख्य मार्ग के आसपास इस प्रकार पेड़ों से कटाई होने से आमजन में गहरा आक्रोश है।उन्होंने स्थानीय प्रशासन एवं जिला कलेक्टर से इस और प्रमुखता से ध्यान देते हुए अवैध रूप से हरे पेड़ों की कटाई करने वाले एवं इस कार्य में उनका सहयोग करने वाले दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई का आग्रह किया है। उन्होंने जताया कि शीघ्र ही प्रभावी कार्रवाई नहीं होने पर मजबूरन आमजन को आंदोलन करना पड़ेगा।

# ईद उल अजहा त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित





तेज. रिपोर्टर | हनुमानगढ़

टाउन थाने में शनिवार को ईद उल अजहा त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक में एएसपी प्यारेलाल मीणा,डीएसपी राहुल यादव,टाउन थाना प्रभारी रामचंद्र कस्वा, ने शांति समिति की बैठक में पधारे शहर के व्यापारी सीएलजी मेंबर्स और अन्य संगठनों से पधारे जनप्रतिनिधियों से अपील की सोमवार को इलाके में ईद उल अजहा का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाए और सोशल मीडिया पर अफवाह पर ध्यान ना दें। इसके उपरांत सभी मेंबर्स को जिले में बढ़ रहे नशे और शहर में बढ़ती चोरियों को लेकर भी आमजन से सहयोग मांगा गया कि अगर आपके मोहल्ले या आसपास कहीं नशा बिक रहा है तो तुरंत पुलिस को सूचना दें और अगर आप कहीं बाहर जा रहे हैं तो इसकी सूचना पुलिस को दें ताकि आपके घर की निगरानी पुलिस भी कर सके ताकि चोरियों पर अंकुश लग सके इसके उपरांत आजकल की युवा पीढ़ी नशे की तरफ जा रही है इसको लेकर भी जनप्रतिनिधियों से सुझाव मांगे गए और किस तरह से नशे पर अंकुश लगाया जा सके सभी संगठनों से आए हुए जनप्रतिनिधियों ने अपने सुझाव भी दिए और जिले भर के अंदर आए दिन हो रहे साइबर फ्रॉड को लेकर भी कहा कि आप अपना ओटीपी किसी से शेयर ना करें और साइबर फ्रॉड को लेकर ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करें कि हमें अपना कोई भी डाटा किसी से शेयर नहीं करना है ताकि हम साइबर फ्रॉड से बच सके।

### हैरोइन की आदतन तस्कर महिलाओं की लग्जरी गाड़ी जब्त

**श्रीगंगानगर**। स्थानीय जवाहरनगर थाना अंतर्गत मौसम विभाग रोड पर छजगिरिया मौहल्ला निवासी और हैरोइन की आदतन तस्कर दो महिलाओं की लग्जरी गाड़ी को पुलिस ने जब्त किया है। जवाहरनगर थाना में सब इंस्पेक्टर नरेशकुमार ने बताया कि छजगिरिया मौहल्ला निवासी उषा एवं प्रिया नामक इन महिलाओं द्वारा काफी समय से हैरोइन तस्करी सहित अन्य अवांछनीय गतिविधियों में इस्तेमाल की जा रही स्कॉर्पियो गाड़ी जब्त की गई है। उन्होंने बताया कि यह गाड़ी इन महिलाओं ने मादक पदार्थों की तस्करी तथा बिक्री से अर्जित की कमाई से बेनामी खरीद रखी थी। उषा और प्रिया पर एनडीपीएस एक्ट के अनेक मामले दर्ज हैं। गाड़ी को पुलिस एक्ट की धारा 38 के तहत जब्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष पुलिस ने छजगिरिया मौहल्ला में उषा के मकान को अतिक्रमण मानते हुए बुलडोजरों से तुड़वा दिया था। अभी पिछले हफ्ते उषा की बेटी चंदा अवैध रूप से 10 ग्राम हैरोइन रखने के आरोप में पकड़ी गई थी।चंदा पर भी इससे पहले तीन मुकदमे दर्ज हैं।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व पब्लिक पार्क में करवाया जा रहा योगाभ्यास

**पीलीबंगा**। दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व योगाभ्यास तैयारी कैंप चल रहा है। आयुर्वदाचार्य डीसी सरस्वा ने बताया बीती 5 जुन से नियमित रूप से रोजाना प्रातः 6.30 बजे से कस्बे के पब्लिक पार्क में योगाभ्यास करवाया जा रहा है। आयुर्वदाचार्य ने कहा कि योग व्यक्ति को स्वस्थ, कुशाग्र व समृद्ध बनाता है,इसलिए इसमें विभिन्न आसन व योग का अभ्यास कराया जायेगा। इसके अलावा स्कूली छात्र-छात्राओं को आसन व व्यायाम सहित कई प्रकार के योगासन का अभ्यास एवम स्वास्थ्य रक्षणम् के लिए भी नित्य योगाभ्यास में दक्ष बनाने की कार्य योजना है।

# शहीद भगतसिंह के घर की मिट्टी को किया तिलक, जय हिंद यात्रा को बताया राष्ट्रहित



**भादरा**। गांव नेठराना के शहीद भगतसिंह चौक में जय हिंद यात्रा के दौरान शहीद भगतसिंह के घर की लाई गई मिट्टी का ग्रामीणों ने तिलक किया और छिड़काव किया। ग्रामीणों ने कहा की जय हिंद यात्रा वर्तमान युग के लिए राष्ट हित वाली यात्रा कहीं जा सकती है। विशेष तौर से ग्रामीणों ने जय हिंद यात्रा के सूत्रधार दयाराम ढिल बरवाली का धन्यवाद किया और कहा इस यात्रा के माध्यम से युवाओं के लिए एक बड़ा संदेश है।इस मौके पर घड़सीराम जांगिड़, नरसी जालंधर, रोहिताश मेघवाल, अध्यापक सुरेश सहारण, जेपी कस्वां, अध्यापक मांगेराम गोदारा, देवीलाल करीर, गिरधारी सोनी, महेंद्र मान, बनवारीलाल खाती, रघु सेवदा, केहरसिंह फौजी, नंदू सेठ आदि ग्रामीण मौजूद रहे। जीवन एक गुलजार अभियान के तहत परिंडे बांधे।

# ठंडे मीठे जल की छबील लगाई



तेज. रिपोर्टर | हनुमानगढ़

शनिवार को आमजन को तपती गर्मी से राहत देने के उद्देश्य से सियाराम मार्केट के दुकानदारों द्वारा ठण्डे मीठे जल की छबील लगाई गई। छबील की शुरूवात बालाजी महाराज की विधिवत पूजा अर्चना कर की गई। छबील में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने ठण्ड मीठा जल पीकर प्यास बुझाई। इस मौके पर सुरेन्द्र कुमार गोयल, रजत कुमार गोयल, बाबु गोयल, रामचन्द्र, बलजीत सिंह, अमन गोयल, शुभम गोयल, संदीप गर्ग, विनोद कुकणा, सिकन्दर झाझड़ा, मोहन वर्मा, लोकेश वर्मा, रंगीलाल, बाबुलाल राजु मिस्त्री व अन्य दुकानदार मौजूद थे।

# सादुलशहर में 20 वां तीन दिवसीय श्याम महोत्सव आज से

**श्रीगंगानगर** । सादुलशहर में श्री श्याम मित्र मंडल समिति की ओर से तीन दिवसीय 20वां श्याम महोत्सव कल रविवार से श्रीखाटू श्याम मंदिर में मनाया जाएगा। समिति अध्यक्ष गजानंद गोयल ने बताया कि रविवार को 1100 से अधिक ध्वजाओं की बाबा श्याम निशान यात्रा होगी। यात्रा का मुख्य आकर्षण विभिन्न प्रकार के फूलों से सजा बाबा श्याम का सुसज्जित रथ होगा। निशान यात्रा का पूजन दवा विक्रेता विनोद गोयल द्वारा कराया जाएगा। सेवादार किशोर सिंघल ने बताया कि सोमवार को दोपहर सवा एक बजे से श्री श्याम ज्योति पाठ व मंगलवार को विराट भजन संध्या होगी। श्री श्याम ज्योति पाठ का पूजन स्व. मोतीराम गोयल ट्रस्ट के राजेश रामगोपाल गोयल द्वारा करवाया जाएगा। भजन गायक एवं कथा वाचक रवि तुलस्यान झुंझुनू वालों द्वारा श्री श्याम ज्योति अखंड पाठ का वाचन किया जाएगा। विराट भजन संध्या में पूजन सिरसा से लालगढ़िया हॉस्पिटल के संचालक डॉ. संजय लालगढ़िया द्वारा करवाया जाएगा। भजन प्रवाहिका सोनी सिस्टर (दिल्ली), भजन प्रवाहक आयुष सोमानी (जयपुर) व मास्टरअभिनव ऐरन बाबा श्याम का गुणगान करेंगे। सेवादार किशोर सिंघल ने बताया कि निशान यात्रा कूपन व महिलाओं के लिए एक जैसी ड्रेस कोड साड़ियों का वितरण जारी है। जागरण में 1100 से अधिक ध्वजा लेकर चलने वाले श्रद्धालुओं के लक्की कूपन का ड्रॉ निकाला जाएगा, जिसमें 11 लक्की ड्रॉ विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

## प्रथम पेज का शेष...

### गहलोत अपनी कुर्सी...

लागू हो गई है। दूर दराज क्षेत्र में और पूरे प्रदेश में पीने के संकट दूर होगा और हमारी कोशिश है, नदियों को जोड़कर एकत्र करके पुराने बंद पड़े बांधों को भरकर प्यासी धरती को भी पानी दिया जाएगा। इंसान और पशु सहित सबके लिए पानी की व्यवस्था करेंगे। मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा- पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में जब से देश के प्रधान सेवक का दायित्व संभाला है। तब से लेकर अब तक लगातार किसानों के घर में खुशहाली कैसे आए, उनकी आमदनी दुगनी कैसे हो, इसके लिए लगातार 10 साल प्रयास किए। चाहे किसान सम्मान निधि हो या एमएसपी बढ़ाने की बात हो, वे 2014 से लेकर 2024 तक 10 साल लगातार एमएसपी बढ़ते रहे।

### कलक्टर की चिकित्सकों...

दौरान विभिन्न विभागों की वैकल्पिक व्यवस्थाओं और नई लैब निर्माण को लेकर विचार-विमर्श किया। उन्होंने मुख्य भवन के कॉटेज वार्ड के लिए इंजीनियर्स से राय लेने के निर्देश दिए।

**हर माह बैठक कराने के निर्देश**

जिला कलेक्टर ने कहा कि इसी तरह हर माह बैठक आयोजित कराए। एक साथ बैठने से चिकित्सालय के विकास और मरीजों के उपचार व्यवस्था में और अधिक सुधार होगा। इस दौरान जिला कलेक्टर ने एक-एक चिकित्सक से वार्ता कर उनकी यूनिट और सुधार सुझावों की जानकारी लीं।

**चिकित्सकों के सुझाव और समीक्षा**

बैठक टीटीसी हॉल में ओपीडी समय के बाद हुई। इसमें प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. शंकर लाल सोनी, उपनियत्रंक डॉ. राजेश कुमार, डॉ. ओपी सोलंकी, डॉ. राजेश कटेवा, डॉ. एनएल असेरी, डॉ. केएल केलानियां, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. रमेश बरायच, डॉ. राजेन्द्र कुमावत, डॉ. के.के. शर्मा, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. सतीश बेनीवाल, डॉ. विनित गौतम, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. सुभाष बिश्नोई, डॉ. विनोद नेहरा, डॉ. श्यामा मीणा सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित थे।

**चिकित्सालय का निरीक्षण**

जिला कलेक्टर ने पीएमओ के साथ चिकित्सालय का निरीक्षण किया। उन्होंने भर्ती मरीजों से बातचीत कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मरीजों का समुचित उपचार सुनिश्चित किया जाए।

### निरीक्षण के दौरान...

नजदीक जेएलआर का निर्माण करवाया जा रहा है। जेएलआर का निर्माण पूर्ण होते ही पूरे टाउन में 22 घंटे प्रतिदिन स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कर्मचारी बढ़ाकर साफ-सफाई करवाने व नालियों का लेवल सही करवाने के निर्देश दिए। इस मौके पर मुरलीधर गर्ग, नरोत्तम सिंगला, नवीन बंसल, लव अग्रवाल, मनोज सरावगी, प्रेम तावनिया, सरला देवी, मीरा देवी, रीटा चावला, प्रिया ग्रेवाल, मनजीत सिंह, प्रमोद छिम्पा, केशव जैन आदि मौजूद रहे।

### अधिकारी व कर्मचारी...

अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा (सामान्य पात्रता परीक्षा) नियम, 2022 में संशोधन को मंजूरी मिलने से विभिन्न विभागों के वाहन चालकों के पदनाम में एकरूपता लाकर शैक्षणिक योग्यता के सेवा नियमों में भी महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। ड्राइवर पद के लिए आवश्यक शैक्षणिक योग्यता को आठवीं कक्षा से बढ़ाकर माध्यमिक या उसके समकक्ष करने का निर्णय लिया गया है। सीएमओ ने कहा कि भविष्य में वाहन चालकों की भर्ती के लिए आरएसएसबी द्वारा अब लिखित परीक्षा और ट्रेड टेस्ट भी आयोजित किया जाएगा। इससे कुशल ड्राइवरों की भर्ती सुनिश्चित हो सकेगा।

### आरएसएस की...

पेंडिंग रखा और किसी ने इसकी सुध तक नहीं ली। सरिस्का में अवैध होटल, रिसोर्ट बनाए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इस दायरे में अवैध निर्माण नहीं होने दिए जाएंगे। सरिस्का टाइगर रिजर्व से ग्रामीणों के विस्थापन पर भूपेंद्र यादव ने कहा कि पैकेज प्रक्रिया चल रही है। अलवर में हर तरह से विकास कार्य किए जाएंगे। साथ ही जिले में गहराते पेजयल के संकट पर उन्होंने कहा कि पहली बैठक में ही पानी के मुद्दे को लेकर चर्चा हुई। भिवाड़ी में फैक्ट्रियों से निकल रहे दूषित पानी को लेकर उन्होंने कहा कि जल्द ही इसका समाधान निकाला जाएगा। हम जमीन पर समस्याओं को समझकर समाधान करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने सांसद बनाने पर अलवर की जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वो कार्यक्रम में कितना ही व्यस्त क्यों न रहें, लेकिन हर सप्ताह वो अलवर आएंगे। वो इस साल के पूरा होने तक हर गांव में जाकर लोगों को आभार व्यक्त करेंगे।

### टैंपो-ट्रेवलर...

एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया। जहां, दो की मौत हो गई। इधर, जिला चिकित्सालय में भर्ती घायलों में भी दो की मौत हो गई। हादसे पर डीएम, एसपी ने गहरा दुख जताया है। दोनों अधिकारियों के नेतृत्व में घायलों का यथाशीघ्र उपचार दिलाया गया और कम से कम समय में गंभीर को हायर सेंटर रेफर किया गया।

**पंजीकरण जांच के लिए रोका गया था वाहन**

दुर्घटनाग्रस्त वाहन चारधाम यात्रा का नहीं था। इसलिए वाहन का ट्रिप कार्ड नहीं बनाया गया था। साथ ही यात्रियों का पंजीकरण भी नहीं था। ट्रिप कार्ड व पंजीकरण की बाध्यता सिर्फ चारधाम वाहनों व यात्रियों के लिए है। बताया जा रहा है कि जब ब्रह्मपुरी में वाहन को पंजीकरण जांच के लिए रोका गया तो चालक ने चोपता तुंगनाथ ट्रिप पर जाने की बात कही। जिस पर वाहन को चेक पोस्ट से छोड़ दिया गया। वाहन में सभी सवार युवा थे। जो चोपता-तुंगनाथ-चंद्रशिला की ट्रिप पर पर निकले थे। वाहन हरियाणा का था। जिसका एक साल पहले ही पंजीकरण किया गया था। वाहन के सभी दस्तावेज पूर्ण थे। वाहन में यात्री दिल्ली से बैठाए गए थे।

### इस्तीफे के सवाल...

लोकसभा चुनावों के नतीजों पर समीक्षा के लिए उम्मीदवारों और विधायकों सहित स्थानीय नेताओं को बुलाया था। टोंक-सवाई माधोपुर सीट पर हार की समीक्षा बैठक में किरोड़ीलाल नहीं आए। इसे उनके इस्तीफे से जोड़कर देखा जा रहा है।

**किरोड़ी का इस्तीफा तैयार, सीएम को भेजने की देरी**

किरोड़ीलाल मीणा का इस्तीफा लगभग तैयार है, उसके सीएम को भेजने भर की देरी है। फिलहाल इस्तीफे को लेकर उन्होंने रणनीतिक रूप से चुप्पी साध रखी है। किरोड़ीलाल ने इस मुद्दे पर कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।

# सरकार द्वारा मंत्रिमंडलीय समीक्षा उप समिति गठित करने पर सूरतगढ़ को जिला बनाने की मांग फिर उठी



**श्रीगंगानगर**। सूरतगढ़ जिला बनाओ अभियान समिति सूरतगढ़ की एक आवश्यक बैठक सेन मंदिर में आज शाम संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधायक राजेंद्र भादू ने की। बैठक में राजस्थान सरकार द्वारा डॉ. प्रेमचंद बेरवा उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व में जिलों की समीक्षा हेतु बनाई गई पांच सदस्य मंत्रिमंडलीय उप समिति को प्रतिवेदन देने के संबंध में एवं अन्य आंदोलनत्मक रणनीति बनाने हेतु विचार विमर्श किया गया। बैठक में पूर्व विधायक राजेंद्र भादू,पूर्व पालिका अध्यक्ष परसराम भाटिया,हरविंदर सिंह फौजी,इंजीनियर लेखराज छाबड़ा, सुनील छाबड़ा, ओमप्रकाश सोमानी, पृथ्वीराज जाखड़, जोगेंद्रसिंह फौजी, बृजभूषण तिवारी फौजी, रामेश्वर दयाल तिवारी, बालू राम जालप, अनिल रोकना,ओमप्रकाश कारगवाल, मदन ओझा, दिनेश बिश्नोई,आंदोलन संयोजक किशोरचंद गाबा, संयोजक धनाराम स्वामी, अवतारसिंह ,अजय सिंह सिसोदिया, कृष्ण कुमार छींपा, डॉ.सचिन जेटली, योगेश स्वामी, कामरेड लक्ष्मण शर्मा,योगेश मेघवाल, सुनील बिश्नोई, एडवोकेट साहबराम स्वामी, हंसराज भाटी, संजीव कुमार, विनोद शर्मा,हंसराज भाटी, भीखाराम श्रीमाली, बालूराम जालप, एडवोकेट ओम प्रकाश करगवाल, राजेंद्र शर्मा, पूनम शर्मा, कृष्ण स्वामी,अवतारसिंह सरां, राजकुमार सेन, राहुल सहारण, अजय छींपा, अध्यक्ष विष्णु शर्मा एडवोकेट उपस्थित रहे।बैठक में सर्वसम्मति से सूरतगढ़ को जिला बनाने की मांग का ज्ञापन मंत्रीमंडलीय उपसमिति एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को 19 जून को 10-30 बजे एसडीएम सूरतगढ़ के मार्फत देने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा सूरतगढ़ जिला बनाओ अभियान समिति की कार्यसमिति को जिलों की समीक्षा हेतु बनायी गई मंत्रिमंडल उप समिति को प्रतिवेदन देने हेतु 11 सदस्य सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल तय करने का अधिकार सूरतगढ़ जिला बनाओ अभियान समिति की कार्य समिति को दिया गया।सभी वक्ताओं ने एक स्वर में सूरतगढ़ को जिला बनाने हेतु पार्टीगत भेदभाव बुलाकर एकजुट हो प्रयास करने एवं जिला बनाने हेतु सभी को सम्मिलित रूप से प्रयास करने पर जोर दिया। वक्ताओं ने सभी वर्गों का सहयोग लेकर सभी व्यापारिक सामाजिक संस्थाओं का सहयोग लेकर आंदोलन को चलाए रखने पर जोर दिया। सूरतगढ़ के आसपास के इलाके जैतसर और विजयनगर आदि को भी साथ रखने, सभी जनप्रतिनिधियों पार्टी अध्यक्षों सामाजिक संगठन आदि को साथ लेकर एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं को साथ लेकर जनता के सहयोग से आंदोलन को जिला बनने तक जारी रखने का निर्णय लिया गया

# खिलाड़ी प्रतिभा खोज समारोह का आयोजन

## - शिविर में चयनित खिलाड़ियों को मिलेगा राष्ट्रीय/ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन का मौका

तेज | रिपोर्टर पीलीबंगा



जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में प्रतिभा खोज (अंडर-14, 16 एवम 19) कार्यक्रम शनिवार को हुआ। कस्बे से विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभावान बॉयज व गर्ल्स वर्ग के खिलाड़ियों का चयन किया गया है।कस्बे के आईजीएम मेमोरियल पीजी कॉलेज के खेल मैदान में शनिवार को आयोजित इस एक दिवसीय प्रशिक्षण चयन कैंप में दर्जनों खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन करवाते हुए अपनी खेलो की बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन कर प्रशिक्षित विशेषज्ञों के सामने जमकर पसीना बहाया। इस शिविर में चयनित खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के कोच नवेंदु त्यागी द्वारा निश्शुल्क प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष पवन अग्रवाल व सचिव अर्जुन बेनीवाल ने ट्रायल कैंप के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा की खेलो का जीवन में बहुत महत्व है,इसी बात को सम्मुख रखते हुए संघ का उद्देश्य है कि ऐसे आयोजनों से प्रतिभाओं को तराशा जाए एवं उन्हें अपने क्षेत्र से राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय पहचान बनाने का मौका मिले और खेल में अपना उत्कृष्ट मुकाम भी हासिल कर अपने समाज और राष्ट्र का नाम रोशन हो।जिला क्रिकेट संघ ने क्षेत्र में इस ट्रायल कैंप का आयोजन करवाने में सहयोगी लायंस क्लब अध्यक्ष रमन बाघला का आभार जताते हुए भविष्य में भी लगातार इसी प्रकार प्रतियोगिताएं एवं प्रोत्साहन एक्टिविटीज करवाने का भरोसा दिलाया। शिक्षण समिति सचिव अशोक गोयल ने प्रतिभाओं को मौका देने वाली जिला क्रिकेट संघ का आभार जताया। आईजीएम कॉलेज प्राचार्य डॉ. इंद्राज गोदारा ने मौजूदा समय में ऐसी प्रतियोगिताओं एवं खेलो से होने वाले लाभ बता कर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर समिति उपाध्यक्ष प्रदीप दुग्गड कोषाध्यक्ष जिम्मी गोयल, जिला क्रिकेट क्लब कोषाध्यक्ष संदीप कुमार भूपेश, नवीन कुमार, सुनील गोदारा, मनसुख राम, संजय चौहान, तरुणदीप रमाना आदि का सहयोग रहा। बता दे की जिला संघ द्वारा लगभग 200 से अधिक खिलाड़ियों का ट्रायल लेते हुए चयन प्रक्रिया अपनाई जाएगी। वही ट्रायल से वंचित खिलाड़ियों के लिए जिला स्तर पर भी कैंप रखा गया है। कार्यक्रम समापन पर शिक्षण समिति ने जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# किड्स समर कैंप से विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का कर रहे निखार, रुचि अनुसार हो रही एक्टिविटी

तेज | रिपोर्टर पीलीबंगा



किड्स समर कैंप से विद्यार्थी अपनी प्रतिभा को निखार रहे हैं। विद्यार्थियों की रुचि के अनुरूप आयोजित कैंप में विद्यार्थी बढ़ चढ़कर प्रतिभाग कर रहे हैं। इसके अलावा छोटे बड़े सभी वर्ग के लिए योग और मेडिटेशन की विशेष कक्षाएं भी संचालित की जा रही हैं।श्री अरोड़वंश सभा एवं महिला मंडल के चल रहे इस दस दिवसीय किड्स समर कैंप में शनिवार को बच्चों के लिए डांस,आर्ट एंड क्राफ्ट और कैलीग्राफी का आयोजन हुआ।महिला मंडल अध्यक्ष अनीता अरोड़ा ने बताया कि कैलीग्राफी, नृत्य, गायन एवं चित्रकला आदि का प्रशिक्षण देकर छात्राओं को उनकी रूचि के साथ ही ऐसी शिक्षा भी दी जा रही है, जो भविष्य में उनको आत्मनिर्भर बना सके।इसके अलावा पर्सनैलिटी डेवलेपमेंट पर भी हम काम कर रहे हैं, जिससे छात्राओं के मन से झिझक निकल सके।मास पीटी और योग का अभ्यास कराया जा रहा है। डांस की बारीकियां सिखाई जा रही हैं। यहां शिविर 20 जून तक चलेगा।कैंप में महिला मंडल अध्यक्ष अनीता अरोड़ा, पूजा मिड्ढा, शीतल बाघला, नेहा सचदेवा, शिल्पा नागपाल आदि ने सहयोग किया।डेली लकी ड्रा में शनिवार की विजेता नायशा को महिला मंडल ने प्राइज देकर सम्मानित किया।

## आज मनाया जाएगा गंगा दशहरा पर्व



**तेज रिपोर्टर. चूरू।** शहर में सफेद घंटाघर के पास स्थित गंगा माई के मंदिर में आज 16 जून को गंगा दशहरा पर्व मनाया जाएगा। पुजारी रोहित दीक्षित ने बताया कि गंगा दशहरा पर्व मां गंगा के इस पृथ्वी लोक पर आगमन के उपलक्ष में मनाया जाता है। वेद पुराणों के अनुसार जेठ शुक्ल दशमी के दिन मां गंगा धरती पर राजा भागीरथ के पूर्वजों एवं समस्त पृथ्वी लोक को पापों से मुक्त करने के लिए अवतरित हुई थी। इस दिन जो व्यक्ति हरिद्वार मैं गंगा स्नान नहीं कर सकते वे लोग गंगा माई के मंदिर जाकर स्वयं को लाभान्वित करता है। शहर के अलग-अलग हिस्सों से प्रभात फेरी निकाली जाती है। महिलाएं अपने पारंपरिक परिधानों में मंदिर जाकर मां गंगा की कथा सुनकर अपने परिवार की सुखद कामनाएं करती है।

## डा.अंबेडकर नवयुवक संघ भागसर द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा।** डॉ. अंबेडकर नवयुवक संघ भागसर द्वारा प्रथम ग्राम पंचायत स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आज रविवार को होगा। संघ अध्यक्ष भारत भूषण ने बताया कि आठवीं, 10वीं, 12वीं सहित बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के अलावा खेलकूद के क्षेत्र में परचम लहराने वाले खिलाड़ियों एवं राजकीय सेवा में चयनित और विशेष योग्यता धारी प्रतिभाओं को संस्था द्वारा सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह ग्राम पंचायत भवन, 6 एसजीआर भागसर में रविवार प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगा।आवेदक अपना आवेदन संस्था के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। समारोह को लेकर आवश्यक तैयारियां पूर्ण करते हुए आम जन से भी इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने का आग्रह किया है।

## संत समागम का आयोजन आज

**तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा।** संत निरंकारी सत्संग भवन में रविवार को संत समागम होगा। ब्लॉक मीडिया सह प्रभारी प्रशांत आहूजा ने बताया कि सदुरु माता सुदीक्षा महाराज की कृपा से आयोजित इस सत्संग में संत निरंकारी मंडल के जोनल इंचार्ज धर्मपाल टक्कर श्रद्धालुओं को संबोधित करेंगे। इसके अलावा दीन दुखियों की सेवा परमोधर्म मानते हुए सदैव अपने नैतिक दायित्व निर्वहन के बारे में भी सच्ची सीख दी जाएगी। सत्संग का समय प्रातः 9बजे से 11बजे तक का रहेगा। संचालक एवं शिक्षक सन्त निरंकारी सेवादल ब्रांच पीलीबंगा ने आमजन से भी इस धार्मिक अनुष्ठान में अपनी आहुति देने का आग्रह किया है।

# जिला अस्पताल में पूर्व विधायक महर्षि ने किया वाटर कूलर का उद्घाटन

तेज | जगदीश सोनी. चूरू



राजकीय जिला अस्पताल में पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने वाटर कूलर का उदघाटन किया। इस दौरान महर्षि ने कहा कि अपना नाम बिना उजागर किये आज के युग में कोई वस्तु देने बड़ा ही मुश्किल कार्य है। और सेवा के क्षेत्र में भी कोई छोटी से छोटी वस्तु देने पर अपना बड़ा नाम दिखाने की कोशिश करता है। ऐसे समय में जिला अस्पताल में वाटर कूलर भेंट करना सेवा कार्य का एक अनुपम उदाहरण है द्य महर्षि ने कहा कि अब उसी दानदाता ने आर. ओ मशीन भी भेट कर दी है द्य तो जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों को इस भीषण गर्मी में शीतल एवम शुद्ध जल 24 घंटे पीने के लिए उपलब्ध रहेगा द्य महर्षि ने कहा कि इस से बड़ा सेवा कार्य कोई हो नही सकता है द्य इस दौरान पूर्व विधायक महर्षि ने पीएमओ सन्तोष आर्य के साथ जिला अस्पताल का निरीक्षण भी किया। महर्षि ने महिला वार्ड,प्रयोगशाला जाँच केन्द्र, इमरजेंसी वार्ड आदि का निरीक्षण करके पीएमओ आर्य से जिला अस्पताल में आवश्यक डॉक्टर के रिक्त पदों, जाँच मशीन एवम अन्य संशाधनों की आवश्यकता पर विस्तृत चर्चा की द्य महर्षि ने आगामी बजट सत्र में जिला अस्पताल की आवश्यक डिमांड पूरी करवाने एवम भामाशाहों की मदद से जिला अस्पताल में संशाधन उपलब्ध करवाने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष भागीरथ सिंह राठौड़, शहर मण्डल संयोजक महेश सैनी, राजकुमार महर्षि, निरंजन रुन्थला, स्वरूप सिंह, रमेश जेदिया, बालकृष्ण स्वामी, पड़िहारा सरपंच जगजीत सिंह, राकेश गौड़, नरेन्द्र जांगिड, ओम महर्षि, सीताराम शर्मा, राकेश आईस, शम्भू दयाल लाटा,सुरेन्द्र सिंह, सुशील इन्दौरिया, साबू सिंह सेहला, गिरधारी प्रजापत, सुनील कम्मा, सलीम खान, परमेश्वर मेघवाल, सुनील शर्मा, नागेश महर्षि, श्योपाल मेघवाल, हेमन्त पंवार, संपत नायक, प्रदीप सैनी, मनीष महर्षि सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# पानी सप्लाई के लिए रतनगढ़ में चार व राजलदेसर में तीन टंकियां स्वीकृतः महर्षि

तेज | जगदीश सोनी. चूरू



रतनगढ़ शहर में पानी सप्लाई की चार बड़ी टंकियाँ व राजलदेसर में तीन बड़ी टंकियों स्वीकृत हुई है शनिवार को पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि, जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियन्ता रामकुमार चाहिल, जेईएन रेखा गौड़, जेईएन विष्णु शर्मा ने नव निर्माण हेतु स्वीकृत चार बड़ी पानी की टंकियों के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया द्य पूर्व विधायक महर्षि ने कहा कि भारत सरकार व राज्य सरकार की संयुक्त भागीदारी में अमृत योजना 2 के तहत रतनगढ़ शहर में 15.32 करोड़ रुपये की लागत से चार पानी की बड़ी टंकिया का निर्माण कार्य व राजलदेसर में 5.16 करोड़ की लागत से तीन पानी की बड़ी टंकियों का निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ है। पानी की बड़ी टंकियों के निर्माण की स्वीकृति मिलने से शहरवासियों को काफी राहत मिलेगी द्य महर्षि ने कहा कि टंकियों के निर्माण कार्य शुरू होने से पहले रतनगढ़ शहर में स्वीकृत चारों पानी की टंकियों के निर्माण स्थल रिणी वेल,गढ़ वेल,भानीधोरा, गौरिसरियों की ढाणी का निरीक्षण जलदाय विभाग के अधिकारीयों के साथ किया। इस दौरान पूर्व विधायक महर्षि ने जलदाय विभाग के अधिकारीयों को जल्द ही टंकियों का निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश भी दिए द्य उल्लेखनीय है कि पूर्व विधायक महर्षि ने रतनगढ़ शहर व राजलदेसर में पानी की समस्या से निजात दिलवाने के लिए राज्य के जलदाय विभाग के मंत्री से मिलकर पानी की बड़ी टंकिया स्वीकृत करने की मांग की थी द्य जिससे अमृत योजना -2 के तहत स्वीकृति मिली है। अब रतनगढ़ शहर में आने वाले दिनों में रिणी वेल स्थल पर 500 केएल की बड़ी टंकी,गढ़ वेल स्थल पर 500 केएल की बड़ी टंकी, गौरिसरिया वेल स्थल पर 200 केएल की बड़ी टंकी एवम भानीधोरा स्थल पर 800 केएल की बड़ी टंकी बनने वाली है जिससे शहरवासियों को पानी आपूर्ति में काफी लाभ मिलेगा द्य इस अवसर पर भाजपा शहर मण्डल संयोजक महेश सैनी, निरंजन रुन्थला, पड़िहारा सरपंच जगजीत सिंह, गिरधारी प्रजापत, गोपाल मारू,ओम महर्षि, राकेश गौड़, नरेन्द्र जांगिड, प्रदीप सैनी, मनीष महर्षि सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# नेत्र चिकित्सालय बीकानेर में महापुरुष समारोह समिति ने भेंट किए 3 एसी

तेज | जगदीश सोनी. चूरू

महापुरुष समारोह समिति, श्रीडूंगरगढ़ द्वारा नेत्र चिकित्सालय बीकानेर प्रशासन के आग्रह पर 3 एयर कंडीशनर मय स्टेबलाइजर नेत्र चिकित्सालय बीकानेर में मरीजों की सुविधा हेतु प्रदान किए गए। संस्था सदस्य ललित बाहेती ने बताया कि श्री भूराराम गणेशमल प्रजापत श्रीडूंगरगढ़, गुलाबचंद रमेशचन्द प्रजापत श्रीडूंगरगढ़, रामचंद्र राधेश्याम प्रजापत श्रीडूंगरगढ़ प्रत्येक ने एक एक एयर कंडीशनर मय स्टेबलाइजर में अपना आर्थिक सौजन्य उपलब्ध करवाया। इस अवसर पर सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ गुंजन सोनी ने कहा कि संस्था समय समय पर पीबीएम हॉस्पिटल की सुविधाओं में सुधार हेतु सतत प्रयत्नशील है। जिसके लिए पीबीएम प्रशासन संस्था का बहुत बहुत आभारी है। संस्थाध्यक्ष श्रीगोपाल राठी ने कहा कि हमारा प्रयास है कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में आमजन को बेहतर सुविधाएं मिले। संस्था चिकित्सा के क्षेत्र में दानदाताओं, भामाशाहों के सहयोग से इसके लिए द्रुत गति से कार्य कर रही है। नेत्र चिकित्सालय के प्रभारी डॉ जयश्री मुरली मनोहर, पी बी एम हॉस्पिटल के अधीक्षक पी के सैनी, डॉ नोरंग महावर, नेत्र विशेषज्ञ डॉ कोचर एवं डॉ डागा ने संस्था द्वारा समय समय पर सहयोग एवं दानदाताओं का आभार जताते हुए समिति के जन कल्याणकारी कार्यो की प्रशंसा की । कार्यक्रम में संस्था के डॉ मदन सैनी, बजरंगलाल सेवग, तिलोकचंद गहलोत, विजयराज सेवग, ललित बाहेती, जगदीश भामू, रवि शर्मा, सुरेश भादानी, अशोक पारीक सहित शहर के गणमान्यजन उपस्थित रहे। संस्था के मंत्री सुशील सेरडिया ने सभी का आभार प्रकट किया। एक संदेश मे रेल सेवा समिति के अध्यक्ष तोलाराम मारू ने बताया कि श्रीगोपाल राठी की टीम द्वारा मानवीय सेवा से सरोकार समय समय पर कार्य किये जाते है।

# माहेश्वरी समाज ने मनाया महेश नवमी पर्व, महेश जलघर का हुआ लोकार्पण

तेज | रिपोर्टर पीलीबंगा



माहेश्वरी समाज का उत्पत्ति दिवस महेश नवमी पर्व शनिवार को कस्बे के महेश्वरी भवन में मनाया गया। उमेश सोनी ने बताया कि सर्वप्रथम भगवान महेश का पूजन शिव चालीसा पाठ से हुआ। इस मौके पर समिति द्वारा नवनिर्मित महेश जलघर का लोकार्पण विधिवत रूप से मंत्र उच्चारण के साथ किया गया एवं और आमजन के लिए लस्सी की स्टाल शिवबाड़ी मंदिर लगाई गई। स्मृति सदस्यों एवंश्रद्धालुओं ने भगवान महेश का सामूहिक रुद्राभिषेक एवं गौशाला में गोमाता को सवामणी का भोग भी लगाया। आयोजित समस्त कार्यक्रमों में माहेश्वरी समाज के साथ मातृशक्ति एवं युवा मंडल ने भी उपस्थिति दर्ज कराकर सेवा कार्य किया। इस मौके पर जिला हनुमानगढ़ माहेश्वरी समाज समिति के उपाध्यक्ष शंकर लाल सोमानी, जिला कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार राठी, जिला सदस्य कन्हैयालाल लखोटिया, माहेश्वरी समाज पीलीबंगा के दीवान चंद होलानी, मेघराज कोठारी, डॉ.कोठारी, दर्शन लाल कोठारी, पुर्व अध्यक्ष बाबूलाल पेडीवाल महावीर बिहानी, विनोद कुमार पेडीवाल, बंजरग मुंधडा, नरेंद्र बागडी, केवल कृष्ण चाण्डक, राजकुमार मुंधडा, संजय सोमानी एवं श्री माहेश्वरी समाज सेवा समिति, माहेश्वरी महिला मण्डल, माहेश्वरी नवयुवक संघ पीलीबंगा की टीम मौजूद रही।कार्यक्रम समापन पर श्री माहेश्वरी समाज सेवा समिति अध्यक्ष उमेश सोनी ने सभी का आभार जताया।

# जन्मदिन पर फिजूल खर्ची बंद कर गौशाला में दान कर जन्मदिन मनाया

तेज | रिपोर्टर थालड़का



स्थानीय महर्षि दयानंद गौशाला समिति थालड़का में शनिवार को महका देवी मनीराम नेहरा निवासी (ढाणी नेहरावली) द्वारा अपने पड़पौत्र भव्य नेहरा के दूसरे जन्मदिन पर गौशाला 11 बेंग खल भेंट कर अपने पड़पौत्र भव्य नेहरा का जन्मदिन मनाया गया। ज्ञात रहे इन्होंने पहले जन्मदिन पर भी 11 बेग खल गौशाला थालड़का में भेंट की थी। इस मौके पर आए हुए गणमान्य लोगों ने कहा कि जन्मदिन पर फिजूल खर्ची छोड़कर के गौशाला में दान पुण्य करते हैं और गौशाला में आकर जो जन्मदिन मनाते हैं ।उससे बड़ा धर्म का कार्य और कहीं नहीं है। गायों की सेवा उससे बड़ी कोई सेवा नहीं है।नेहरा परिवार की बहुत अच्छी पहल है समाज में एक अच्छा संदेश है जो आज के युवा जन्मदिन पर फिजूल खर्ची है उसको बंद करना चाहिए। और धार्मिक स्थान पर दान पुण्य करना चाहिए। इस मौके पर गौशाला अध्यक्ष से मदनलाल जाजड़ा, पूर्व अध्यक्ष कृष्ण लाल फौजी, रामसिंह नेहरा, रामप्रताप गोदारा, बलवीर नेहरा, अभिषेक नेहरा, कृष्ण लाल कासनियां, एवं बाल बच्चे मौजूद रहे।

# दिनभर पेयजल के लिए तरसते रहे वार्डवासी विभाग के जिम्मेदार अधिकारी नहीं उठाते फोन

तेज | रिपोर्टर टिब्बी

प्रचण्ड गर्मी व लू के चलते इन दिनों पानी की मांग बढ़ गई लेकिन टिब्बी जलदाय विभाग कै अधिकारी पेयजल आपूर्ति को लेकर कोई गंभीर नहीं है। कस्बे के वार्ड 12 सहित आसपास के वार्डों में शनिवार सुबह से शाम तक पेयजल आपूर्ति नहीं हो पाई जबकि विभाग के जेईएन कुलवंत सुथार को कई बार कॉल करने के बाद उन्होंने कॉल उठानी मुनासिब नहीं समझी ऐसे में पेयजल आपूर्ति के लिए लोग दिनभर केसे परेशान होते रहे आप खुद अंदाजा लगा सकते हो। राज्य सरकार और जिला प्रशासन पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लाखों प्रयास कर रहे हैं लेकिन टिब्बी पीएचईडी विभाग के अधिकारी इस कदर आंख मूंद कर सो रहे कि चाहे पेयजल के कितना भी हाहाकार मच जाए कोई फर्क नहीं पड़ता है।इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी में मवेशियों, कूलर डालने व पेयजल आपूर्ति के लिए पानी की बेहद मांग बढ़ रही है लेकिन जब दिनभर पेयजल आपूर्ति न हो तो लोग बेहाल हो रहे हैं। इस संबंध में कार्यवाहक एसडीएम संजय कुमार को समस्या से अवगत करवाया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर समस्या समाधान का आश्वासन दिया।

# जिला ओबीसी वेलफेयर सोसाइटी का स्थापना दिवस मनाया

तेज | जगदीश सोनी. चूरू



जिला मुख्यालय जयपुर पुलिया के निकटवर्ती किसान घाट सभागार में जिला ओबीसी वेलफेयर सोसाइटी चुरु का प्रथम स्थापना दिवस एडवोकेट रामेश्वर प्रजापति की अध्यक्षता में मनाया। उन्होंने संस्था के द्वितीय वर्ष गांठ की शुरुआत पन्छियों के घोंसले व पानी के परिंदे लगाकर परियावरण संरक्षण से करते हुए पदाधिकारियों से कहा कि वृक्ष प्रकृति का श्रृंगार है पन्छियों का घर-बार है हमें इस स्थाई सम्पदा निर्माण में अग्रिम भागीदारी सुनिश्चित कर वर्षा जल संग्रहण करना है। इस अवसर पर एक वर्ष के कार्यकाल की समीक्षा करते हुए मुख्य महासचिव चन्द्र मोहन सैनी ने कहा कि संस्था की पुरे लोकसभा क्षेत्र में हुई तहसील स्तरीय बैठकों में उपस्थित बहुजनों ने सहभागिता दी तथा संस्था की ओर से की जा रही मांगों को समर्थन दिया ?। संस्था का उद्देश्य समाज के सर्वांगीण विकास में कुरितियां निवारण, आर्थिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, संस्कारित, राजनैतिक, शैक्षिक विकास के साथ ही संवीधान के अनुच्छेद 40के पुर्णत् लागु करवाने,रोहिणी आयोग की रिपोर्ट को लागू करवाने,जाति जनगणना के लिए जनजागरण अभियान को जन जन तक पहुंचा कर अति पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए कार्य करना है उन्होंने कहा कि हमें बाबा साहेब, महात्मा ज्योतिबा फुले, कर्पूरी ठाकुर जैसे महान समाज सुधारक की जीवनी को आधार मानकर समाज को जागरूक करने में कोई कोर कमी नहीं रखनी है संस्था के मुख्य संरक्षक गीरधारी लाल तंवर ने कहा कि समाज में व्याप्त अव्यवस्थाओं को संस्कारित शिक्षा से युवाओं को मार्गदर्शन देकर स्वस्थ समाज निर्माण में हमें प्रेरणा देनी है उन्होंने कहा कि बच्चों को महापुरुषों की जीवनी, शुद्ध आहार, व्यायाम, प्रातः जल्दी उठने की प्रेरणा स्त्रोत बन कर कार्य करना है। सोसायटी के मुख्य संरक्षक सेवा निवृत्त तहसीलदार राधेश्याम स्वामी ने संस्था द्वारा किए गए कार्यक्रम की प्रसन्नता व्यक्त करते हुए युवा वर्ग से संस्था के कार्यकलाप में अग्रिम भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया उन्होंने कहा कि आज भी बहुत से लोग अभावों में जिवन यापन करते हैं संस्था उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में क्या योगदान कर सकती हैं इस पहलु पर हमें चिंतन मनन करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर शुद्ध सब्जियां के बीज पेड़ों की जड़ में रोपण कर सभी सहभागीयो को कींचन गार्डन के बीज वितरण किया। कार्यक्रम में शिक्षाविद्ध साहित्य प्रेमी ओमप्रकाश तंवर ने कहा कि हमें अभियान को हर शहर गांव तक ले जाकर आने वाली पिढि को संस्कारित शिक्षा देने के लिए अग्रसर होना है बच्चों को नशे के दुष्चक्र से बचाते हुए मोबाइल के दुरुपयोग से बचाना है फास्ट फूड ओर अंकुरित अनाज के बारे में तुलनात्मक समझाईश करना है । सेवा निवृत्त बैंक मैनेजर भंवरलाल जांगिड़ ने कहां कि समाज सेवी कभी भुतपुर्व नहीं होता है समाज सेवी व्यक्ति के मुखीया की प्रतिष्ठा को ध्यान में रखते हुए ही बच्चों का होंसला बुलंद होता है जिस घर के बच्चे संस्कारित होते हैं उस घर के समाज में बच्चों के रिश्ते आदर्श घरों में होते हैं अतः हमें समाज सेवा में बढ़ चढ़कर कर भाग लेना चाहिए। कर्मचारी नेता च्यानण मल सैनी ने संस्था की कार्यवाही रिपोर्ट का पढन कर संस्था द्वारा की गयी गति विधियां की सहभागी जन को जानकारी दी। उन्होंने संस्था में सक्रिय भूमिका निभाने वाले पदाधिकारियों की तारीफ करते हुए कहा कि समाज सेवा से शकुन मिलता है और जिवन मे शकुन मिलना बहुत बड़ी बात है। ओंकार मल बालान ने वृक्षारोपण का महत्व बताया ओर आगंतुकों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में बी अस एन एल से सेवानिवृत्त अधिकारी रामचन्द्र जांगीड़, बी अस एन एल के कर्मचारी प्रांतीय नेता कन्हैया लाल प्रजापत, कमल पंवार, हुणता राम मोरथल, दिनेश सैनी, धीरज, अजय पंवार आदि ने सहभागिता दी। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र सैनी खण्डवा ने किया।



# भारतीय डाक ने फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन के सम्मान में एक विशेष डाक कवर जारी किया

## प्रख्यात कवि, लेखक, गीतकार और फिल्म निर्माता गुलजार और प्रसिद्ध निर्देशक श्याम बेनेगल के साथ महाराष्ट्र के मुख्य और मुंबई के पोस्टमास्टर जनरल भी समारोह में मौजूद रहें

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी



दक्षिणी राजस्थान के डूँगरपुर मूल के शिवेंद्र सिंह डूंगरपुर की संस्था फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन नित नये आयाम छू रही है।भारतीय डाक विभाग ने वी.टी., मुंबई में जनरल पोस्ट ऑफिस (जीपीओ) की खूबसूरत हेरिटेज बिल्डिंग में शुक्रवार शाम को आयोजित एक समारोह में फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन की दसवीं वर्षगांठ और उनके उल्लेखनीय कार्यों को समर्पित एक विशेष डाक कवर और कैंसिलेशन टिकट जारी किया है। इस विशेष समारोह में महाराष्ट्र के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल किशन कुमार शर्मा और मुंबई के पोस्टमास्टर जनरल अमिताभ सिंह के साथ प्रख्यात कवि, लेखक, गीतकार और फिल्म निर्माता गुलजार और प्रसिद्ध निर्देशक श्याम बेनेगल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।यह विशेष डाक कवर एक पक्षी और उभरा हुआ कवर है,जिस पर 5 रुपये का टिकट है।उस पर एक कलात्मक चित्रण है, जिसमें फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन के निदेशक शिवेंद्रसिंह डूंगरपुर और फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन के संरक्षकों को हमेशा के लिए लुप्त हो जाने के खतरे में पड़ी सेल्युलाईड फिल्मों को बचाते हुए दिखाया गया है। विशेष कवर का यह सीमित संस्करण मुंबई में जनरल पोस्ट ऑफिस (जीपीओ) के फिलेटली ब्यूरो में उपलब्ध होगा।फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन के निदेशक शिवेंद्र सिंह डूंगरपुर ने बताया कि फाउंडेशन के लिए यह एक बड़े सम्मान की बात है कि महाराष्ट्र सर्कल के चीफ पोस्टमास्टर जनरल किशन कुमार शर्मा और मुंबई के पोस्टमास्टर जनरल अमिताभ सिंह ने भारत की समृद्ध और विविध फिल्म विरासत को बचाने, संरक्षित करने, पुनर्स्थापित करने और प्रदर्शित करने के लिए फाउंडेशन द्वारा किए जा रहें असाधारण और निरंतर प्रयासों के सम्मान में यह पोस्टल स्पेशल कवर और कैंसिलेशन स्टैम्प जारी किया। उन्होंने बताया कि ÷जब मैं बच्चा था, तब से मैं डाक टिकट इकट्ठा करता था। साथ ही पत्र लिखना और डाकघर जाना पसंद करता था। यह मेरे नाना ने मुझे सिखाया था, जो लगभग 90 वर्ष की आयु तक एक सक्रिय पत्र-लेखक थे। आज भी मैं पत्र लिखना और पोस्ट करता हूँ और हर शहर और कस्बे के डाकघरों में जाता हूँ। मुझे फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक विशेष कवर जारी करने के बारे में मुख्य पोस्टमास्टर जनरल से एक पत्र प्राप्त करने का सम्मान मिला, जो हमारी फिल्म विरासत को बचाने के लिए एक दशक से अधिक के हमारे काम की सराहना और पहचान कराता है। मैं भारत सरकार के ऐसे ऐतिहासिक डाक विभाग द्वारा हमारी फिल्म विरासत के महत्व को स्वीकार करने और विशेष कवर पर सेल्युलाइड फिल्मों को संरक्षित करने की चुनौतियों के चित्रण किए जाने से अभिभूत हूँ। मैं फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन की अपनी टीम की ओर से इस सम्मान को स्वीकार करता हूँ, जिसने हमें भारत और उपमहाद्वीप के मानचित्र पर फिल्म संरक्षण को लाने और दुनिया भर में हमारी फिल्म विरासत की सुंदरता को पुनर्स्थापित करने और उसका जश्न मनाने में सक्षम बनाया है।

फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन के बारे में 2014 में स्थापित फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन (एफएचएफ) मुंबई स्थित एक गैर-लाभकारी संगठन है। यह चलती छवियों के संरक्षण, सुरक्षा और बहाली का काम करने और सिनेमा की भाषा के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए अंतःविषय कार्यक्रम विकसित करने के लिए समर्पित संस्था है। एफएचएफ 2015 से इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फिल्म आर्काइव्स (एफआईएएफ) का सदस्य है।फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन देश का एकमात्र ऐसा गैर-सरकारी संगठन है जो फिल्म संरक्षण के क्षेत्र में काम कर रहा है। फाउंडेशन के पास सेल्युलाइड पर बनी लगभग 700 फिल्मों का संग्रह है। इसमें फिल्म से संबंधित लगभग 2 लाख यादगार सामग्रियों का संग्रह है, जिनमें कैमरा, प्रोजेक्टर, पोस्टर, गीत पुस्तिकाएं, लॉबी कार्ड, पुस्तकें, पत्रिकाएं आदि शामिल हैं। फाउंडेशन के कार्यक्रमों में फिल्मों और फिल्म से संबंधित यादगार वस्तुओं के संरक्षण, फिल्म पुनरुद्धार, प्रशिक्षण कार्यक्रम, बच्चों की कार्यशालाएं, मौखिक इतिहास परियोजनाएं, प्रदर्शनी और महोत्सव,सुरक्षा,संरक्षण और प्रकाशन से लेकर फिल्म संरक्षण गतिविधियों का संपूर्ण दायरा शामिल है।

**संस्था की अंतरराष्ट्रीय ख्याति**

फाउंडेशन ने अपनी उत्कृष्ट के साथ अंतरराष्ट्रीय ख्याति अर्जित की है और अरविंदन गोविंदन की 'कुम्माट्टी' 'थम्प', अरिबम श्याम शर्मा की 'इशानु' और श्याम बेनेगल की 'मंथन' सहित भारतीय सिनेमा के भूले-बिसरे बेशकीमती रत्नों को पुनर्स्थापित किया है। फाउंडेशन की हालिया पुनर्स्थापन फ़िल्में 'थैम्प', 'इशानौ' और 'मंथन' को कांस फ़िल्म फ़ेस्टिवल में लगातार तीन वर्षों 2022, 2023 और 2024 में रेड-कार्पेट वर्ल्ड प्रीमियर के लिए चुना गया। कांस में मिली अपार सफलता के साथ साथ ही पुनर्स्थापित फ़िल्म 'मंथन' को हाल ही भारत के 51 शहरों और 101 सिनेमाघरों में रिलीज़ किया गया।

**फ़िल्म संरक्षण कार्यशालाएं**

एफआईएएफ के सहयोग से फ़ाउंडेशन 2015 से पूरे भारत में वार्षिक फ़िल्म संरक्षण कार्यशालाएँ आयोजित कर रहा है,जो एफआईएएफ के वैश्विक प्रशिक्षण और आउटरीच कार्यक्रम के लिए टेम्पलेट बन गए हैं। वर्ष 2022 तक, ये कार्यशालाएँ भारत, श्रीलंका, नेपाल, बांग्लादेश, अफ़गानिस्तान, भूटान और म्यांमार के आवेदकों के लिए खुली थीं, जबकि 2023 में यह कार्यशाला दुनिया भर के प्रतिभागियों के लिए खुली रखी गई। इन कार्यशालाओं ने पिछ्ले कुछ वर्षों में लगभग 400 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करने, भारत और एशिया उपमहाद्वीप में फ़िल्म संरक्षण के लिए जागरूकता का एक आंदोलन शुरू करने और फ़िल्म संग्रहकर्ताओं का एक मजबूत विश्वव्यापी समुदाय बनाने का जबरदस्त काम किया है।

### कविता



धन धनियो का रहा
काला हो या गोरा
सब के लालच एक है
बकरा हो या छोरा
जरूरत सु ज्यादा लोभका
हाल यही जो हो रहा
हालात सामने जाहिर है
करे दोनो जी दौरा
ठंडी कर के खाने में सार है
खाओ जितना मोरा
नाडी अगर फंस गई
फिर लोग मारेंगे टोरा

**ओम पारीक**

# बैटर ऑप्शन

नौकरी संबंधित कार्य से लगभग हर रोज दिल्ली जाना होता है। वापसी पर मुरथल के एक ढाबे पर रात्रिभोज हेतु रुकता हूं। खाने का मेन्यू सेट है- हाफ दाल, 3 रोटी, 1 प्लेट सलाद, 2 कटोरी सफेद मक्खन ........और आखिर में खीर। लगभग हर रोज एक व्यक्ति मेरी टेबल पर आता है। मैं उसे वही मेन्यू बताता हूं। बीते कुछ दिनों से वह मुझसे पूछने की जहमत भी नहीं करता। मैं बैठता हूं .......सलाद परोस देता है और फिर एक एक कर बाकी सामग्री ले आता है। कल रात मैं ढाबे पर आ कर बैठा। चिरपरिचित बंधु जो हर रोज ऑर्डर लेता था वह कहीं दिखाई ना दिया। मेरी नजरें उसे तालाश रही थी। इतने में एक नौजवान लड़का टेबल पर आया और बोला 'भोला भईया नहीं आए हैं सर। उनका तबियत खराब था।' मुझे नहीं पता था की जिस व्यक्ति को मैं रोज खाने का ऑर्डर देता हूं उसका नाम 'भोला' है। आपका क्या नाम है?' मैंने सामने खड़े नवयुवक से पूछा। 'हमारा नाम आकास है।' उसने फट से जवाब दिया। मुरथल के ढाबों पर अधिकतर कर्मचारी बिहारी हैं। नवयुवक का आका'श' को आका'स' कहना मुझे खला नहीं। लड़का टिप टॉप था। सधी हुई कद काठी। तेल से चुपड़े कंघी किए हुए बाल। सबसे बड़ी बात उसके जूते चमक रहे थे। लग रहा था की पालिश किए गए हैं। मैंने अपना मैन्यू बताने की शुरुआत की ही थी की उसने मेरी बात काटते हुए कहा......पता है सर। हरा सलाद.... दाल .....मक्खन ....रोटी....खीर। मैंने उसकी ओर देखा.....मुस्कुराया .....और कहा..... 'पता है तो ले आईए। भूख के मारे जान निकल रही है।'

वह किचन की ओर चला गया। कुछ ही समय बाद वापिस आया। बोला ..... 'सर। डोंट माइंड। एक बैटर ऑप्शन है।' मैं एक क्षण ....... अवाक रह गया। डोंट माइंड .......बैटर ऑप्शन......मेरे समाने ढाबे का एक वेटर खड़ा था या किसी मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट से एम बी ए मेनेजर खड़ा था। शक्ल देख कर तो लग ना रहा था की ऊन्ने अंग्रेजी का ए भी आता होगा। मैं हतप्रभ था। 'क्या बैटर ऑप्शन है सर।' मैंने व्यंगतामक लहजे में पूछा। लडके ने मेन्यू कार्ड उठाया। बोला ....... 'आप वेज थाली लीजिए सर। इसमें दाल है। दो सब्जी है। पुलाव है। सलाद है अउर मीठा मैं खीर भी है .......और सर ......ये थाली आपको आपका मेन्यू के मुकाबले बीस परसेंट सस्ता पड़ेगा।' लड़का एक सांस में कह गया।

पहले ....... 'डोंट माइंड ......बैटर ऑप्शन' .....यानी अंग्रेजी .....और फिर '20 परसेंट' यानी मैथेमेटिक्स।

अबे कौन है ये लड़का। ध्यान से देखा तो वाकई बिल में बीस परसेंट का अंतर भी था। उम्र के 42 बसंत देख चुका हूं। खत पढ़ लेता हूं मजमू .....लिफाफा खोले बिना। 'क्या करते हो?' मैंने प्रश्नवाचक निगाहों से उससे पूछा। 'यहीं काम करते हैं।' उसने जवाब दिया।

'इसके अलावा क्या करते हो?' मैंने पूछा। यूपीएचसी की तैयारी कर रहे हैं सर। दिन में दिल्ली रहते हैं। ढाबा पर नाइट ड्यूटी करता हूं।' आत्मविश्वास भरी आवाज़ में उसने जवाब दिया। 'बैटर ऑप्शन ले आओ।' मैंने मुस्कुराते हुए कहा। खाना खाया। बिल टेबल पर था और आकाश......नहीं नहीं ..... आका'स' समाने खड़ा था। एक लम्बे अर्से बाद मैंने किसी वेटर को टिप नहीं दी। वह टिप देने लायक व्यक्ति नहीं था। मेरे पास पार्कर का एक पेन था। मैंने उसकी शर्ट की जेब में वह पेन लगा दिया। उसकी आंखों की चमक देखने लायक थी। एक वर्ग है जो बेशक घोर गरीबी में जी रहा है। दाने दाने का मोहताज है। रोज कुआं खोद रोज पानी पी रहा है लेकिन फिर भी अपने लिए बैटर ऑप्शन खोज रहा है। बेहतर विकल्प खोज रहा है। यह वर्ग दिन में किताबों में मुंह दिए सपनों की लड़ाई लड़ रहा है और रात में ढाबे पर खाना परोसता सर्वाइवल की लड़ाई लड़ रहा है। और जीतता भी यही वर्ग है क्योंकि इसके पास हारने को कुछ भी नहीं है और जीतने को पूरी दुनिया। मैं कल रात भविष्य के एक प्रशासनिकअधिकारी को पेन भेंट कर आया हूं। परिस्थिति जितनी भी विकट हो संघर्ष जारी रखना ही 'बैटर ऑप्शन' है।

**ओम पारीक, रावतसर**

# जहरीला पानी पीने से 15 बकरियों की मौत 75 हजार के मुआवजे पर बनी सहमति

तेज. रिपोर्टर | बीकानेर



बीकानेर के महाजन कस्बे के पास नेशनल हाईवे पर यूरिया का जहरीला पानी पीने से 15 बकरियों की मौत हो गई। वहीं 10 की हालत गंभीर बनी हुई है। बकरियां चरते हुए यहां एक यूरिया के पानी से भरे टैंक में पहुंची थी। महाजन के ग्रामीण हनुमान जस्सू ने बताया की राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 62 पर अर्जुनसर से महाजन की तरफ करीब 3 किलोमीटर पर एक सर्विस सेंटर बना हुआ है। जहां पर ट्रकों में यूरिया डालने का काम भी चलता है। इस दौरान ट्रकों से पुरानी यूरिया खुले मैदान में खाली कर दी जाती है। इसके अलावा यूरिया की स्टोरेज के बड़े-बड़े टैंक भी लीक होते रहते हैं। जिसके चलते सर्विस सेंटर के आगे यूरिया का पानी भरा रहता है। शुक्रवार को अर्जुनसर निवासी मुल्तान भाट और उसके परिवार की करीब 100 बकरियां मंगलाराम भाट चरा रहा था। शुक्रवार को दोपहर में बकरियां चरते चरते सर्विस सेंटर के पास पहुंच गई। जहां पर बकरियां ने वह यूरिया का जहरीला पानी पी लिया। जिसमें 15 बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं 10 बकरियां गंभीर हालत में बीमार हो गई। मंगलाराम भाट ने अपने मुल्तान को सूचना दी। सूचना पाकर मुल्तान भाट अपने परिवार जनों सहित गांव के दर्जनों लोग लेकर मौके पर पहुंचा। जहां पर देखा कि 15 बकरियां यूरिया का जहरीला पानी पीने से मर चुकी है वहीं कुछ गंभीर हालत में भी है । जिसको लेकर महाजन पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची। इस दौरान पशु चिकित्सक को भी बुलाया गया। ग्रामीणों ने सर्विस सेंटर के मैनेजर से मुआवजे की मांग की एक बार तो वह आनाकानी करने लगा। मगर बाद में ग्रामीणों के साथ सर्विस सेंटर के मैनेजर अनिल कुमार के साथ वार्ता हुई। जिसमें मृत 15 बकरियां का मुआवजा के रूप में पांच हजार प्रति बकरी के हिसाब से 75 हजार रुपये का मुआवजा देना तय किया गया। इसके बाद ग्रामीणों ने भी जन सहयोग से सहयोग करने का आश्वासन दिया। वार्ता के दौरान कस्बे के हनुमान जस्सू,रामकुमार सारण, विनोद सारस्वत व रघुवीर सिंह शेखावत सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# देसी नस्ल की गाय बनी कौतूहल का विषय

तेज. रिपोर्टर | नोहर



आमतौर पर दुधारू पशु प्रसव के बाद ही दूध देना शुरू करते है। मगर कस्बे क वार्ड 25 में रहने वाले अजीतसिंह सोलंकी के घर एक ऐसी गाय है जो बिना प्रसव के ही पिछ्लें करीब अढ़ाई माह से दूध दे रही है। जोकि कौतुहल का विषय बना हुआ है। इस गाय को देखने के लिय बड़ी संख्या में मोहल्ले वासी व दूरदराज से लोग भी अजीत सिंह सोलंकी के घर पहुंच रहे है। गाय के बारे में अजीत सिंह व उनकी पत्नी मंजू कंवर ने बताया कि यह देशी नस्ल गाय की बछड़ी है और इसका जन्म हमारे यहीं हुआ और अब यह करीब दो वर्ष की हो चुकी है। उनक यहां दो और देशी नस्ल की गाय है। मंजू कंवर ने बताया कि एक सुबह जब वे गायों को देखने पहुंची तो देखा की यह गाय जिसे मंजू कंवर धनो नाम से पुकारती है वह अपना दूध अपने आप ही टपका रही थी। और तो और यह गाय भी अपना नाम सम्बोधन होने पर अठखेलिया करने लग जाती है। इस देशी गाय का दुग्ध एक महीने तक लगातार निकालकर देखा और उसके बाद उपयोग में लेना शुरु किया। अब यह गाय लगातार दूध दे रही है। इस गाय के बारे में जब हमनें स्थानीय पशुपालक एवं पशु चिकित्सा के जानकार दयाराम शीलू से बातचीत कि तो उन्होंने बताया कि ऐसा अधिकतर तब होता है जब किसी गाय में होने हारमॉन्स ज्यादा तेजी से बदलते हैं। लेकिन ऐसा होने के पीछे जो कुछ भी कारण रहें हो पर वार्डवासियों सहित आस-पास के लोगों में कोतुहल जरुर बना हुआ है।

# उत्कृष्ट स्थान पाने वाले छात्रों को किया सम्मानित

तेज. रिपोर्टर | भादरा




माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर द्वारा जारी कक्षा 12वी विज्ञान, कला एवं वाणिज्य वर्ग तथा कक्षा 10 के परीक्षा परिणा में श्री श्याम उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सर्वोत्तम अंक प्राप्त कर जिला स्तर एवं विद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विज्ञान वर्ग में छात्र राहुल पुत्र हीरालाल द्वारा 98 प्रतिशत अंक के साथ भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर अंग्रेजी माध्यम में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने एंव विज्ञान, कषि, कला एवं वाणिज्य वर्ग में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को समारोह में सम्मान स्वरूप साफा पहनाकर, प्रशस्ति-पत्र एंव मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी के साथ श्री श्याम फाउंडेशन क्लासेज के निदेशक मिशांक शर्मा के निर्देशन में छात्र प्रणव सिंह पुत्र शिवराज सिंह का नीट (NEET) परीक्षा में चयन होने पर तथा हर्ष पुत्र विनोद कुमार का जेईई एडवान्स (JEE- Advance) परीक्षा में चयन होने पर समारोह में साफा पहनाकर, प्रशस्ति-पत्र एंव मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। विदित है कि श्री श्याम फाउंडेशन क्लासेज की स्थापना के प्रथम वर्ष में ही उक्त दोनो विद्यार्थियों चयन हुआ है। ज्ञातव्य है कि विज्ञान वर्ग के परीक्षा परिणाम में 30 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक, 90 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक, कला वर्ग में 14 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक, 39 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक, वाणिज्य वर्ग में चार विद्यार्थियो ने 85 प्रतिशत से अधिक, तथा सैकण्डरी परीक्षा में 08 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक, 28 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते क्षेत्र में कक्षा 12 एवं 10 में सर्वोतम परीक्षा परिणाम दिया है। विद्यालय की 108 छात्राए बालिका प्रोत्साहन एवं 48 छात्राए गार्गी पुरस्कार हेतु चयनित हुई है। समारोह के अन्त में विद्यार्थियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से रैली का आयोजन किया गया। जिसमें सभी सम्मानित विद्यार्थियों ने उत्साह एवं उमंग के साथ भाग लेकर शिक्षा के क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने हेतु प्रेरणादायी संदेश दिया। सम्मान समारोह में प्रधानाचार्य अमरनाथ शर्मा, शिवशंकर, रविशंकर, विरेन्द्र कौशिक, मिशांक शर्मा, ओमसिंह, ओमप्रकाश शर्मा एवं विद्यालय स्टॉफ ने उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया तथा प्रधानाचार्य अमरनाथ शर्मा ने विद्यार्थियों की जिला स्तर एवं तहसील स्तर पर सर्वोतम अंक प्राप्त करने पर बधाई एवं शुभकामनाए देते हुए भविष्य में उच्च शिक्षा हेतु उतरोतर प्रगति हेतु उज्वल भविष्य की कामना की।

## 18 जून को एसडीएम कार्यालय का किया जायेगा घेराव

**भादरा।** शनिवार को अखिल भारतीय किसान सभा के आह्वान पर पूर्व विधायक बलवान पूनिया के नेतृत्व में उपखण्ड कार्यालय भादरा के घेराव को लेकर किसान सभा तहसील अध्यक्ष बिनोद धुआं तहसील सचिव रोहतास सोलंकी, जोन प्रभारी राकेश थालोड़, अजय ढिल, सत्यनारायण भांभू, मखनलाल न्यौल, विकास ढिल ने गांव राखी, रामसरा, मुन्दड़ीया बड़ा, जिगासरी छोटी जिगासरी छोटी, डुंगरसिहंपुरा, अलायला, श्योराटाडा, मालकस, पालड़ी, रामबास,छोटा किराड़ा, किराड़ा बड़ा, कलाना, गुंजासरी, ढाणी खोखरान आदि गांवों में जनसंपर्क कर आगामी 18 जून को किसान भवन भादरा पहुंचने की अपील की।

# शेरडा गांव में रात्रि चौपाल का आयोजन



**भादरा।** शुक्रवार की रात्रि जिला कलक्टर के निर्देशानुसार एसडीएम जे पी चंदेलिया द्वारा ग्राम पंचायत शेरडा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम मेहरिया के निवासियों द्वारा गांव में पेयजल की समस्या के बारे में अवगत करवाया गया। मेहरिया में शेरडा हेड-वर्क्स से पेयजल सप्लाई की जाती है। अधिशाषी अभियंता पीएचईडी भादरा के द्वारा बताया गया कि शेरडा में ट्रांसफार्मर की समस्या है। अतः सहायक अभियंता जोविविनिलि को ट्रांसफार्मर बदलने हेतु निर्देशित किया गया तथा मेहरिया में पेयजल की आपूर्ति भी शुरू करवाई गई। ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से संबंधित समस्याओं से अवगत करवाया जिसके बारे में तहसीलदार मोनिका बंसल ने ग्रामीणों को जानकारी दी। ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित पूछताछ की जिसकी जानकारी विकास अधिकारी द्वारा दी गई। ग्रामीणों ने बताया कि हनुमानगढ जिले की दूरस्थ ग्राम पंचायत है और यहां राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की बस नहीं आती है, इस हेतु आगार प्रबंधक राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम हनुमानगढ को लिखा गया है। इसके अतिरिक्त राजस्व. विभाग से संबंधित सामान्य प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनका मौके पर ही निस्तारण किया गया। ग्रामीणों ने खाद्य सुरक्षा, पालनहार योजना आदि से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए जिनका निस्तारण करवाया जा रहा है।

# लालगढ़ से होगी जहर से मुक्ति आंदोलन की शुरुआत

## गंदा पानी, मिलावटी खाद्य पदार्थ और चिट्टे सहित मेडिकल सिंथेटिक नशे के खिलाफ़ जन आंदोलन का आह्वान

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी



जहर से मुक्ति आन्दोलन के अगुवा संयोजक मंडल ने आज पंचायती धर्मशाला में प्रेस कान्फ्रेंस आयोजित कर पंजाब से सतलुज व्यास के रास्ते राजस्थान की तीनों नहर परियोजनाओं में प्रवाहित कैमिकलयुक्त जहरीला पानी की रोकथाम करने, जिले में डेयरी उत्पाद सहित मिलावटी खाद्य वस्तुओं पर अंकुश लगाने व चिट्टा सहित मेडिकल व सिंथेटिक नशे के कारोबार को रोकने की मांग को लेकर जहर से मुक्ति जन आंदोलन का आगाज़ 20 जून को लालगढ़ से करने की घोषणा की। आंदोलन के संयोजक मनिंदरसिंह मान ने कहा कि राजस्थान और पंजाब की जनता काला ज़हर पीकर और बीमार होकर मरने की कगार पर है। नहरों में प्रवाहित गंदे पानी में विद्यमान तत्त्व आर्सेनिक, यूरेनियम, सायनाइड, लेड आदि को ट्रीट करना संभव नहीं है जबकि हमें ट्रीटमेंट प्लांट लगाकर संतुष्ट किया जा रहा है। श्री मान ने कहा कि पंजाब में लुधियाना के नजदीक बुड्ढा नाला कैंसर का सबसे खतरनाक वाहक है। वहां लगे ट्रीटमेंट प्लांट अपनी क्षमता से आधे पानी को ट्रीट कर रहे हैं। शेष पानी को दूसरे रास्ते बाईपास किया जा रहा है आंदोलन के सह संयोजक रविंद्रसिंह तरखान ने कहा कि आजादी के 78 साल बाद भी जनता को पीने का शुद्ध पानी नहीं मिले, इससे बड़ा फेलियर क्या हो सकता है। उन्होंने कहा कि वे हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर जिले के सभी 11 विधायकों से मुलाकात करेंगे। उनसे जुलाई में शुरू होने वाली विधानसभा में पेयजल आपूर्ति के मुद्दे पर सेशन चलाने की मांग करेंगे। उससे पूर्व 5 जुलाई व 20 जुलाई को होने वाली ग्राम सभाओं में तीनों प्रकार के ज़हर के खिलाफ प्रस्ताव पारित करवाएंगे। वहीं जिला परिषद, पंचायत समिति व नगर निकायों से भी प्रस्ताव लिए जाएंगे।श्री तरखान ने एलएनपी व गंगनहर में गंगानगर के सेफ्टी टैंकरों को खाली करने पर आक्रोश व्यक्त किया।उन्होंने जिले में तेजी से पनप रहे नशे पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि चिट्टा युवाओं की जिंदगी लील रहा है। वहीं पुलिस का कार्रवाई बेहद धीमी है। प्रेस कान्फ्रेस में आंदोलन के संयोजक मनिंदरसिंह मान, सह संयोजक रविंद्रसिंह तरखान, सुखवीरसिंह फौजी, रमन रंधावा, गुरलाल बराड़, कामरेड मोहनलाल, शंकरलाल मेघवाल, विजेंद्र स्वामी, सत्येंद्र कौशल, मोहनसिंह बराड़ और शुभम अरोड़ा ने आजाद भारत में ज़हर परोस कर संविधान के अनुच्छेद 21 में दर्ज जीवन जीने के मौलिक अधिकार का हनन करने की बात कही। सुखवीर सिंह फौजी ने कहा कि बेहद चिंताजनक बात है कि लोकसभा व विधानसभा चुनाव में जहरीला पानी राजनीतिक दलों के एजेंडे में नही था।यह जनता का भी मुद्दा नहीं लेकिन हम सरकारों और न्यायपालिका तक अपनी मांगों को लेकर जायेंगे।

# कृषि महाविद्यालय में 9 साल बाद हुआ कैंपस प्लेसमेंट, 6 विद्यार्थियों का हुआ चयन

**श्रीगंगानगर।** स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर के अंतर्गत आने वाले कृषि महाविद्यालय बीकानेर में 9 साल बाद फिर से शुरू हुए कैंपस प्लेसमेंट में 6 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। कुलपति डॉ अरुण कुमार ने बताया कि 17 अप्रैल को करीब एक दशक बाद कृषि महाविद्यालय बीकानेर में फिर से कैंपस प्लेसमेंट की शुरुआत की गई थी। जिसमें कृषि महाविद्यालय बीकानेर और इंस्टीट्यूट ऑफ एग्री बिजनेस मैनेजमेंट(आईएबीएम) के करीब 40 स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया था। घरडा केमिकल्स में कृषि महाविद्यालय के 4 और आईएबीएम के 2 स्टूडेंट्स का चयन मार्केटिंग डवलपमेंट ऑफिसर के पद पर हुआ है। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ पी.के.यादव ने बताया कि कैंपस प्लेसमेंट में घरडा केमिकल्स के क्षेत्रीय प्रबंधक गजेन्द्र सिंह शेखावत, क्षेत्रीय प्रबंधक मार्केटिंग डॉ. एल. के. दाधीच और एरिया सेल्स इंचार्ज अनिल ढाका ने कंपनी प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित रहकर कम्पनी मानकानुसार लिखित परीक्षा, ग्रुप चर्चा एवं इंटरव्यू का आयोजन किया था। कुलपति डॉ. कुमार ने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु निरंतर प्रयासरत है। कैंपस प्लेसमेंट की पहल विद्यार्थियों को उनकी योग्यता, विशेषज्ञता, रुचि एवं कौशल के आधार पर रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाएगी। जो उनके सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है।अनुसंधान निदेशक डॉ. पी. एस. शेखावत ने स्टूडेंट्स के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बताया कि कैम्पस प्लेसमेंट विद्यार्थियों के सुरक्षित भविष्य के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व विकास के लिए सराहनीय प्रयास है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ वीरसिंह ने बताया कि कैंपस प्लेसमेंट के सुखद परिणाम सामने आ रहे हैं।

# भटनेर किंग्स क्लब ने किया रेलवे नेता इश्पाक खान का अभिनंदन

**» रेलवे यूनियन के मंडल मंत्री इश्पाक खान ने और बेहतर सेवा करने का दिया भरोसा**



तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

भटनेर किंग्स क्लब की ओर से शनिवार को उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ के नवनिर्वाचित मंडल मंत्री इश्पाक खान का अभिनंदन किया गया। जंक्शन स्थित बेबी हैप्पी मॉडर्न पीजी कॉलेज में हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष तरुण विजय ने की। भटनेर किंग्स क्लब के अध्यक्ष कुलभूषण जिंदल और संरक्षक आशीष विजय ने नवनिर्वाचित मंडल मंत्री इश्पाक खान का अभिनंदन किया। उत्तर पश्चिम रेलवे मजूदर संघ के बीकानेर मंडल मंत्री इश्पाक खान ने कहा कि कर्मचारी हितों को लेकर संघर्ष करना हमारा ध्येय है। पिछले 13 वर्षों से कर्मचारियों ने मुझे यह जिम्मेदारी सौंप रखी है। हमारी कोशिश की है कि अपनी जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करें। इसमें कितना सफल हो पाए, यह तो कर्मचारी ही बताएंगे लेकिन इतना तय है कि हम अपने प्रयासों में कभी न पीछे थे, न हैं और न ही रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष तरुण विजय ने कहा कि इश्पाक खान न सिर्फ कर्मचारी हितों को लेकर संघर्ष करते दिखाई पड़ते हैं बल्कि आम जन को रेल सुविधाओं का लाभ मिले, इसके लिए भी प्रयासरत रहते हैं। इसलिए इश्पाक खान सिर्फ कर्मचारियों के नहीं बल्कि आम जन के दिल में बसते हैं। भटनेर किंग्स क्लब के अध्यक्ष कुलभूषण जिंदल ने कहा कि इश्पाक खान हरदिल अजीज हैं। ऐसी शख्सियतों का सम्मान करते हुए खुद ही गौरव का अहसास होता है। भटनेर किंग्स क्लब के संरक्षक आशीष विजय ने कहा कि भटनेर किंग्स क्लब समाज के हित में विशेष योगदान देने वालों का हमेशा ऋणी है। ऐसे व्यक्तित्व का सम्मान करना अपना दायित्व समझता है। इश्पाक खान जैसे संघर्षशील, जूझारू और ईमानदार प्रतिनिधि को सम्मानित करने का मतलब है कि आप समाज को बेहतर काम करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। यही सोच के साथ यह कार्यक्रम रखा गया है। उम्मीद है, दूसरे प्रतिनिधि भी इनसे प्रेरणा लेंगे। इस मौके पर संगठन हनुमानगढ़ अध्यक्ष सुरेश यादव, भटनेर किंग्स क्लब कोषाध्यक्ष दारासिंह, लक्की सिंधी, विशाल मुदगिल, सोनू गजरा, परमानंद सैनी, विशाल पारीक, रौनक विजय, राजकुमार महला, कमलदीप सिंह, राजकुमार अरोड़ा, मुकेश शर्मा, रितेश गर्ग, कपिल सैन, भागीरथ भाटी, प्रभुदयाल, कपिल मोंगा, सुरेश महला, रामस्वरूप भाटी, मुकेश चौधरी, अनिल चोपड़ा, मनोज मीना, अजय सहारण, कपिल सहारण, सतनाम सिंह, एडवोकेट गणेश गिल्होत्रा, हरि चारण आदि मौजूद थे।

# दो करोड़ रुपए कीमत की 400 ग्राम हेरोइन सहित हरियाणा राज्य के 3 कुख्यात तस्कर गिरफ्तार

**» लग्जरी वाहन एक्सयूवी व 1 लाख 7500 रुपए की बिक्री राशि जब्त**

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



पीलीबंगा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लग्जरी वाहन एक्सयूवी सवार हरियाणा राज्य के 3 कुख्यात तस्करों के कब्जे से 400 ग्राम हेरोइन बरामद की है। तस्करों के पास से 1 लाख 7500 रुपए की बिक्री राशि भी बरामद हुई। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय अनुमानित कीमत करीब दो करोड़ रुपए आंकी गई है। इस कार्रवाई को नाकाबंदी के दौरान शुक्रवार देर रात अंजाम दिया गया। एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस आगामी अनुसंधान में जुटी है। पीलीबंगा पुलिस थाना प्रभारी भूपसिंह सहारण ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में मादक पदार्थों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान की निरंतरता में शुक्रवार-शनिवार मध्यरात्रि को थाना की एसआई सुमन के नेतृत्व में गठित टीम गोलूवाला तिराहा पर नाकाबंदी कर रही थी। नाकाबंदी के दौरान पुलिस टीम ने हनुमानगढ़ की तरफ से आ रहे लग्जरी वाहन महिन्द्रा एक्सयूवी नम्बर एचआर 26 सीएल 5587 को रुकवाया तो उसमें तीन जने सवार थे। तलाशी ली तो 400 ग्राम हेरोइन व 1 लाख 7 हजार 500 रुपयों की बिक्री राशि बरामद हुई। इस पर गाड़ी में सवार जग्गासिंह (36) पुत्र रामसिंह रायसिख, गुरविन्द्र सिंह (25) पुत्र जगदीप सिंह रामगढ़िया व सन्दीप घिंटाला (26) पुत्र मनीराम जाट निवासी बणी पीएस रानिया जिला सिरसा हरियाणा को गिरफ्तार कर गाड़ी जब्त की। एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान थाना प्रभारी भूपसिंह सहारण की ओर से शुरू किया गया। थाना प्रभारी भूपसिंह सहारण ने बताया कि गिरफ्तार जग्गासिंह व सन्दीप घिंटाला आला दर्जे के हेरोइन तस्कर हैं। दोनों का नेटवर्क पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली व अन्य राज्यों में फैला हुआ है। दोनों तस्करों ने हेरोईन की तस्करी अन्य राज्यों में करना स्वीकार किया है। उन्होंने बताया कि जग्गासिंह का आपराधिक रिकॉर्ड खंगाला तो पता चला कि उसके खिलाफ सिरसा जिले के रानिया पुलिस थाना, सिरसा के सिविल लाइन पुलिस थाना में एनडीपीएस, मारपीट, एक्साइज एक्ट वगैरा के दस मुकदमे दर्ज हैं। वहीं सन्दीप घिंटाला के खिलाफ रानिया पुलिस थाना, ऐलनाबाद पुलिस थाना में एनडीपीएस एक्ट के छह मुकदमे दर्ज हैं। इनसे गहनता से अनुसंधान जारी है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में एसआई सुमन, हैड कांस्टेबल राकेश मीणा, कांस्टेबल रमेश कुमार, सन्दीप व रविदर्शन शामिल रहे।

## बस-बाइक की भिड़ंत, एक युवक की मौत, दूसरा घायल

**तेज रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** चूना फाटक के पास बस और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक चोटें लगने से घायल हो गए। इनमें से एक ने जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया जबकि दूसरा उपचाराधीन है। जंक्शन पुलिस थाना में बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस के अनुसार गुलशन कुमार (27) पुत्र नरेश कुमार निवासी पुरानी आबादी, वार्ड 6, श्यामनगर, श्रीगंगानगर हाल किराएदार वार्ड 6, गांव नवां ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि उसका चचेरा भाई खुशीराम पुत्र ओमप्रकाश निवासी वार्ड 2, 21 एमडी घड़साना जिला श्रीगंगानगर हाल निवासी नवां शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे बाइक नम्बर आरजे 13 एसयू 7485 पर अपने दोस्त संदीप के साथ जा रहा था। जैसे ही वे चूना फाटक के पास पहुंचे तो सामने से बस नम्बर आरजे 13 पीए 6065 का चालक बस को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर लाया व सामने से बाइक में टक्कर मारी। टक्कर लगने से बाइक पर सवार उसके चचेरे भाई खुशीराम के गम्भीर चोटें लगी। संदीप के भी चोटें लगी। इन दोनों को एम्बुलेंस 108 के जरिए टाउन के राजकीय जिला चिकित्सालय ले जाया गया। इलाज के दौरान खुशीराम की मृत्यु हो गई जबकि संदीप का इलाज चल रहा है। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मोर्चरी कक्ष में रखा मृतक खुशीराम का शव पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। तफ्तीश हैड कांस्टेबल राजकुमार कर रहे हैं।

## दुकान के पीछे व घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**» टाउन व संगरिया पुलिस थाना क्षेत्रों में हुई वारदात**

**हनुमानगढ़।** टाउन की नई धानमंडी में दुकान के पीछे व संगरिया में घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। इस संबंध में दोनों पुलिस थानों में अज्ञात जनों के खिलाफ मुकदमे दर्ज हुए हैं। टाउन थाना पुलिस के अनुसार कपिल गर्ग (32) पुत्र मोहनलाल अग्रवाल निवासी दुकान नम्बर 85 ए, नई धान मण्डी, टाउन ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि उसने एक जून को दोपहर करीब 12 बजे अपनी बाइक नम्बर आरजे 31 एसपी 5566 दुकान के पीछे खड़ी की थी। दोपहर करीब 1 बजे सम्भाली तो बाइक वहां पर नहीं थी। कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी बाइक चोरी कर ले गया। उसने आसपास में चोर को तलाश किया पर कोई पता नहीं चला। पुलिस ने अज्ञात जने के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान हैड कांस्टेबल रामप्रसाद के सुपुर्द किया है। उधर, आत्माराम (63) पुत्र बलासराम अग्रवाल निवासी वार्ड सात, संगरिया ने संगरिया पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज करवाया कि उसने शुक्रवार को अपने घर के बाहर बाइक नम्बर आरजे 31 एसडी 8015 खड़ी की थी। कुछ देर बाद वह घर से बाहर आया तो बाइक नहीं मिली। कोई अज्ञात व्यक्ति बाहर चुराकर ले गया।

## जीप की टक्कर से चिकित्सक की कार क्षतिग्रस्त

**हनुमानगढ़।** पीलीबंगा थाना क्षेत्र में जीप की टक्कर लगने से निजी चिकित्सक की कार क्षतिग्रस्त हो गई। गनिमत रही कि कार में सवार चिकित्सक के खरोंच तक नहीं आई। दुर्घटना के संबंध में निजी चिकित्सक की ओर से पीलीबंगा पुलिस थाना में जीप चालक के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस के अनुसार डॉ. सुशील आसेरी (58) पुत्र जगदीश चन्द्र जीनगर निवासी वार्ड 7, मण्डी पीलीबंगा हाल किराएदार आनन्द विहार फर्स्ट कॉलोनी मण्डी पीलीबंगा ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि वह 11 जून को सुबह 10.30 बजे घर से कार लेकर हॉस्पिटल के लिए रवाना हुआ। वीएम पब्लिक स्कूल के पास पहुंचा तो अत्यधिक गति से आ रही जीप उसकी कार आरजे 31 सीसी 5293 से टकरा गई। इससे कार का काफी नुकसान हो गया। जीप धर्मेंद्र सिंह पुत्र जगसीर सिंह निवासी रमाणा चक चला रहा था। पुलिस ने जीप चालक के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान हैड कांस्टेबल राकेश मीणा के सुपुर्द किया है।

# चोरी की वारदात अंजाम देने वाले अंतरराज्यीय गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार

**» जंक्शन की नई खुंजा में चोरी की वारदात का खुलासा**

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

जंक्शन थाना पुलिस ने जंक्शन की नई खुंजा में दिनदहाड़े सूने मकान में हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए अंतरराज्यीय गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। सांसी गैंग से जुड़े अंतरराज्यीय चोर गिरोह के सदस्य दिन के समय बंद मकानों में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं। पकड़े गए आरोपियों में एक गैंग का सरगना है। जांच अधिकारी एएसआई शिवनारायण ने बताया कि तीन फरवरी को लियाकत (45) पुत्र लाल खां निवासी वार्ड 4, नई खुंजा, जंक्शन ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया था कि उसका व उसके बड़े भाई आमीन खान का मकान आगे-पीछे है। उसका मकान बाइपास की तरफ खुलता है। 30 जनवरी की दोपहर करीब 12.45 बजे दोनों परिवार बाजार में खरीदारी करने गए हुए थे व घर पर ताले लगे थे। वह दोपहर करीब 2 बजे बैंक की कॉपी लेने अपने घर पहुंचा व ताला खोलकर गेट खोलने लगा तो गेट अन्दर से बंद था। इस पर शक हुआ कि कोई व्यक्ति अन्दर है। उसने अपने भांजे इमरान को बुलाया व दीवार से उसको अन्दर भेजा व गेट खुलवाया। जब वे अन्दर गए तो लॉबी व कमरे के ताले टूटे हुए व सामान बिखरा पड़ा था। पेटियों के दोनों ताले टूटे हुए थे। उसने इसकी सूचना अपने भाई आमीन खान को फोन पर दी तो वह मौके पर पहुंचा। उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौका मुआयना करने आई। उन्होंने सामान संभाला तो सोने-चांदी के जेवरात, सवा तीन तौले के सोने के जेवर जिसमें हार, दो अंगूठी, कान पता एवं चांदी के जेवर जिसमें 18 तौला की एक जोड़ी पायजेब, 7 तौला की एक पायजेब, 11 तौला की एक पायजेब व करीब 1 लाख 13 हजार रुपए की नकदी गायब थी। कोई अज्ञात व्यक्ति उसके मकान के साथ लगती नोहरे की दीवार से घर में घुसकर जेवरात व नकदी चोरी कर ले गया। जांच अधिकारी के अनुसार अज्ञात जने के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू की। अनुसंधान के दौरान टाउन थाना पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में हुई चोरी के मामले में गत दिनों सन्नी (22) पुत्र सेवकराम व साजन उर्फ विक्की (27) पुत्र हरपाल निवासी ट्रक यूनियन के पीछे संगरूर रोड कस्बा दिड़बा जिला संगरूर पंजाब को गिरफ्तार किया। इन दोनों ने पूछताछ में जंक्शन की नई खुंजा में भी चोरी की वारदात करना स्वीकारा। टाउन पुलिस ने दोनों को कोर्ट के आदेश पर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भिजवा दिया। अब नई खुंजा में लियाकत के घर में हुई चोरी के मामले में सन्नी व विक्की उर्फ साजन को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर हासिल कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने सोने-चांदी के जेवरात चोरी करना स्वीकार नहीं किया। साथ ही बताया कि उन्होंने घर से 13 हजार रुपए चोरी किए थे जो वे नशे की पूर्ति के लिए खर्च कर दिए। जांच अधिकारी के अनुसार यह दोनों आरोपी अंतरराज्यीय गैंग के सदस्य हैं जो बाइक पर सवार होकर फैरी का बहाना बनाकर दिन में गांवों में घूमते और बंद ताला लगे मकान में दीवार कूदकर घरों में चोरी की वारदात करते। इनके खिलाफ पूर्व में भी चोरी व नकबजनी के कई प्रकरण पंजाब व हरियाणा में दर्ज हैं। आरोपियों ने पूछताछ में चोरी की कई वारदातें करना स्वीकार किया है। दोनों आरोपियों को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भिजवा दिया।

# कालीबंगा संग्रहालय का किया भ्रमण




तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड के तत्वावधान में जंक्शन के सरस्वती कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में चल रहे कौशल विकास प्रशिक्षण एवं अभिरूचि शिविर में हिस्सा ले रही छात्राओं को शनिवार को पर्यावरण जनचेतना के लिए शैक्षिक भ्रमण करवाया गया। भ्रमण दल के वाहन को नेहरू युवा केन्द्र की जिला युवा अधिकारी रीना केसरिया व सीओ स्काउट भारत भूषण ने हरी झण्डी दिखाकर रवानगी दी। अतिथियों ने मौजूद अभिभावकों व बच्चों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए जन समुदाय को जागरूक करने का आह्वान किया। भ्रमण रैली शहीद भगतसिंह चौक, कोहला नर्सरी, सहजीपुरा होते हुए कालीबंगा संग्रहालय पहुंची। करणीसर सहजीपुरा में शारीरिक शिक्षक जगजीत सिंह ने भ्रमण दल का स्वागत किया। शैक्षिक भ्रमण प्रभारी केवल कृष्ण गिल्होत्रा ने सभी संभागियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक होने व कालीबंगा संग्रहालय के महत्व के बारे में बताया। शैक्षिक भ्रमण के दौरान स्काउटर धनराज लोहिया, गाइड रत्ना, तरुणा, पवन बजाज, यासीन खान साथ रहे। ज्ञातव्य है कि सरस्वती कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में अभिरूचि शिविर 17 मई से चल रहा है। शिविर का समापन 22 जून को होगा।

# हनीट्रैप में फंसाने वाली गैंग के खिलाफ एक और मुकदमा दर्ज

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

हनीट्रैप में फंसाकर रुपए ऐंठने वाले गिरोह का भंडाफोड होने के बाद इस गिरोह के सदस्यों के खिलाफ जंक्शन पुलिस थाना में एक और मुकदमा दर्ज हुआ है। अब पीलीबंगा तहसील के गांव लखासर निवासी एक युवक ने गिरोह के चार सदस्यों के खिलाफ नामजद व एक अन्य के खिलाफ झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर दो लाख पचास हजार रुपए ऐंठने के आरोप में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार अरविन्द कुमार (38) पुत्र सतपाल बिश्नोई निवासी लखासर तहसील पीलीबंगा ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि वह हनुमानगढ़ के पास से जाने वाले एक्सप्रेस हाइवे के आसपास बिजली फिटिंग का कार्य करता है। इसलिए उसे हनुमानगढ़ जंक्शन व टाउन में बिजली फिटिंग व टेंट की दुकान करने के लिए किराए पर किसी मकान की आवश्यकता थी। इस दौरान उसने कुछ लोगों से पता किया था। 15-16 मई को उसके पास सुमित्रा उर्फ सपना निवासी सुरेशिया नामक महिला का फोन आया। सुमित्रा ने कहा कि वह उसे हनुमानगढ़ जंक्शन की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में कम किराए पर मकान दिलवा देगी। 31 मई को वह सुबह करीब 10 बजे जब वह गोलूवाला से आगे जोड़कियां गांव में था तब सुमित्रा का फोन गया व कहा कि आज वह डीटीओ ऑफिस के पीछे न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में आई हुई है। वह आकर मकान देख ले। इस पर वह बाइक पर न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में पहुंचा तो वहां पर सुमित्रा मिल गई। सुमित्रा उसे न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में तीसरी मंजिल पर बने फ्लैट में ले गई। इसी दौरान उसने किसी को फोन किया। फोन करने के 1-2 मिनट बाद ही सुमित्रा उर्फ सपना ने एकदम अपने कपड़े खोल लिए व जोर-जोर से चिल्लाने लगी कि इसने मेरी इज्जत लूट ली। वह कुछ सोच पाता उससे पहले ही वहां फ्लैट में दो जवान उम्र के लड़के आए व उसकी फोटो खींची। दोनों लड़के कहने लगे उसने उनकी बहन सुमित्रा की इज्जत लूटी है। वे उसके खिलाफ थाना में बलात्कार का मुकदमा दर्ज करवाएंगे। यह कहते हुए उन्होंने किसी अन्य व्यक्ति को फोन किया। इसके कुछ समय बाद फ्लैट में राजेश जांदू नामक व्यक्ति आया व कहने लगा कि यह सुमित्रा उर्फ सपना उसकी बहन है। उसने उसकी बहन की इज्जत क्यों लूटी। दोनों लड़कों ने उसके साथ मारपीट की। जेब से पांच हजार रुपए छीन लिए तथा मुकदमा दर्ज करवा जेल भिजवाने की धमकी दी। जब उसने कहा कि उस पर झूठा आरोप लगाया जा रहा है तो इन लोगों ने कहा कि उन्होंने उसके जैसे कई लोगों को इसी प्रकार फंसाया है। अगर उसे बचना है उनकी बात माननी होगी व रुपए देने होंगे। अन्यथा बलात्कार का झूठ मुकदमा दर्ज करवा देंगे। राजेश जांदू उसे अपनी कार में बैठाकर सुरेशिया पुलिस चौकी के बाहर ले गया। इस पर वह घबरा गया व राजीनामा करने के लिए मिन्नतें की। तभी वहां प्रेम बलिहारा निवासी सतीपुरा आया व कहा कि उसकी पुलिस से अच्छी जान-पहचान है। वह उसका मामला सुलटा देगा। राजेश जांदू निवासी धींगतानिया, प्रेम बलिहारा, सुमित्रा उर्फ सपना के कहने पर मौके पर सोनू कुमार उर्फ साहिद खान निवासी हनुमानगढ़ व एक अन्य लड़का आए। बलात्कार का झूठा मुकदमा दर्ज करवा जेल भिजवाने की धमकी देकर पांच लाख रुपयों की मांग की। उसने किसी तरह ढाई लाख रुपए में राजीनामा किया। इसके बाद उसने अपने भाई को फोन कर ढाई लाख रुपए लेकर आने को कहा। ढाई लाख रुपए देने के बाद रात्रि करीब 11 बजे इन लोगों ने उसे छोड़ा। अरविन्द कुमार के अनुसार उसे अब पता चला है कि सुमित्रा उर्फ सपना पत्नी मंगतराम शेखावत निवासी वार्ड 20, सादुलशहर, सोनू कुमार उर्फ सोहिद खान, राजेश जांदू उर्फ पिन्टू निवासी धींगतानिया व प्रेमपाल बलिहारा निवासी सतीपुरा व एक अन्य ने हनीट्रैप में फंसाकर ढाई लाख रुपए ऐंठे हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच एएसआई कृष्णलाल बिश्नोई को सौंपी है।

# अनियमितताओं पर जिले के 12 मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस निलंबित

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

जिले में 12 मेडिकल स्टोर्स के निरीक्षण दौरान मिली अनियमितताओं पर उनके ड्रग लाइसेंस निलम्बित किए गए है। खुदरा लाइसेंसी फर्मो के फार्मासिस्टों विरेन्द्र कुमार संख्या 36707, कृष्ण कुमार संख्या 38405, ओमप्रकाश संख्या 43722, विनोद लाल ठक्कर संख्या 9637, मनीष कुमार संख्या 72617, संदीप यादव संख्या 49143, प्रदीप कुमार शर्मा संख्या 11689, जय शंकर सोनी संख्या 32193 के विरूद्ध कार्यवाही हेतु राजस्थान फार्मेसी काउसिंल को भी प्रकरण भेजे गए है। लाइसेंसिंग ऑथोरिटी एवं सहायक औषधि नियंत्रक अशोक कुमार मित्तल ने बताया कि भादरा के वार्ड नंबर 2 स्थित सिद्धी मेडिकोज, कलाना स्थित शिव मेडिकल स्टोर, भुकरका स्थित आदर्श मेडिकल स्टोर, भिरानी के वार्ड नंबर 6 स्थित जांगड़ा मेडिकल स्टोर, हनुमानगढ़ के मुंडा स्थित अमित मेडिकल स्टोर, टिब्बी के बसीर स्थित जय कृष्णा मेडिकल एंड जनरल स्टोर, नेठराना के वार्ड नंबर 10 स्थित बीआर मेडिकल स्टोर, जंक्शन के सूरतगढ़ रोड स्थित न्यू सतगुरु मेडिकोज, पीलीबंगा के वार्ड नंबर 3 स्थित रिलायंस रिटेल लिमिटेड, पल्लू स्थित महादेव मेडिकोज, हनुमानगढ़ टाउन के सृष्टि मेडिकोज, नोहर के बिहानी धर्मशाला के नजदीक स्थित कस्वां मेडिकोज के ड्रग लाइसेंस 2 दिवस की अवधि से लेकर 15 दिवस की अवधि तक के लिए निलंबित किए गए हैं।

# वाशिंग लाइन बनने से शुरू होंगी पांच नई ट्रेनें

**तेज रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ बीकानेर मंडल के लगातार चौथी बार मंडल मंत्री बने हनुमानगढ़ निवासी इश्पाक खान ने बताया कि उनका संघ ट्रेड यूनियन मूवमेंट चलाता है। कर्मचारी के हितों के लिए संघर्ष करना ही संघ का प्रथम उद्देश्य होता है। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय पर वाशिंग लाइन बन रही है। वाशिंग लाइन बनने के बाद रणकपुर गाड़ी, दादर, हावड़ा सुपरफास्ट, किसान एक्सप्रेस को यहां से चलाए जाने की संभावना है। इसके अलावा हावड़ा साप्ताहिक भी हनुमानगढ़ वाशिंग लाइन से चलेगी। इस कारण करीब सवा-डेढ़ सौ का स्टाफ बढ़ जाएगा। 10 से 15 टीटी बढ़ जाएंगे। यानि 20 साल पहले जो कैरेज व वैगन यहां से समाप्त किया गया था वह फिर से शुरू हो जाएगा। वाशिंग लाइन बनने के बाद उक्त पांच ट्रेनें बढ़ने से यात्री सुविधाओं में विस्तार होगा। बेबी हैप्पी एजुकेशन ग्रुप के डायरेक्टर तरुण विजय ने कहा कि बीकानेर मंडल के 11 हजार से अधिक सदस्यों ने सर्वसम्मति से इश्पाक खान को लगातार चौथी बार उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ बीकानेर मंडल के मंडल मंत्री चुना है। यह बड़ी खुशी की बात है। कर्मचारियों के हितों के लिए की जा रही लड़ाई के कारण ही उन्हें इस पद की जिम्मेदारी लगातार सौंपी जा रही है। इनके प्रयासों से ही आज हनुमानगढ़ जंक्शन रेलवे स्टेशन का नक्शा बदल रहा है। उम्मीद है कि भविष्य में भी क्षेत्र के रेल यात्रियों को और अधिक सुविधाएं मिलेंगी। प्रेस वार्ता में भटनेर किंग्स क्लब संरक्षक आशीष विजय, अध्यक्ष कुलभूषण जिंदल, कोषाध्यक्ष दारासिंह, विशाल मुद्गिल आदि मौजूद रहे।

## शैना बजाज को मिली पीएचडी की उपाधि



**तेज रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** हनुमानगढ़ टाउन निवासी डॉ. केवल कृष्ण गुम्बर की पुत्रवधू श्रीमती शैना बजाज गुम्बर धर्मपत्नी आशीष गुम्बर ने पीएचडी की उपाधि विएम-प्रबंधन में टांटिया यूनिवर्सिटी श्रीगंगानगर से हासिल की। उन्होंने बतायाकि शोध कार्य डॉ. विनय कुमार की गाईड लाईन में शुगर मिल्स में मानव संसाधन प्रबंधन पद्धतियों का एक अध्ययन पंजाब राज्य के विशेष संदर्भ में अध्ययन किया।


शोक-सन्देश



बड़े दुःखी हृदय के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूजनीया माताजी

**श्रीमति रेवन्ती देवी**

पत्नी स्व. श्री हेतराम सहारण का स्वर्गवास दिनांक 9.6.2024 को हो गया है। इनका द्वादशा दिनांक 19.6.2024 को होगा।

नोट: ऊढावणी एवं अन्य नकदी लेनदेन प्रतिबंधित है।

शोकाकुल: श्रीमति मन्जु चौधरी-अमीलाल सहारण (उपरजिस्ट्रार सहकारिता), श्रीमति गीता-राकेश कुमार सहारण (व्यवस्थापक न्यौलखी), श्रीमति पुष्पा-स्व. श्री राजेन्द्र कुमार सहारण (पुत्र-पुत्रवधू), मोहित, सुनील कुमार, अनिल एवं निखिल सहारण एवं समस्त सहारण परिवार।

निवास: स्थान 43 कचहरी रोड़, पुलिस थाना के सामने, सेक्टर 9/1 हनुमानगढ़ जं.

Reg. No. 8144

**P.C. क्लिनिक**

**Hi-Tech Homeopathic Unit**

बिना ऑप्रेशन के ईलाज

बवासीर, भगन्दर, फीसर त्वचा रोग एवं पुराना रोग

हर रविवार को सुबह 11 से 2 बजे फ्री चैकअप

Dr. Mukul Sarkar BHMS, B.Sc

सम्राट होटल के पीछे, श्रीगंगानगर रोड, हनुमानगढ़ जंक्शन

मो. 85030-03303



**न्यू नेशनल ड्राईक्लीनर्स**

106, भगतसिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन

मो. 90905-03210

यहां पर साड़ी चरक की जाती है।

दीपक सैनी | मो. 82339-47047

श्रीगंगानगर वाले

**रेवाड़ी बर्फी स्वीट्स**

रेवाड़ी वालों की सुप्रसिद्ध बर्फी



दुकान नं. 05, शॉपिंग सैंटर

बस स्टैण्ड से भगत सिंह चौक रोड़, हनुमानगढ़ जंक्शन


स्वामी दैनिक तेज के लिए प्रकाशक व मुद्रक देवेन्द्र शर्मा द्वारा नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन से प्रकाशित एवं शर्मा प्रिन्टिग प्रेस नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन (राजस्थान) से मुद्रित। सम्पादक देवेन्द्र शर्मा। आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026, पोस्ट बॉक्स नं-26 फोन : 269443, 9414095543, फैक्स : 01552-268442